RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 10 अंक 93
नई दिल्ली, मंगलवार, 8 फरवरी, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



मैं भाग्यशाली हूं कि लोग मेरे काम को पसंद करते हैं

विविध-11

# टुकड़े-टुकड़े गैंग की लीडर बन गई है कांग्रेस: मोदी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

## ● राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव की चर्चा में मोदी का विपक्ष पर हमला

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए सोमवार को कहा कि विभाजनकारी मानसिकता एवं फूट डालो, राज करो की नीति अपनाकर विपक्षी पार्टी टुकड़े टुकड़े गैंग की लीडर बन गई है। कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि विपक्षी पार्टी को दशकों से अनेक राज्यों की जनता नकार चुकी है लेकिन उसका अहंकार नहीं जाता और वह अब भी अंध विरोध में लगी है। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि उसने (कांग्रेस ने) मन बना लिया है कि उसे 100 साल तक सत्ता में नहीं आना है। कोरोना महामारी का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि इस कोरोना काल में तो कांग्रेस ने हद कर दी।

पहली लहर के दौरान देश जब लॉकडाउन का पालन कर रहा था, जब विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) दुनिया भर को सलाह देता था, सारे स्वास्थ्य विशेषज्ञ कह रहे थे कि जो जहां है वहीं पर रुके। तब कांग्रेस के लोगों ने मुंबई के रेलवे स्टेशनों पर श्रमिकों को जाने के लिए मुफ्त टिकट दिया, लोगों को जाने के लिए प्रेरित किया। कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए उन्होंने कहा, आपने बड़ा पाप किया है। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का लोकसभा में जवाब देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, कोरोना काल के बाद दुनिया एक नई व्यवस्था की तरफ बहुत तेजी से आगे बढ़ रही है। भारत को इस अवसर को गंवाना नहीं चाहिए। मोदी ने लगभग 100 मिनट के अपने भाषण में कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के बाद देश जब आजादी के 100 साल मनाएगा, तब तक हम पूरे सामर्थ्य से, पूरी शक्ति एवं पूरे संकल्प से देश को उच्चतम स्तर पर लेकर पहुंचेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज विभाजनकारी मानसिकता कांग्रेस के डीएनए में घुस गई है और कांग्रेस की नीति बांटो और राज करो की बन गई है। उन्होंने कहा, अंग्रेज चले गए लेकिन बांटो और राज करो की नीति को कांग्रेस ने अपना चरित्र बना लिया है। इसलिए ही आज कांग्रेस टुकड़े टुकड़े गैंग की लीडर बन गई है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की सत्ता में आने की इच्छा खत्म हो चुकी है, उसे लगता है कि जब कुछ मिलने वाला नहीं है तो कम से कम बिगाड़ दो... कांग्रेस आज इसी दर्शन पर चल रही है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, हम सब संस्कार से, व्यवहार से लोकतंत्र के लिए प्रतिबद्ध लोग हैं और आज से नहीं, सदियों से हैं। आलोचना जीवंत



लोकसभा में राष्ट्रपति के धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

लोकतंत्र का आभूषण है, लेकिन अंध विरोध लोकतंत्र का अनादर है। विपक्ष पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा, दुर्भाग्य यह है कि आपमें से बहुत से लोग ऐसे हैं जिनका कांटा 2014 में अटका हुआ है और उससे वो बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। उसका नतीजा भी आपको भुगतना पड़ा है। उन्होंने कहा, देश की जनता आपको पहचान गई है, कुछ लोग पहले पहचान गए, कुछ लोग अब पहचान रहे हैं और कुछ लोग आने वाले समय में पहचानने वाले हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह अच्छा होता कि सबका प्रयास के तहत देश ने जो कुछ हासिल किया है, उसे खुले मन से स्वीकार किया गया होता। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के एक बयान के संदर्भ में मोदी ने कहा कि आज राष्ट्र पूरी एकजुटता और ताकत के साथ खड़ा है और जब हमारे सीडीएस जनरल बिपिन रावत का हेलीकॉप्टर हादसे में अकस्मात निधन हुआ और जब उनका पार्थिव शरीर तमिलनाडु में हवाई अड्डे पर ले जाने के लिए रास्ते से गुजर रहा था तो तमिल भाई और बहनों ने लाखों की संख्या में घंटो तक कतार में सड़क पर खड़े होकर वीर वणक्कम का उद्घोष किया था।

गौरतलब है कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर परोक्ष निशाना साधते हुए कहा था कि देश को शहंशाह की तरह चलाने की कोशिश हो रही है तथा इस सरकार की नीतियों के चलते आज देश आंतरिक एवं बाहरी मोर्चों पर बड़े खतरे का सामना कर रहा है। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया था, सबसे महत्वपूर्ण है कि अब दो भारत हैं जिसमें एक अमीरों का हिंदुस्तान है, दूसरा हिंदुस्तान गरीबों के लिए है और इनमें खाई बढ़ती जा रही है। राहुल ने मेक इन इंडिया , तमिलनाडु जैसे राज्यों में भाजपा एवं उसकी विचारधारा की स्वीकार्यता जैसे मुद्दों को भी उठाते हुए सत्तारूढ़ पार्टी पर निशाना साधा था। प्रधानमंत्री मोदी ने इस पर पलटवार करते हुए कहा कि नगालैंड के लोगों ने आखिरी बार 1998 में कांग्रेस को जिताने के लिए वोट किया था जिसे करीब 24 साल हो गए....ओडिशा ने 1995 में कांग्रेस को जिताने के लिए वोट किया था और तब से 27 साल में विपक्षी पार्टी को राज्य में प्रवेश नहीं मिला। उन्होंने कहा कि गोवा में 1994 में पूर्ण बहुमत के साथ आप (कांग्रेस) जीते थे और 28 साल से गोवा ने आपको स्वीकार नहीं किया। मोदी ने कहा कि उत्तर प्रदेश, गुजरात और बिहार की जनता ने आखिरी बार 1985 में करीब 37 साल पहले कांग्रेस को सत्ता में लाने के लिए वोट किया था, वहीं पश्चिम बंगाल के लोगों ने करीब 50 साल पहले 1972 में विपक्षी दल को पसंद किया था। जब कांग्रेस के सदस्यों ने प्रधानमंत्री की इन टिप्पणियों पर आपत्ति जताना शुरू किया तो उन्होंने कहा, देश का बड़ा दुर्भाग्य है कि सदन जैसी पवित्र जगह, जो देश के लिए काम आनी चाहिए, उसे दल के लिए काम में लेने का प्रयास हो रहा है। इसलिए हमें जवाब देना पड़ रहा है। कांग्रेस पर प्रहार जारी रखते हुए उन्होंने कहा, कभी-कभी मुझे विचार आता है कि जिस प्रकार से आप बोलते हैं, जिस प्रकार से आप मुद्दों को जोड़ते हैं तो ऐसा लगता है कि आपने मन बना लिया है कि आपको 100 साल तक सत्ता में नहीं आना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने गरीबी हटाओ नारे के कारण कई चुनाव जीते लेकिन ऐसा करने में असफल रहे। मोदी ने कहा कि देश के गरीबों ने अब उन्हें वोट दिया और उनकी सरकार गरीबों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। कांग्रेस नेताओं पर जमीन से कटे होने का आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इस देश का गरीब इतना विश्वासघाती नहीं है कि कोई सरकार उसकी भलाई के काम करे और वो फिर उसको ही सत्ता से बाहर कर दे। उन्होंने कहा, आपकी ये दुर्दशा इसलिए हुई क्योंकि आपने मान लिया था कि नारे देकर गरीबों को अपने चंगुल में फंसाए रखोगे, लेकिन गरीब जाग गया, वो आपको जान गया। उन्होंने कहा, बीते दो साल में 100 साल का सबसे बड़ा वैश्विक महामारी का संकट पूरी दुनिया की मानव जाति झेल रही है। जिन्होंने भारत के अतीत के आधार पर ही भारत को समझने का प्रयास किया, उन्हें तो आशंका थी कि शायद भारत इतनी बड़ी लड़ाई नही लड़ पाएगा, खुद को बचा नहीं पाएगा। (शेष पेज 9)

# अरुणाचल में लापता सात सैनिकों की खोज हुई तेज

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

## ● कामेंग सेक्टर में रविवार को हिमस्खलन की चपेट में आए सैनिक, बचाव कार्य के लिए बड़े स्तर पर अभियान

**सेना** ने अरुणाचल प्रदेश के कामेंग सेक्टर में रविवार को हिमस्खलन की चपेट में आकर लापता हुए सात सैनिकों की तलाश के लिए बड़े स्तर पर अभियान छेड़ दिया है। सेना ने सोमवार को बताया कि कामेंग सेक्टर के ऊंचाई वाले इलाके में एक गश्ती दल के सात जवानों के हिमस्खलन की चपेट में आने की सूचना है। सेना ने कहा कि खोज और बचाव अभियान जारी है।

विशेष टीमों को बचाव अभियान में मदद के लिए एयरलिफ्ट किया गया है। सेना ने यह भी कहा कि पिछले कुछ दिनों से भारी बर्फबारी के साथ क्षेत्र में खराब मौसम देखा जा रहा है। चीन के सामने वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) और जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान से लगी नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर सुरक्षा के माहौल को देखते हुए, कठोर सर्दियों के मौसम में भी सेना को लगातार ऊंचे इलाकों में गश्त करनी पड़ती है। ऊंचाई पर हिमस्खलन और मौसम की स्थिति के कारण गश्ती दल का अभियान खतरे से भरे हुए हैं। मई 2020 में सिक्किम में हिमस्खलन की चपेट में आने से बर्फ हटाने और गश्ती दल का हिस्सा रहे सेना के दो जवानों की मौत हो गई थी। फरवरी 2020 में, सरकार ने संसद को सूचित किया कि 2019 में सियाचिन ग्लेशियर में हिमस्खलन और हिमस्खलन के कारण सेना के छह जवानों की मौत हो गई थी, जबकि अन्य जगहों पर इसी तरह की घटनाओं में 11 अन्य मारे गए थे। ऊंचाई वाले क्षेत्रों में शामिल सभी सैनिकों को पहाड़ों में बर्फ से ढके इलाकों में जीवित रहने के लिए और हिमस्खलन जैसी किसी भी घटना से निपटने के लिए पर्वत, बर्फ के संबंध में पर्याप्त प्रशिक्षण दिया जाता है। उन्हें मेडिकल इमरजेंसी से निपटने के लिए भी प्रशिक्षित किया जाता है। वे परिचालन चुनौतियों का सामना करने और हेलीकॉप्टर, मानव रहित हवाई वाहन, स्नो स्कूटर, हिमस्खलन डिटेक्टर और पहाड़ के कपड़ों जैसे आधुनिक उपकरणों का उपयोग करने के लिए उपयुक्त रूप से सुसज्जित हैं। इन तमाम रक्षात्मक उपायों के उपरांत भी सैनिकों का जीवन गहरे संकट में पड़ जाता है।

# गृहमंत्री का आग्रह, जेड श्रेणी सुरक्षा स्वीकार करें ओवैसी

## ● शाह ने राज्यसभा में दी जानकारी, लगातार सुरक्षा लेने से इनकार कर रहे हैं एआईएमआईएम अध्यक्ष



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख और हैदराबाद से लोकसभा के सदस्य असदुद्दीन ओवैसी से अनुरोध किया कि केंद्र सरकार द्वारा उन्हें जो सुरक्षा मुहैया कराई गई है, उसे वह स्वीकार कर लें। राज्यसभा में एक बयान में शाह ने उत्तर प्रदेश में ओवैसी के काफिले पर हुए हमले की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि उनके खतरे का पुन:मुल्यांकन करने के बाद और खतरे के आकलन के आधार पर ओवैसी को बुलेट प्रूफ कार के साथ ही अखिल भारतीय स्तर पर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की जेड श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि हमारे पास मौखिक सूचना ओवैसी द्वारा भेजी गई कि उन्होंने अभी भी सुरक्षा लेने से इनकार किया है। शाह ने कहा कि वह सदन के माध्यम से ओवैसी से विनम्र विनती करते हैं कि वह तत्काल सुरक्षा ले लें और हम सबकी चिंता का समाधान करें। शाह ने कहा कि पहले भी कई मौकों पर केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों के खतरे के आकलन के आधार पर ओवैसी को सुरक्षा प्रदान करने के लिए केंद्र सरकार ने निर्देश जारी किए हैं, लेकिन ओवैसी द्वारा सुरक्षा लेने की अनिच्छा के कारण दिल्ली पुलिस और तेलंगाना पुलिस द्वारा उन्हें सुरक्षा देने का प्रयास सफल नहीं हो पाया। (शेष पेज 9)

# सैनिक को विंटर ओलंपिक मशाल सौंपने पर चीन की सफाई

**बीजिंग (भाषा)।** पूर्वी लद्दाख की गलवान घाटी में जून 2020 में सीमा झड़प में शामिल पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के एक सैनिक को शीतकालीन ओलंपिक के लिए एक मशाल वाहक के तौर पर उतारने के अपने कदम की व्यापक आलोचना के बीच चीन ने सोमवार को कहा कि उसका चयन मानदंडों को पूरा करता है। साथ ही, चीन ने संबद्ध पक्षों से राजनीतिक व्याख्या करने से बचने को कहा। चीन ने अत्यधिक सक्रियता से एक कदम उठाते हुए पीएलए के रेजिमेंटल कमांडर ची फबाओ को ओलंपिक गेम्स टॉर्च रिले के लिए मशाल वाहक बनाया है। इसके चलते भारत ने खेल के उद्घाटन समारोह का राजनयिक तौर पर शुक्रवार को बहिष्कार किया था। उल्लेखनीय है कि फबाओ जून 2020 में गलवान घाटी में हुई झड़प के दौरान घायल हो गया था। नई दिल्ली में, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कमांडर को सम्मानित करने के चीन के कदम को खेदजनक बताया था। शीर्ष अमेरिकी सांसदों ने भी चीन के इस कदम को शर्मनाक(शेष पेज 9)

# चन्नी के भांजे ने कबूला दस करोड़ मिले: ईडी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

## ● जांच एजेंसी का दावा, बालू खनन व अधिकारियों की पोस्टिंग/तबादले में मदद करने के एवज में दी गई रकम

**पंजाब** के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की ओर से मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित होने के एक दिन बाद नई परेशानी में घिर गए हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कहा है कि चन्नी के भांजे भूपिंदर सिंह उर्फ हनी ने कबूल किया है कि सीमावर्ती राज्य में बालू खनन से जुड़ी गतिविधियों और अधिकारियों की नियुक्ति अथवा तबादले में मदद करने के एवज में उसे 10 करोड़ रुपये नकद मिले थे।

विपक्ष इस मामले को बड़ा मुद्दा बना रहा है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने पंजाब में कथित अवैध बालू खनन से जुड़ी धनशोधन जांच के सिलसिले में हनी को तीन फरवरी को गिरफ्तार किया था। जांच एजेंसी ने 18 जनवरी को हनी और अन्य के खिलाफ छापेमारी की कार्रवाई की थी। इस दौरान हनी के ठिकाने से लगभग 7.9 करोड़ रुपये, जबकि उससे जुड़े संदीप कुमार नाम के व्यक्ति के परिसर से लगभग दो करोड़ रुपये जब्त किए गए थे।

ईडी ने अपने बयान में कहा कि छापेमारी के दौरान उसने कुदरतदीप सिंह, भूपिंदर सिंह (हनी), हनी के पिता संतोख सिंह और संदीप कुमार के बयान दर्ज किए तथा इन बयानों से यह 'स्थापित' हुआ है कि 10 करोड़ रुपये की जब्त राशि भूपिंदर सिंह की थी। ईडी ने बयान में दावा किया कि भूपिंदर सिंह ने कबूला है कि उसे बालू खनन से जुड़ी गतिविधियों और अधिकारियों की नियुक्ति/तबादले में मदद करने के एवज में जब्त की गई राशि मिली थी। (शेष पेज 9)

# कर्नाटक में हिजाब पर विवाद तेज, मुख्यमंत्री ने शांति कायम रखने की अपील की

**बेंगलुरु (भाषा)।** कर्नाटक में हिजाब पहनने पर विवाद सोमवार को गहरा गया और कुछ छात्राओं ने यूनिफार्म को लेकर सरकार के आदेश का उल्लंघन करने की मंशा जाहिर की। इसके साथ ही मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने शांति कायम रखने की अपील की। राज्य के उडुपी जिले के कुंडापुर के एक कॉलेज के प्रधानाध्यापक ने हिजाब पहनने वाली छात्राओं से बातचीत की और उन्हें सरकार के आदेश के बारे में बताया। इसके बावजूद छात्राएं हिजाब पहनने की अपनी मांग पर अड़ी रहीं और उन्हें उनके लिए आवंटित एक अलग कमरे में जाने को कहा गया। शिक्षा मंत्री बी सी नागेश ने कहा कि हिजाब पहनने की मांग करने वाली छात्राओं को सरकारी शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। इसके बाद उन्होंने कॉलेज के बाहर सड़क पर प्रदर्शन कर रही छात्राओं को एक अलग कमरे में बैठने को कहा और उन छात्राओं कक्षा में बैठकर पढ़ने की अनुमति नहीं दी गई। नागेश ने कहा, सड़क पर प्रदर्शन करने से बाधा पैदा होती है। (शेष पेज 9)

# शांतिश्री पंडित बनीं जेएनयू की पहली महिला कुलपति

## ● सावित्रीबाई फुले विश्वविद्यालय में राजनीति विज्ञान की प्रोफेसर हैं धूलिपुड़ी, जेएनयू से ही की है पीएचडी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**पंडित** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) की पहली महिला कुलपति शांतिश्री धूलिपुड़ी होंगी, शिक्षा मंत्रालय ने उन्हें सोमवार को इस शीर्ष पद पर नियुक्त किया। जेएनयू से एमफिल और अंतरराष्ट्रीय संबंधों में पीएचडी की उपाधि हासिल करने वाली पंडित (59) अभी महाराष्ट्र के सावित्रीबाई फुले विश्वविद्यालय के राजनीति व लोक प्रशासन विभाग में राजनीति विज्ञान की प्रोफेसर हैं। शिक्षा मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि



राष्ट्रपति एवं विश्वविद्यालय के विजिटर रामनाथ कोविंद ने जेएनयू के कुलपति के तौर पर शांतिश्री धुलिपुड़ी की नियुक्ति को मंजूरी दी है। उनकी नियुक्ति पांच वर्षों के लिए है। पंडित ने अपने शिक्षण करियर की शुरुआत 1988 में गोवा विश्वविद्यालय से की और 1993 में पुणे विश्वविद्यालय चली गईं। उन्होंने विभिन्न शैक्षणिक निकायों में प्रशासनिक पदों पर कार्य किया है। वह विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी), भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर) की सदस्य और केंद्रीय विश्वविद्यालयों के लिए विजिटर द्वारा नामांकित भी रही हैं। (शेष पेज 9)

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 58,000 | ↓ 1024 | |
| निफ्टी | 17,214 | ↓ 303 | |
| सोना | 47,997 | ↑ 146 | /10g |
| चांदी | 61,391 | ↑ 635 | /kg |

## क्विक न्यूज

### दारुल उलूम देवबंद की वेबसाइट पर लगी रोक

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश केसहारनपुर जिले के देवबंद स्थित इस्लामिक शिक्षण संस्थान दारुल उलूम की आधिकारिक वेबसाइट पर सहारनपुर के जिलाधिकारी अखिलेश सिंह ने रोक लगा दी है। पिछले कई दिनों से गोद लिए बच्चे को लेकर दिए गए फतवे को देखते हुए एक व्यक्ति ने राष्टीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) मे शिकायत दर्ज कराई थी, जिस पर आयोग ने सहारनपुर के जिलाधिकारी को इस मामले मे जांच करने के आदेश जारी किए थे। मामले पर संज्ञान लेते हुए सहारनपुर केजिलाधिकारी अखिलेश सिंह ने जांच पूरी होने तक दारुल उलूम देवबंद की वेबसाइट पर रोक लगाने के निर्देश दिए है। गौरतलब है कि दारुल उलूम की वेबसाइट पर बच्चों को गोद लेने, गोद लिए बच्चे को संपत्ति मे कानूनी अधिकार संबंधी फतवे है।

# नोएडा में ट्विन टावर गिराने का काम दो हफ्ते में शुरू हो

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने सोमवार को अधिकारियों को रियल्टी फर्म सुपरटेक लिमिटेड के नोएडा में एमेराल्ड कोर्ट परियोजना के 40 मंजिला ट्विन टावर को ध्वस्त करने की कार्रवाई दो हफ्ते के अंदर शुरू करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति डी. वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति सूर्यकांत की पीठ ने नोएडा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) को 72 घंटे के अंदर एक बैठक बुलाने का भी निर्देश दिया, जिसमें सभी संबद्ध एजेंसियां उपस्थित रहें। पीठ ने कहा कि सीईओ नोएडा इस न्यायालय के निर्देशों का अनुपालन करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएंगे, इस आदेश के दो हफ्ते के अंदर ध्वस्त करने का कार्य शुरू किया जाए। उल्लेखनीय है कि 12 जनवरी को न्यायालय ने नोएडा के सेक्टर 93 स्थित 40



## ● सुप्रीम कोर्ट ने रियल्टी फर्म सुपरटेक के 40 मंजिला टॉवर मामले में अधिकारियों को दिए निर्देश

मंजिला इस ट्विन टावर को ध्वस्त करने के आदेश का अनुपालन नहीं करने को लेकर बिल्डर को फटकार लगाई थी और इसके निदेशकों को न्यायालय में अनुपस्थित रहने पर जेल भेजने की चेतावनी दी थी। नोएडा अधिकारियों के साथ सांठगांठ कर भवन नियमों का (शेष पेज 9)

# अखिलेश के समर्थन में ममता, विपक्ष से कहा-साथ आओ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ, कोलकाता

**पश्चिम** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के पक्ष में प्रचार करने तथा भारतीय जनता पार्टी को हराने का आह्वान करने के लिए दो दिन के दौरे पर सोमवार शाम को लखनऊ पहुंच गईं। यहां अमौसी स्थित हवाई अड्डे पर समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उनका स्वागत किया। सपा अध्यक्ष ने ट्विटर पर सोमवार को यह जानकारी साझा की। यादव ने ट्वीट किया, बंगाल में मिलकर हराया था अब यूपी में हराएंगे। दीदी से अपना वादा है हम फिर जीतकर आएंगे।

सपा अध्यक्ष ने बनर्जी को गुलदस्ता देते हुए ट्विटर पर तस्वीर साझा कर लिखा है- यूपी में दीदी का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन। जानकारों के अनुसार, हवाई अड्डे से ममता बनर्जी अखिलेश यादव के



लखनऊ में सपा प्रमुख अखिलेश यादव के साथ पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी

साथ बाहर निकलीं। यहां तृणमूल के कार्यकर्ताओं ने भी उनका स्वागत किया। ममता बनर्जी हजरतगंज स्थित एक होटल में विश्राम करेंगी। मंगलवार को बनर्जी सपा कार्यालय पहुंचेगी और वहां अखिलेश यादव के साथ संयुक्त रूप से संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करेंगी। इसके अलावा वह वर्चुअल माध्यम से एक रैली को भी संबोधित करेंगी। तृणमूल कांग्रेस के सूत्रों के अनुसार, वह आठ मार्च को लखनऊ में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन करेंगी तथा एक डिजिटल रैली को संबोधित करेंगी। (शेष पेज 9)

# राम का नाम लेने वालों को ममता ने जेल भेजा: ईरानी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राम का** नाम लेने वालों को जेल भेजने वाली पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी राम भक्तों पर गोली चलाने वालों का समर्थन करने यहां आई हैं। यह वही ममता बनर्जी हैं जिन्होंने यूपी की जनता का अपमान करने में कभी कोई कसर नही छोड़ी। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने सोमवार को जेवर में चुनावी सभा संबोधित करते हुए ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी को यहां के लोगों के भगवा कपड़े पहनने, टीका लगाने और बनारस का



पान खाने तक पर आपत्ति थी। यूपीवासियों को गुंडा बताने वाली ममता बनर्जी जी को यहां आने से पहले माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने सपा प्रमुख अखिलेश यादव से सवाल किया कि उनकी ऐसी क्या मजबूरी है, (शेष पेज 9)

# पहले दिन आधे से भी कम संख्या में स्कूल पहुंचे विद्यार्थी

**नोएडा।** तीसरी लहर का प्रकोप कम होने पर सोमवार को करीब 38 दिन बाद जिले के विद्यालय खुले। चरणबद्ध तरीके से विद्यालयों में फिलहाल नौवीं से 12वीं तक की कक्षाएं शुरू करने की अनुमति दी है। संक्रमण के भय और चुनावी माहौल के बीच प्रथम दिन स्कूलों में विद्यार्थियों की संख्या आधे से भी कम रही। हालांकि, जिले के 28 शिक्षण संस्थान मतदान स्थल व अर्द्धसैनिक बल का निवास स्थान होने के कारण बंद रहे। प्रबंधकों के मुताबिक इन सभी विद्यालयों में चुनाव मतदान संपन्न होने के बाद ही कक्षा शुरू होगी।

बता दें कि तीसरी लहर में कोरोना संक्रमण के प्रचंड फैलाव को देखते हुए शासन ने छह फरवरी तक विद्यालय बंद करा दिए थे। वर्तमान में संक्रमण की रफ्तार काफी हद तक धीमी पड़ गई है।


## सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank

शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली–110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए है। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह–कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | नागुर साहेब शेक, अर्पिता रे, अर्पिता रे, यूनिट 50/59–61, गुड स्ट्रीट इनवेस्टमीड, एनएसडब्ल्यू आस्ट्रेलिया, न्यू साउथ वेल्स./ खाता नंबर :– LBDEL00002146651 | फ्लैट नंबर 4 सी, 113, 13वां तल, टावर–1, गोल्फ व्यू अपार्टमेंट, खसरा नंबर 33, 35, 36, 44, 45, 46, 47, 65, 66, 22, 40, सुशांत गोल्फ सिटी, सेक्टर–प, पाकेट डी, ग्राम देवामा, परगना बिजनौर, तहसील और जिला लखनऊ, उत्तर प्रदेश | 27–12–2021 रू. 1,15,38,116/– | 04-10-2021 |
| 2. | परविंदर सिंह, सारिका, 9447–सी–9, वसंत कुंज, दिल्ली./ खाता नंबर :– LBDEL00002380806 | फ्लैट नंबर बी–122, 12वां तल, टावर बी, इंडियाबुल्स एनिग्मा, ग्राम पवाला, खुसरूपुर, सेक्टर–110, गुरूग्राम, हरियाणा | 27–12–2021 रू. 1,45,29,595/– | 04-10-2021 |
| 3. | रमन शर्मा, जितेन्द्र शर्मा, 1396, गेट नंबर 10, निकट एनएचपीसी चौक, ग्रीन फील्ड अमर नगर, फरीदाबाद, हरियाणा./ खाता नंबर :– LBDEL00003046700 | प्लॉट नंबर 2921, सेक्टर–65, अर्बन एस्टेट, फरीदाबाद, हरियाणा | 27–12–2021 रू. 50,92,189/– | 04-10-2021 |
| 4. | रीना खैरारी, विकास कुमार खैरारी, केडीके एंटरप्राइजेज प्रा. लि. 1358, पाकेट–4, सेक्टर–सी, वसंत कुंज, दिल्ली./ खाता नंबर :– LBDEL00003396323 | फ्लैट नंबर 142, चतुर्थ तल, छत के अधिकार सहित, ब्लॉक–डी, सेक्टर–8, द्वारका, दिल्ली–110075 | 27–12–2021 रू. 86,65,837/– | 31-01-2021 |
| 5. | रीना खैरारी, विकास कुमार खैरारी, केडीके एंटरप्राइजेज प्रा. लि. 1358, पाकेट–4, सेक्टर–सी, वसंत कुंज, दिल्ली./ खाता नंबर :– LBDEL00003450432 | फ्लैट नंबर 142, चतुर्थ तल, छत के अधिकार सहित, ब्लॉक–डी, सेक्टर–8, द्वारका, दिल्ली–110075 | 27–12–2021 रू. 18,00,529/– | 31-01-2021 |
| 6. | शांतनु भट्टाचार्य, कोयली भट्टाचार्य, डी 2/2117, वसंत कुंज, साउथ वेस्ट दिल्ली./ खाता नंबर :– LBDEL00003623333 | फ्लैट नंबर 2117, डीएडी एसएफएस, कैट–II, पाकेट डी 2, द्वितीय तल, वसंत कुंज, दिल्ली–110070 | 27–12–2021 रू. 33,61,948/– | 31-12-2020 |
| 7. | शांतनु भट्टाचार्य, कोयली भट्टाचार्य, डी 2/2117, वसंत कुंज, साउथ वेस्ट दिल्ली./ खाता नंबर :– LBDEL00003637512 | फ्लैट नंबर 2117, डीएडी एसएफएस, कैट–II, पाकेट डी 2, द्वितीय तल, वसंत कुंज, दिल्ली–110070 | 27–12–2021 रू. 76,71,048/– | 31-12-2020 |
| 8. | शांतनु भट्टाचार्य, कोयली भट्टाचार्य, डी 2/2117, वसंत कुंज, साउथ वेस्ट दिल्ली./ खाता नंबर :– LBDEL00003637514 | फ्लैट नंबर 2117, डीएडी एसएफएस, कैट–II, पाकेट डी 2, द्वितीय तल, वसंत कुंज, दिल्ली–110070 | 27–12–2021 रू. 26,40,559/– | 31-12-2020 |
| 9. | शरद चौधरी, मकान नंबर डी 30 ब्लॉक डी, ग्रेटर कैलाश, एन्क्लेव पार्ट–2, दिल्ली./ खाता नंबर :– LBDEL00004047162 | अपार्टमेंट नंबर 106, टी–09, 18/01, टावर–1, गोल्फ एवेन्यू सेक्टर–106, गुरूग्राम, हरियाणा | 27–12–2021 रू. 1,90,71,853/– | 31-07-2020 |
| 10. | आशीष गुप्ता, संजय गुप्ता, 504, ब्लॉक–18, हेरिटेज सिटी, गुरूग्राम, हरियाणा/ खाता नंबर :– LBDEL00004098909 | अपार्टमेंट नंबर 3, 15वां तल, टावर–सी, अथवा आलियास सीटीसी 153, और इसकी पार्किंग दि क्रेस्ट, ग्राम वजीराबाद, सेक्टर–42, गुरूग्राम, हरियाणा | 27–12–2021 रू. 3,21,66,664/– | 04-10-2021 |
| 11. | आशीष गुप्ता, संजय गुप्ता, 504, ब्लॉक–18, हेरिटेज सिटी, गुरूग्राम, हरियाणा/ खाता नंबर :– LBDEL00004660551 | अपार्टमेंट नंबर 3, 15वां तल, टावर–सी, अथवा आलियास सीटीसी 153, और इसकी पार्किंग दि क्रेस्ट, ग्राम वजीराबाद, सेक्टर–42, गुरूग्राम, हरियाणा | 27–12–2021 रू. 31,32,485/– | 04-10-2021 |
| 12. | रोहन साहनी, मीनाक्षी, वेद प्रकाश, लता, प्लॉट नंबर 149, चतुर्थ तल, ब्लॉक–ए, सेक्टर–8, द्वारका, बागडोला, साउथ वेस्ट दिल्ली/ खाता नंबर :– LBDEL00004961412 | प्लॉट नंबर 149, चतुर्थ तल, छत के अधिकार के साथ, ब्लॉक–ए, सेक्टर–8, द्वारका, दिल्ली–110075 | 27–12–2021 रू. 63,40,306/– | 31-01-2021 |
| 13. | रोहन साहनी, मीनाक्षी, वेद प्रकाश, लता, प्लॉट नंबर 149, चतुर्थ तल, ब्लॉक–ए, सेक्टर–8, द्वारका, बागडोला, साउथ वेस्ट दिल्ली/ खाता नंबर :– LBDEL00004965262 | प्लॉट नंबर 149, चतुर्थ तल, छत के अधिकार के साथ, ब्लॉक–ए, सेक्टर–8, द्वारका, दिल्ली–110075 | 27–12–2021 रू. 10,15,139/– | 31-01-2021 |
| 14. | पांकुल राठौर, मैसर्स स्पाक सुपर इन्फ्रा इंडिया प्रा. लि., खैरून राठौर, जीएफ 50, इरोस गार्डन ब्लॉक–5, चार्मवुड विलेज, हरियाणा, फरीदाबाद/ खाता नंबर :– LBFDB00002022653 | फ्लैट नंबर 01 तथा 02, द्वितीय तल, रॉयल रिट्रीट थर्ड, चार्मवुड विलेज, फरीदाबाद, हरियाणा | 27–12–2021 रू. 1,25,82,377/– | 31-01-2021 |
| 15. | पांकुल राठौर, मैसर्स स्पाक सुपर इन्फ्रा इंडिया प्रा. लि., खैरून राठौर, जीएफ 50, इरोस गार्डन ब्लॉक–5, चार्मवुड विलेज, हरियाणा, फरीदाबाद/ खाता नंबर :– LBFDB00002022054 | फ्लैट नंबर 01 तथा 02, द्वितीय तल, रॉयल रिट्रीट थर्ड, चार्मवुड विलेज, फरीदाबाद, हरियाणा | 27–12–2021 रू. 1,96,99,850/– | 31-01-2021 |
| 16. | पुष्पा भाटिया, चंदन भाटिया, एच नंबर 114, तृतीय तल, लोक विहार अपा., विकास पुरी, दिल्ली/खाता नंबर :– LBFDB00002155166 | फ्लैट नंबर 4 सी 100, प्रथम तल, गोल्फ व्यू अपार्टमेंट, सुशांत गोल्फ सिटी, सेक्टर–1, पाकेट–डी, लखनऊ, उत्तर प्रदेश | 27–12–2021 रू. 78,07,633/– | 04-10-2021 |
| 17. | अखिलेश, अरविंद कुमार, ए–10, एसएफ ऐमीक्रोन–1, ग्रेटर नोएडा, रामपुर जागीर, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश, नोएडा–201306/ खाता नंबर :– LBGHZ00004871303 | फ्लैट नंबर 1–0403, मिगसन विलासा–सन–1, चतुर्थ तल, प्लॉट नंबर जीएच 1बी(2), सेक्टर ईटीए–2, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश, | 27–12–2021 रू. 9,59,102/– | 04-10-2021 |
| 18. | अखिलेश, अरविंद कुमार, ए–10, एसएफ ऐमीक्रोन–1, ग्रेटर नोएडा, रामपुर जागीर, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश, नोएडा–201306/ खाता नंबर :– LBGHZ00004935428 | फ्लैट नंबर 1–0403, मिगसन विलासा–सन–1, चतुर्थ तल, प्लॉट नंबर जीएच 1बी(2), सेक्टर ईटीए–2, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश, | 27–12–2021 रू. 1,21,934/– | 04-10-2021 |
| 19. | आकाश दीप लोहिया, चरण दास लोहिया एवं वंदना लोहिया, डी–5/3, भू तल, एक्सक्लूसिव फ्लोर्स, डीएलएफ सिटी, गुरूग्राम, हरियाणा/खाता नंबर :– LBGUR00002091618 | यूनिट नंबर डी–05/3, डीएलएफ एक्सक्लूसिव फ्लोर्स, डीएलएफ सिटी, गुरूग्राम, हरियाणा | 27–12–2021 रू. 66,57,542/– | 27-10-2021 |
| 20. | आकाश दीप लोहिया, चरण दास लोहिया एवं वंदना लोहिया, डी–5/3, भू तल, एक्सक्लूसिव फ्लोर्स, डीएलएफ सिटी, गुरूग्राम, हरियाणा/खाता नंबर :– LBGUR00002091619 | 4 ए 302, द्वितीय तल, टावर 3, पाकेट–डी, तुलसैनी कंस्ट्रक्शन, बिग स्काई, गोल्फ व्यू अपार्टमेंट्स, सुशांत गोल्फ सिटी, सेक्टर–I, लखनऊ, उत्तर प्रदेश | 27–12–2021 रू. 78,66,014/– | 27-10-2021 |
| 21. | अनिल यादव, फूलचंद यादव, मकान नंबर 230, सेक्टर–23, गुरूग्राम, हरियाणा/ खाता नंबर :– LBGUR00004782966 | प्लॉट नंबर एच/574 सी, ब्लॉक–एच, पालम विहार, गुरूग्राम, हरियाणा | 27–12–2021 रू. 98,82,982/– | 31-01-2021 |
| 22. | अनिल यादव, फूलचंद यादव, मकान नंबर 230, सेक्टर–23, गुरूग्राम, हरियाणा/खाता नंबर :– LBGUR00004860986 | प्लॉट नंबर एच/574 सी, ब्लॉक–एच, पालम विहार, गुरूग्राम, हरियाणा | 27–12–2021 रू. 5,02,893/– | 31-01-2021 |
| 23. | राजिन्दर कुमार, प्रियंका, सी–41, प्रथम तल, विश्वकर्मा, नई दिल्ली, कालोनी, दिल्ली – 110044/खाता नंबर :– LBGUR00005251424 | यूनिट नंबर 1, प्रथम तल, प्लॉट नंबर 83, ब्लॉक–3, इरोस गार्डन कालोनी, सूरजकुंड रोड, फरीदाबाद, हरियाणा | 27–12–2021 रू. 93,91,635/– | 04-10-2021 |
| 24. | राजीव रंजन, सर्व नारायण मलिक, 768, सरतोगा एवेन्यू 202, सैन जोस सीए, सैनकारलॉस, सीए/खाता नंबर :– LBGUR00005251424 | फ्लैट नंबर 3 बी–117, टावर बी, 17वां तल, गोल्फ व्यू अपार्टमेंट्स, सुशांत गोल्फ सिटी, सुल्तानपुर रोड, लखनऊ, उत्तर प्रदेश | 27–12–2021 रू. 2,09,00,526/– | 11-10-2021 |
| 25. | रजनीश कुमार, सुमन कुमारी, ए–102, कृष्णा गार्डन अपार्टमेंट, प्लॉट नंबर 10, सेक्टर 19 बी, द्वारका, दिल्ली/ खाता नंबर :– LBDEL00004709716 | फ्लैट नंबर 032, तृतीय तल, टावर एन, सेंट्रम पार्क, सेक्टर–103, दौलताबाद, गुरूग्राम, हरियाणा | 08–01–2022 रू. 50,29,922/– | 30-05-2021 |
| 26. | अम्बिका शर्मा, विकास कुमार, सी 1053, टावर 14, रिवर हाइट, राज नगर एक्सटेंशन, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश, / खाता नंबर :– LBGHZ00004935428 | फ्लैट नंबर 1632, 15वां तल, टावर शारोन गौड़ सौंदर्यम, प्लॉट नंबर जीएच 05 सी सेक्टर टेकजोन 4, ग्रेटर नोएडा, नोएडा 201307 | 08–01–2022 रू. 64,38,608/– | 07-06-2021 |
| 27. | आशीष नाशीने, नेहा आशीष नाशीने, फ्लैट नंबर 602, टावर नंबर बी 7, एसआरएस रॉयल हिल्स, सेक्टर–87, खेड़ी कलां, फरीदाबाद, हरियाणा /खाता नंबर :– LBNOD00004935428 | फ्लैट नंबर जी–14, भू तल, पारस पर्ल्स–I, सम्पत्ति सं. 19/6, मौजा खटेना, लोहामंडी वार्ड, आगरा – 282002 | 08–01–2022 रू. 69,40,115/– | 31-12-2020 |
| 28. | सलीम खान, जुबैदा खान, 309 जीआई टावर 06, गंगा अपार्टमेंट, वसंत कुंज, दिल्ली/खाता नंबर :– LBDEL00004895878 | फ्लैट नंबर 1702, 17वां तल, सेठी वेनिस, टावर ए, प्लॉट नंबर एससी–01/ए–4, सेक्टर–150, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश | 08–01–2022 रू. 63,09,773/– | 06-03-2021 |
| 29. | भाविश कुमार राणा, मोनिका राजपूत, सी–11–601, सेंटप विहार एडब्ल्यूएचओ व्हाइट फील्ड होसकोट रोड, कन्ना मंगला, बेंगलुरू, कर्नाटक / खाता नंबर :– LBNOD00004900538 | फ्लैट नंबर 1403, 14वां तल, टावर ए, सेठी वेनिस, प्लॉट नंबर एससी–01/ए–4, सेक्टर–150, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर –201301 | 08–01–2022 रू. 59,85,009/– | 11-01-2021 |
| 30. | नीहार रंजन साहू, शितिशा साहू, फ्लैट एच–1204, क्लाउड–9, अहिंसा खंड–2, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश/ खाता नंबर :– LBDEL00005130169 | फ्लैट नंबर 501, ब्लॉक–ए, एग्जोटिका ऐलीगैंस ग्राम मोहिउद्द, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश | 08–01–2022 रू. 51,94,801/– | 31-12-2020 |
| 31. | नाजिया जलाल, इंतखाब आलम, नाजिया जलाल, ब्लॉक 1, फ्लैट 132, मुहैसनाह फोर्थ, पी ओ बॉक्स 7262, दुबई./ खाता नंबर :– LBDEL00003951148 | फ्लैट नंबर 218, द्वितीय तल, पाकेट बी कैट–II, सुखदेव विहार, दिल्ली | 27–12–2021 रू. 93,78,707/– | 04-10-2021 |
| 32. | सुनीता सिंह, वंदना लोहिया, डी–5/3, भू तल, एक्सक्लूसिव फ्लोर्स, डीएलएफ सिटी, गुरूग्राम, हरियाणा./ खाता नंबर :– LBDEL00003450545 | प्लॉट नंबर 165, ब्लॉक 1, डेल्टा 2, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नबर, उत्तर प्रदेश | 08–01–2022 रू. 27,38,565/– | 31-10-2021 |
| 33. | सुनीता सिंह, पंकज कुमार सिंह, एच नंबर आई–165, डेल्टा 2, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नबर, उत्तर प्रदेश./ खाता नंबर :– LBDEL00003447268 | प्लॉट नंबर 165, ब्लॉक 1, डेल्टा 2, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नबर, उत्तर प्रदेश | 08–01–2022 रू. 29,08,134/– | 31-10-2021 |
| 34. | ताहिर हुसैन, दानिश हुसैन, एच नंबर सी–7/381, श्री राम कालोनी, राजीव नगर, नॉर्थ ईस्ट दिल्ली, दिल्ली./ खाता नंबर :– LBDEL00004897513 | फ्लैट नंबर 2634, 25वां तल, टावर डी, गौड़ सिद्धार्थम, प्लॉट नंबर 8/बीएस–01, सेक्टर–8, सिद्धार्थ विहार योजना, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश | 08–01–2022 रू. 29,16,818/– | 06-10-2021 |
| 35. | ताहिर हुसैन, दानिश हुसैन, एच नंबर सी–7/381, श्री राम कालोनी, राजीव नगर, नॉर्थ ईस्ट दिल्ली, दिल्ली./ खाता नंबर :– LBDEL00004913330 | फ्लैट नंबर 2634, 25वां तल, टावर डी, गौड़ सिद्धार्थम, प्लॉट नंबर 8/बीएस–01, सेक्टर–8, सिद्धार्थ विहार योजना, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश | 08–01–2022 रू. 2,44,499/– | 06-10-2021 |
| 36. | ताहिर हुसैन, दानिश हुसैन, एच नंबर सी–7/381, श्री राम कालोनी, राजीव नगर, नॉर्थ ईस्ट दिल्ली, दिल्ली./ खाता नंबर :– LBNOD00005108741 | फ्लैट नंबर 2634, 25वां तल, टावर डी, गौड़ सिद्धार्थम, प्लॉट नंबर 8/बीएस–01, सेक्टर–8, सिद्धार्थ विहार योजना, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश | 08–01–2022 रू. 24,25,138/– | 06-10-2021 |
| 37. | नवदीप बत्रा, बरखा बत्रा, 96, फ्लोरा रोड, 04–52, एडलवीस पार्क कंडोमिनियम, सिंगापुर./ खाता नंबर :– LBDEL00001912570 | यूनिट नंबर एलडीआई–02–1502, दि कोव जेपी, ग्रीन्स स्पोर्ट्स सिटी, नोएडा | 31–12–2021 रू. 18,07,306/– | 01/07/2021 |
| 38. | कपिल मेहता, गिरीश कुमार मेहता, आशा मेहता, फ्लैट नबर एस/4, द्वितीय तल, सूर्याशीष अपार्टमेंट, निकट तहसील कम्पाउंड, न्यू गांधी नगर, गाजियाबाद./ खाता नंबर :– LBNOD00001230040 | फ्लैट नंबर एस/4, प्लॉट नंबर 5, सूर्याधेश अपार्टमेंट, गांधी नगर, गाजियाबाद | 31–12–2021 रू. 4,76,306.03/– | 30/09/2016 |
| 39. | अशोक कपूर, ममता कपूर, ए–1234, ब्लॉक ए, विवेक विहार, दिल्ली./ खाता नंबर :– LBDEL00001513474 | फ्लैट नंबर 008, जीएफ, एमआईजी टाइप ब्लॉक ई, एक्सेल अपार्टमेंट, लोनी, साहिबाबाद, गाजियाबाद | 31–12–2021 रू. 2,97,828.18/– | 10/06/2021 |
| 40. | मनोज, ज्योति कालोरिया, 354 बी एल के जे दक्षिण पुरी, डा. अम्बेडकर नगर, दिल्ली./ खाता नंबर :– LBDEL00002420612 | फ्लैट नंबर 5006, 5वां तल, टावर ई 3, ग्राम रायसीका, सेक्टर–14, करिश्मा हाउसिंग स्कीम, सोहना, जिला मेवात गुरूग्राम | 31–12–2021 रू. 11,06,581/– | 04/09/2021 |
| 41. | मुकेश कुमार शर्मा, ललिता शर्मा, बी–356, लोनी रोड, एमआईजी फ्लैट्स, पाकेट–बी, दिल्ली./खाता नंबर :– LBNOD00001916900 | 635, डीडीए एमआईजी फ्लैट्स, प्रथम तल, पाकेट–बी, ईस्ट ऑफ लोनी रोड, शाहदरा, दिल्ली | 31–12–2021 रू. 23,83,403.5/– | 14/06/2021 |
| 42. | प्रमोद कुमार सिंह, सुनीता सिंह, एफ 315 ए, नंदग्राम, गाजियाबाद, / खाता नंबर :– LBGHZ00005136799 | फ्लैट नंबर 315 ए, प्रथम तल, ब्लॉक एफ, नंदनिकुंज, निकट नंदग्राम मार्किट, गाजियाबाद | 31–12–2021 रू. 9,32,980.41/– | 04/09/2021 |
| 43. | उमेश कुमार, आशु, एच नंबर 185, सेक्टर–1, द्वितीय तल, वसुंधरा गाजियाबाद, / खाता नंबर :– LBNOD00002885329 | फ्लैट नंबर 408 चतुर्थ तल, टावर सी, स्टार रामेश्वरम, एनएच–58, राजनगर एक्सटेंशन, गाजियाबाद | 31–12–2021 रू. 20,38,440/– | 04/09/2021 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 08 फरवरी, 2022
स्थान : दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड


# मतदानकर्मियों के लिए सीएचसी पर आरक्षित होंगे चार बेड

## बैठक कर सीएमओ ने नियुक्त किए नोडल अधिकारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



विधानसभा चुनाव के लिए जिले में 10 फरवरी को मतदान होना है। जिला प्रशासन सहित कई विभाग सकुशल चुनाव सम्पन्न कराने में जुटे हुए हैं। इसमें स्वास्थ्य विभाग को भी बड़ी जिम्मेदारी निभानी है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से हर जरूरी व्यवस्थाएं दुरुस्त कर ली गयीं है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा सुनील कुमार शर्मा ने सोमवार को इस संबंध में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर उन्हें जिम्मेदारी सौंपी। एसीएमओ व डिप्टी सीएमओ स्तर के अधिकारियों को अलग–अलग ब्लॉक की जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

सीएमओ ने बताया कि जनपद में चुनाव के लिए स्वास्थ्य विभाग ने अपनी सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं और लगातार समीक्षा कर जो कमियां रह गयी हैं उन्हें दुरुस्त किया जा रहा है। मतदान के दिन 10 फरवरी को सभी स्वास्थ्य इकाइयों को सतर्क रहने के निर्देश दिये गये हैं। इसके लिए एसीएमओ और डिप्टी सीएमओ स्तर के अधिकारियों को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

उन्होंने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर चिकित्सा व्यवस्था की जिम्मेदारी प्रभारी चिकित्सा अधिकारी संभालेंगे। उन्हें स्वास्थ्य केन्द्र पर चिकित्सा संबंधी हर इंतजाम दुरुस्त रखने के निर्देश दिये गये हैं। इसी क्रम में हर स्वास्थ्य केन्द्र पर चार बेड मतदान कर्मियों व मतदाताओं के लिए आरक्षित रहेंगे। एम्बुलेंस 108 को हर समय सतर्क रहने के निर्देश हैं। गौरतलब है कि चुनाव के दौरान किसी भी आपातकालीन स्थिति के मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग ने तैयारी की हैं।

मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा अमित विक्रम सीएमओ कंट्रोल रूम की जिम्मेदारी संभालेंगे। एसीएमओ डा शिरीश जैन दादरी ब्लॉक, डा ललित कुमार बिसरख ब्लॉक, डा भारत भूषण जेवर ब्लॉक और डिप्टी सीएमओ डा अशोक कुमार दनकौर के नोडल अधिकारी नियुक्त किये गये हैं।

### पॉजिटिव लोगों के लिए केंद्र पर होंगे अलग बूथ

**नोएडा।** सीएमओ ने बताया कि हर मतदान केन्द्र पर मतदाताओं की थर्मल स्कैनिंग की जाएगी। इसकी जिम्मेदारी आशा और एएनएम संभालेंगी। मतदान केन्द्र में प्रवेश से पहले हर व्यक्ति की थर्मल स्कैनिंग अनिवार्य रूप से होगी और हाथों को सेनिटाइज किया जाएगा। जरूरत के हिसाब से मतदाताओं को मास्क उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस बीच यदि कोई पॉजिटिव व्यक्ति मतदान करने आता है तो उसे पीपीई किट मुहैया करायी जाएगी। इसके अलावा पॉजिटिव व्यक्तियों के लिए मतदान केन्द्र पर अलग बूथ का इंतजाम जिला प्रशासन की ओर से किया जाएगा। मतदान के दौरान बड़ी मात्रा में बायो मेडिकल वेस्ट निकलेगा। कोविड संक्रमण को देखते हुए प्रशासन ने इसके निस्तारण की जिम्मेदारी प्राधिकरण और नगर निकाय को सौंपी है। मतदान के अगले दिन यानि 11 फरवरी को बायोवेस्ट का निस्तारण किया जाएगा।

# 23 हजार जवानों की मुस्तैदी में होगा जिले में मतदान

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

विधानसभा चुनाव में 10 फरवरी को मतदान के दिन 23 हजार जवान जिले में सुरक्षा व्यवस्था संभालेंगे जिसमें अर्द्धसैनिक बलों की 80 कंपनियां तैनात रहेंगी। जिले में 728 मतदान केंद्र और 3383 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। इन पर तीन लेयर में सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। 29 संवेदनशील व अतिसंवेदनशील बूथों पर पुलिस–प्रशासन की विशेष नजर रहेगी। विधानसभा चुनाव में शांतिपूर्ण मतदान के लिए पांच हजार पुलिसकर्मी जिले के होंगे, जबकि 5 हजार पुलिसकर्मी और 6 हजार होमगार्ड अन्य जिलों से आएंगे।

### ● निष्पक्ष चुनाव कराने को प्रशासन की तैयारी

मतदान केंद्र पर अर्द्धसैनिक बल के जवानए केंद्र परिसर में अन्य जिलों से आए पुलिसकर्मी और केंद्र के बाहर गाजियाबाद जिले के पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। अर्द्धसैनिक बलों की 30 कंपनियां आ चुकी हैं।

मतदान के दिन सुरक्षा व्यवस्था में ड्यूटी देने के लिए अर्द्धसैनिक बलों की कंपनियां आनी शुरू हो गई हैं। निष्पक्ष मतदान और मतदाताओं की सुरक्षा के लिए पूरी तैयारी कर ली गई है। करीब 23 हजार जवान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था संभालेंगे।

# गाड़ी टकराने के विवाद में दोस्त को छत से फेंका, मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

कविनगर थाना क्षेत्र के शास्त्रीनगर निवासी दो भाइयों ने कार टकराने के विवाद में अपने दोस्त को दूसरी मंजिल से नीचे फेंककर उसकी हत्या कर दी। आरोपियों ने घर में घुसकर पहले दोस्त की पिटाई की फिर उसे नीचे फेंक दिया। मृतक के भाई मनोज ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

शास्त्रीनगर एम ब्लॉक निवासी अनिल कुमार 43 पुत्र चरण सिंह अपनी पत्नी अंजू देवी, बेटी कृषिका 15, बेटे सिद्धार्थ 10, पिता और भाई मनोज कुमार के साथ रहते थे। अनिल के भाई मनोज कुमार ने बताया कि शुक्रवार रात करीब नौ बजे घर के पास में रहने वाले हरेंद्र अनिल को अपने साथ ले गया और अपने भाई नरेंद्र के साथ मिलकर उनको शराब पिलाई। घर वापस आते समय अनिल हरेंद्र की कार चलाने लगा, उसी दौरान घर के पास पार्क की दीवार से कार टकरा गई। जिससे पास में खड़ी कार में भी नुकसान हो गया। इसके बाद हरेंद्र व नरेंद्र का अनिल से झगड़ा हो गया। अनिल भागकर घर आ गए और अपने कमरे में चले गए। कुछ देर बाद हरेंद्र और नरेंद्र अपने कुछ साथियों के साथ उनके घर पहुंचे और गाली–गलौज करने लगे। जिनकी गाड़ी क्षतिग्रस्त हुई थी वो लोग भी पहुंच गए।


## जिंदल लीजफिन लिमिटेड

सीआईएन : एल74899डीएल1994पीएलसी059252
पंजी. कार्यालय : 110, बाबर रोड, नई दिल्ली–110001

31–12–2021 को समाप्त तिमाही और नौ माह हेतु पृथक्कृत अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का संक्षिप्त विवरण (रू. लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | तिमाही समाप्त | | | नौ माह समाप्त | | वर्ष समाप्त |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31.12.2021 अलेखापरीक्षित | 30.09.2021 अलेखापरीक्षित | 31.12.2020 अलेखापरीक्षित | 31.12.2021 अलेखापरीक्षित | 31.12.2020 अलेखापरीक्षित | 31.03.2021 लेखापरीक्षित |
| 1 | परिचालन से कुल आय | -0.45 | - | 0.23 | -0.45 | 33.43 | 33.82 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों से पूर्वरु) | -3.48 | -2.97 | -2.13 | -11.48 | 22.79 | 17.65 |
| 3 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि)कर से पूर्व (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बादरु) | -3.48 | -2.97 | -2.13 | -11.48 | 22.79 | 17.65 |
| 4 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर पश्चात (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बादरु) | -4.31 | -3.74 | -4.23 | -14.4 | -1.6 | -2.65 |
| 5 | अवधि हेतु कुल समावेशी आय [जिसमें अवधि हेतु लाभ (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित हैं] | -0.52 | 5.63 | 9.92 | 5.96 | 34.13 | 31.89 |
| 6 | इक्विटी शेयर पूंजी | 300.89 | 300.89 | 300.89 | 300.89 | 300.89 | 300.89 |
| 7 | संचेय (पुनर्मूल्यन संचेय छोड़कर) जैसाकि पूर्व वर्ष के लेखापरीक्षित तुलनपत्र में दर्शाया गया है। | 455.87 | 456.4 | 452.14 | 455.87 | 452.14 | 449.91 |
| 8 | प्रति शेयर अर्जन (रू. 10/–प्रत्येक) (वार्षिककृत नहीं) 1. मूल | -0.14 | -0.13 | -0.14 | -0.48 | -0.05 | -0.09 |
| | 2. तनुकृत | -0.14 | -0.13 | -0.14 | -0.48 | -0.05 | -0.09 |

नोट्स :
1. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन और अन्य प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्जेज में प्रस्तुत किए गए तिमाही/वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है। तिमाही/वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण विवरण स्टॉक एक्सचेन्ज वेबसाइट्स www.bseindia.com तथा कम्पनी की वेबसाइट www.jilltd.co.in पर उपलब्ध है।
2. लेखापरीक्षा समिति द्वारा सम्यक् पुनरीक्षित उपरोक्त परिणाम निदेशक मंडल द्वारा 07–02–2022 को आयोजित उनकी बैठक में अनुमोदित किए गए थे।

वास्ते जिंदल लीजफिन लिमिटेड
हस्ता./–
(सुरेन्द्र कुमार जिंदल)
प्रबंध निदेशक

तिथि : 07–02–2022
स्थान : नई दिल्ली


# मुनाफे का लालच देकर एक करोड़ 65 लाख रुपए की ठगी का आरोप

**नोएडा।** थाना बिसरख में एक व्यक्ति ने एक रियल एस्टेट कंपनी के निदेशक व ठेकेदार सहित 10 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, शिकायतकर्ता का आरोप है कि इन लोगों ने मोटे मुनाफे का लालच देकर उनसे एक करोड़ 65 लाख 82 हजार रुपए ले लिए और अब रकम वापस नहीं कर रहे हैं।

थाना बिसरख के प्रभारी निरीक्षक यशपाल धामा ने बताया कि उपेंद्र यादव नाम व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि नोएडा एक्सटेंशन–। स्थित मैसेज न्यूटेक ला पलेशिया प्राइवेट लिमिटेड नामक रियल एस्टेट कंपनी के निदेशक मुकेश कुमार राय, संजीव कुमार पांडे, आलोक वत्स, रोशन प्रकाश तथा ब्रोकर नरेंद्र चौधरी, ठेकेदार विपिन त्यागी, विपणन कर्मी सुमन झा, अकाउंटेंट आशीष तथा वहां के कर्मचारी दिलीप ने उन्हें मोटे मुनाफे का लालच देकर अपने प्रोजेक्ट में एक करोड़ 65 लाख 82 हजार रुपए निवेश करवाए। उन्होंने बताया कि पीड़ित का आरोप है कि यह लोग अब धोखाधड़ी कर उनके पैसे वापस नहीं कर रहे हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


## कैपरी ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड

CAPRI GLOBAL CAPITAL LIMITED

पंजीकृत एवं कार्पोरेट कार्यालय :– 502, टावर–ए, पेनिन्सुला बिजनेस पार्क, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुंबई–400013
सर्किल कार्यालय :– कैपरी ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड, द्वितीय तल, 3बी पूसा रोड, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली–110005

### परिशिष्ट IV कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु)

जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने कैपरी ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड (सीजीसीएल) के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को नीचे दिए विवरण के अनुसार मांग सूचना(एं) जारी की थीं, जिनमें उनसे सूचना में वर्णित बकाया राशि का भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी। कर्जदार उक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा प्राप्त कर लिया है। कर्जदार का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है। कर्जदारों को विशेष रूप से तथा जनसाधारण को सामान्य रूप से इस संपत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है और संपत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार कर्जदारों पर सीजीसीएल की बकाया राशि तथा उस पर ब्याज का भुगतान करने के बाद ही किया जा सकता है।

| क्र. सं. | कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) का नाम | प्रत्याभूत आस्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन | मांग सूचना तिथि और राशि | कब्जा की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | (हमारी मयूर विहार शाखा की ऋण खाता संख्या LNMEMAY000055968) बलबीर बी (कर्जदार) कुसुम के, गंगा राम (सह–कर्जदार) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : कॉमर्शियल प्लॉट क्षेत्रफल परिमाप 25 वर्ग गज, खेत नंबर 339 का भाग, स्थित ग्राम सूरजपुर, परगना दादरी, तहसील एवं जिला गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश, उसके ऊपर निर्मित वर्तमान और भावी दोनों निर्माण सहित। चौहद्दी निम्नानुसार : पूरब : अन्य की सम्पत्ति, पश्चिम : अन्य की सम्पत्ति, उत्तर : मेन रोड, दक्षिण : अन्य की सम्पत्ति | 19–11–2021 रू. 24,32,484/– | 05–02–2022 |
| 2. | (हमारी मयूर विहार शाखा की ऋण खाता संख्या LNMENOI000012435) एम आर रियलटेक (कर्जदार) निरंजन कुमार, चंदर पाल, लक्ष्मी (सह–कर्जदार) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : मकान नंबर 1224, गली नंबर 2, केएच नंबर/खेवट नंबर 444/62 बी, मुस्टटिल नंबर 45, किला नंबर 14 (7–4), आदर्श नगर, बल्लभगढ़, फरीदाबाद, हरियाणा, उसके ऊपर निर्मित वर्तमान और भावी दोनों निर्माण सहित। | 19–11–2021 रू. 23,18,255/– | 05–02–2022 |
| 3. | (हमारी गाजियाबाद शाखा की ऋण खाता संख्या LNMEGZB000021682) (हमारी नोएडा शाखा की ऋण खाता संख्या LNMENOI000061757) राहुल शर्मा (कर्जदार) राजबाला शर्मा, प्रशांत शर्मा, मैसर्स जय दुर्गे बिल्डर्स (सह–कर्जदार) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : भूमि परिमाप 380 वर्ग मीटर पर निर्मित मकान, खेत/खसरा नंबर 262 एवं 262 बी, खाता नंबर 00252, स्थित ग्राम शेहदरा, परगना दादरी, तहसील एवं जिला गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश, उसके ऊपर निर्मित वर्तमान और भावी दोनों निर्माण सहित। | 19–11–2021 रू. 83,10,728/– | 05–02–2022 |
| 4. | (हमारी कड़कड़डूमा शाखा की ऋण खाता संख्या LNCGCKKDTL0000004342) राज एजेन्सीज (कर्जदार) कुलदीप त्यागी, गोपाल चौहान, कुंती देवी, उपेन्द्र कुमार, राम सिंह यादव, संदीप कुमार (सह–कर्जदार) | सम्पत्ति सं. 1 : सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : फ्लैट नंबर 254, ब्लॉक –एफ, नंद निकुंज, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश, उसके ऊपर निर्मित वर्तमान और भावी दोनों निर्माण सहित। सम्पत्ति सं. 2 : सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : मकान नंबर 648, क्षेत्रफल परिमाप 150 वर्ग गज, खसरा नंबर 492 का भाग, ग्राम सद्दीक नगर, सिहानी लोनी, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश, उसके ऊपर निर्मित वर्तमान और भावी दोनों निर्माण सहित। | 19–11–2021 रू. 70,65,082/– | 05–02–2022 |

स्थान : दिल्ली/एनसीआर तिथि : 08–02–2022 हस्ता./–, (प्राधिकृत अधिकारी) वास्ते कैपरी ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड (सीजीसीएल)


# दो गांजा तस्कर गिरफ्तार, 1.70 किलोग्राम मादक पदार्थ बरामद

**नोएडा।** गौतमबुद्धनगर जिले में जेवर पुलिस ने कार सवार दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से 1.70 किलोग्राम गांजा बरामद किया है।

जेवर थाने के प्रभारी निरीक्षक उमेश बहादुर सिंह ने बताया कि रविवार सुबह सामान्य वाहन जांच के दौरान एक कार से 1.70 किलोग्राम गांजा बरामद होने पर पुलिस ने उसमें सवार दो लोगों को हिरासत में लिया। उन्होंने बताया कि दोनों आरोपियों की पहचान गौरव तथा रामभद्र के रूप में हुई है। अधिकारी ने बताया कि पूछताछ में दोनों ने लंबे समय से गांजा तस्करी करने का अपराध स्वीकार किया, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस इस संबंध में आगे की कार्रवाई कर रही है।

# महिला की हत्या

**नोएडा।** जिले में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। नोएडा में रहने वाली एक 45 वर्षीय महिला की हत्या कर दी गई। महिला का कुछ समय पहले ही अपने पति से तलाक हुआ था, जिसके बाद महिला अकेले रह रही थी। पुलिस ने इस मामले में 4 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। महिला के घर में चारों तरफ खून के निशान मिले हैं। पुलिस इस मामले में काफी गंभीरता से जांच पड़ताल कर रही है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 8 फरवरी 2022



# पहले दिन बहुत कम विद्यार्थी पहुंचे स्कूल

## बच्चों को देखकर हो रही है खुशी, भगवान न करे फिर बंद हों विद्यालय : केजरीवाल

- पढ़ाई शुरू होने से लर्निंग में आया गैप कम होगा : सिसोदिया
- बच्चों के स्वास्थ्य के साथ उनकी पढ़ाई की भी चिंता है


कोविड-19 के प्रतिबंधों में ढील के बाद राजधानी में खुले एक सरकारी स्कूल में कक्षा में बैठे छात्र। फोटो : रंजन डिमरी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

कोविड-19 की तीसरी लहर का प्रकोप कम होने पर सोमवार को करीब एक महीने से अधिक दिन बाद कक्षा नौवीं से 12वीं तक की कक्षाएं शुरू हो गई। संक्रमण के डर से पहले दिन स्कूलों में छात्र-छात्राओं की संख्या आधे से भी कम रही।

स्कूलों में रौनक लौटने पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि बच्चों को वापस परिसर में देखकर बहुत खुशी हो रही है। भगवान करे अब दोबारा स्कूलों को बंद करने की जरूरत ना पड़े। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य के साथ-साथ उनकी पढ़ाई की भी चिंता है। स्कूलों के खुलने से बच्चों की लर्निंग में आया गैप कम होगा।

बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर सरकार अलर्ट मोड में है। सभी स्कूलों में कोरोना गाइडलाइंस का सख्ती से पालन करना होगा। अभिभावकों की सहमति से बच्चे स्कूल आयेंगे। ऑफलाइन के साथ ऑनलाइन पढ़ाई जारी रहेगी। स्कूल बंद रहने के दौरान हैप्पीनेस करिकुलम ने बच्चों को तनावमुक्त करने और खुश रखने की वैक्सीन का काम किया है। माइंडफुलनेस ने छात्रों के साथ परिवार के सदस्यों को भी तनावमुक्त रखा है।

कोरोना के कम होते मामले और घटते संक्रमण दर को देखते हुए सोमवार को स्कूलों के खुलने और लंबे समय बाद अपने दोस्तों से मिलने पर बच्चे काफी उत्साहित थे। माता-पिता अपने बच्चों को दोबारा स्कूल भेजने को लेकर काफी उत्साहित दिख रहे थे। स्कूलों में बच्चों का स्वागत करने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। ऑफलाइन पढ़ाई दोबारा शुरू करने से पहले बच्चे सामान्य रूप से स्कूल से जुड़ सके इसके लिए स्कूलों में कई गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

### उपमुख्यमंत्री ने तैयारियों का लिया जायजा

उपमुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने स्कूलों का दौरा कर तैयारियों का जायजा लिया और बच्चों व उनके माता-पिता से बात की। उन्होंने कहा कि महामारी के कारण स्कूलों के बंद रहने से बच्चों की पढ़ाई का काफी ज्यादा नुकसान हुआ है। यदि अब स्कूलों को नहीं खोला गया तो एक पूरी पीढ़ी बिना ज्ञान-विज्ञान के साथ आगे बढ़ेगी। कोरोना के दौरान बेशक बच्चों की ऑनलाइन पढ़ाई जारी थी लेकिन ऑनलाइन पढ़ाई कभी भी ऑफलाइन पढ़ाई का विकल्प नहीं बन सकता। सभी स्कूलों में ये सुनिश्चित किया जाएगा कि वहां कोरोना संबंधी प्रोटोकॉल और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन हो। उन्होंने कहा कि स्कूल खुलने के पहले दिन ही स्कूलों में काफी अच्छा रेस्पोंस देखने को मिला है।

### 14 फरवरी से नर्सरी से आठवीं तक के बच्चों आएंगे

14 फरवरी से नर्सरी से आठवीं तक की कक्षाओं के लिए भी स्कूल खोल दिए जाएंगे। इस बीच 1 सप्ताह में स्कूल जूनियर क्लासों को खोलने के लिए तैयारी कर पाएंगे। साथ ही अभी हाइब्रिड मोड में ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों क्लासेज चलती रहेंगी। राजधानी के लगभग सभी टीचर्स को वैक्सीन लग चुकी है। साथ ही 15 से 18 साल आयुवर्ग के 95 फीसदी से अधिक बच्चों को भी वैक्सीन लग चुकी है।

# डेंगू का अभी डंक बरकरार इस साल अब तक 33 मामले

- फरवरी में एक सप्ताह में मिले 10 मरीज

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली में डेंगू का डंक अब भी बरकरार है। इस साल डेंगू के 33 मामले सामने आए हैं। पिछले एक हफ्ते में फरवरी में 10 नए मामले सामने आए हैं। अच्छी बात यह है कि इस साल अब तक मलेरिया और चिकनगुनिया का कोई मरीज सामने नहीं आए है। इससे पहले पिछले साल एक जनवरी से पांच फरवरी के बीच डेंगू के एक, वर्ष 2020 में दो और वर्ष 2019 में एक मामला सामने आया था। मच्छरों से फैलने वाली इस बीमारी के मामले आम तौर पर जुलाई से नवंबर के बीच सामने आते हैं लेकिन मध्य दिसंबर तक भी ऐसी स्थिति हो सकती है।

दक्षिणी दिल्ली नगर निगम के आंकड़ों के अनुसार इस साल पांच फरवरी तक इस बीमारी के कुल 33 मामले सामने आए जिनमें से 10 मामले पिछले एक सप्ताह के हैं। इससे पहले 2016 में डेंगू के 4431 मामले, 2107 में 4726 मामले, 2018 में 2798 मामले, 2019 में 2036 मामले और 2020 में 1072 मामले सामने आए थे।

वर्ष 2015 में शहर में डेंगू के बड़ी संख्या में मामले सामने आए थे और अक्टूबर 2016 तक ही इनकी संख्या 10,600 को पार कर गई थी। 1996 के बाद यह डेंगू का सबसे भयावह प्रसार था। दिल्ली में डेंगू से 2019 में दो लोगों की मौत हुई, 2018 में चार और 2017 तथा 2016 में दस-दस लोगों की जान इस बीमारी से गई। पिछले साल राष्ट्रीय राजधानी में डेंगू के 9613 मामले सामने आए थे जो वर्ष 2015 के बाद सर्वाधिक मामले थे। पिछले साल इस बीमारी से 23 लोगों की जान गई थी।

# दिल्ली वालों को गुमराह कर रहे केजरीवाल : कांग्रेस

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



- मुख्यमंत्री के प्रति लोगों का हो रहा मोह भंग : चौ. अनिल

नगर निगम चुनाव के मद्देनजर राजधानी दिल्ली की सियासत गरमा गई है। प्रदेश कांग्रेस ने मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि दलितों मुस्लिमों का आम आदमी पार्टी के प्रति मोहभंग हो गया है क्योंकि सत्ता में आने से पहले उनसे किए गए वादों को नहीं निभाया इसलिए एमसीडी चुनाव से पहले लोग आप को छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो रहे है। केजरीवाल दिल्ली वालों को गुमराह कर रहे हैं।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार की मौजूदगी में सोमवार को तिमारपुर विधानसभा के वार्ड से आम आदमी पार्टी और बसपा के 100 से भी अधिक नेता और कार्यकर्ता कांग्रेस में शामिल हुए। कुमार ने इन लोगों को पार्टी का पटका पहनाकर कांग्रेस में शामिल किया। कुमार ने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा से प्रेरित होकर निगम चुनाव से पहले कांग्रेस में शामिल होने वाले विपक्षी नेताओं की लम्बी कतार यह साबित करती है कि सत्ता पर आसीन दोनों विपक्षी पार्टियों निगम चुनावों में जीत के लाख दावे करने के बावजूद आने वाले समय में इन्हें सत्ता से बाहर का रास्ता दिखने वाला है।

# गांधी का अपमान राष्ट्रद्रोह, गिरफ्तार हों आरोपी

## राज्यसभा में आप नेता संजय का केंद्र पर तीखा हमला

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



आम आदमी पार्टी (आप) नेता संजय सिंह ने सोमवार को राज्यसभा में केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला और मांग की कि महात्मा गांधी को अपमानित करने वाले लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

सिंह ने उच्च सदन में राष्ट्रपति अभिभाषण पर पेश धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि देश आजादी के 75वें वर्ष में अपने महापुरूषों को याद कर रहा है लेकिन अभिभाषण में महात्मा गांधी का जिक्र नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में महात्मा गांधी को अपमानित किया जा रहा है।

उन्होंने मांग की कि अहिंसा के पुजारी महात्मा गांधी को अपमानित करना राष्ट्रद्रोह है और ऐसे लोगों को गिरफ्तार उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सरकार इस मामले पर खामोश हैं। उन्होंने केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार पर समाज को सांप्रदायिक आधार पर बांटने का आरोप लगाया और कहा कि उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी विधानसभा चुनाव को 80 बनाम 20 की लड़ाई बता रही है। इसके अलावा चुनाव में पाकिस्तान का नाम लेकर मतदाताओं को डराने का प्रयास किया जा रहा है।

आप नेता ने दावा किया कि मुफ्त राशन योजना मार्च तक ही है और चुनाव के बाद राशन योजना को खत्म कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार एक भारत, श्रेष्ठ भारत, सबका साथ सबका विश्वास की बात करती रहती है लेकिन उसकी करनी अलग होती है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति अभिभाषण के जरिए सरकार ने बड़ी-बड़ी बातें की हैं लेकिन जमीन पर उसके कदम एकदम विपरीत हैं।

# इमारत की चौथी मंजिल पर लगी आग

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली के पंजाबी बस्ती इलाके में एक इमारत की चौथी मंजिल पर स्थित एक मकान में सोमवार सुबह आग लग गई। पुलिस ने यह जानकारी दी।

अग्निशमन विभाग ने बताया कि उन्हें पूर्वाह्न 10 बजकर 32 मिनट पर आग लगने की सूचना मिली, जिसके बाद दमकल की तीन गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। विभाग के निदेशक अतुल गर्ग ने कहा, पूर्वाह्न 11 बजकर 35 मिनट के आसपास आग पर काबू पा लिया गया। चौथी मंजिल पर रखे घरेलू सामान और छत में आग लगी और बाद में यह इससे लगे मकान की छत तक भी फैल गई। अधिकारियों को संदेह है कि आग शॉट-सर्किट के कारण लगी होगी।

# उत्तराखंड में आप की सरकार बनीं तो करेंगे नवनिर्माण : केजरीवाल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली/देहरादून

उत्तराखंड में आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार बनी तो, 10 प्वाइंट एजेंडे पर काम कर उत्तराखंड का नवनिर्माण किया जाएगा। यह दावा आप संयोजक एवं दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को किया।

उत्तराखंड के दौरे पर आए केजरीवाल ने राज्य के चहुंमुखी विकास को लेकर पार्टी का रोडमैप रखा और कहा कि उत्तराखंड में सबसे बड़ा नासूर भ्रष्टाचार है। भ्रष्टाचार खत्म करना केवल आम आदमी पार्टी को ही आता है। हम सभी को मुफ्त शिक्षा व स्वास्थ्य सुविधाएं, पांच हजार रुपए बेरोजगारी भत्ता व महिलाओं को एक-एक हजार रुपए देने समेत अन्य सुविधाएं देंगे। इससे हर परिवार को हर साल दो लाख और पांच साल में 10 लाख रुपए का फायदा होगा। हमने दिल्ली में करके दिखाया है।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड पर करीब 60 हजार करोड़ रुपए का कर्ज है। यह सारा पैसा इन नेताओं ने लूटा है। दोनों पार्टियों ने केवल अपना घर भरने और एक-दूसरे को बचाने के सिवाय कुछ नहीं किया। उत्तराखंड के लोगों को आज एक ईमानदार विकल्प की जरूरत है और आम आदमी पार्टी वो ईमानदार विकल्प देगी।

# जेएनयू के छात्रों ने कामकाज में नए विचारों को सहर्ष स्वीकार किया था: प्रो. जगदीश

**नई दिल्ली।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नए अध्यक्ष एवं जेएनयू के पूर्व कुलपति एम. जगदीश कुमार ने सोमवार को कहा कि विश्वविद्यालय के छात्रों और सहकर्मियों ने संस्थान के प्रशासन द्वारा लाए गए नए विचारों एवं बदलावों को सहर्ष स्वीकार किया था। जवाहरलाल नेहरु विश्वविद्यालय (जेएनयू) के कुलपति के तौर पर अपनी नियुक्ति को याद करते हुए कुमार ने कहा कि उन्होंने वर्ष 2016 में जब यह पदभार संभाला था, तब वह विश्वविद्यालय में किसी को नहीं जानते थे।

प्रो. जगदीश कुमार ने कहा, जब उन्होंने 27 जनवरी 2017 को (कुलपति के) अपने कार्यालय में प्रवेश किया था, तो मैं जेएनयू में किसी को नहीं जानता था। लेकिन 2022 में, मैं और मेरी पत्नी यह कह सकते हैं कि हम जेएनयू में बेहतरीन लोगों से मिले और आपसे तथा आपके परिवार के साथ बहुत सुखद मुलाकात का आनंद उठाया। यह सिर्फ इसलिए हो सका कि परिसर में हम आनंदपूर्वक रहे थे। उन्होंने कहा कि जेएनयू के परिवर्तनकारी समय में इसका कामकाज संभालाना बहुत ही सम्मान की बात थी।

# फुटपाथ से अवैध पुलिस बूथ हटाने की याचिका हाईकोर्ट ने की खारिज

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को उस जनहित याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया, जिसमें राष्ट्रीय राजधानी की सड़कों और फुटपाथ पर कथित तौर पर मनमाने एवं अवैध तरीके से बनाए गए सभी पुलिस बूथ हटाने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया था।

याचिकाकर्ता जनसेवा वेलफेयर सोसाइटी ने आरोप लगाया था कि दिल्ली पुलिस ने नगर निगमों, पीडब्ल्यूडी और डीडीए जैसे स्थानीय प्राधिकरणों से जरूरी मंजूरी लिए बगैर ही सड़कों और फुटपाथ पर अवैध रूप से पुलिस बूथ बनाए हैं। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा, अवैध रूप से निर्मित पुलिस बूथ पैदल चलने वाले राहगीरों के लिए खतरनाक हैं। फुटपाथ पर अतिक्रमण नहीं होना चाहिए।

हालांकि, मुख्य न्यायाधीश डीएन पटेल और न्यायमूर्ति ज्योति सिंह की पीठ ने जब यह कहा कि वह याचिका को जुर्माने के साथ खारिज कर रही है , तब याचिकाकर्ता के वकील ने इसे बिना शर्त वापस ले लिया।

याचिकाकर्ता ने दावा किया था कि उसने दिल्ली पुलिस के मनमाने और गैरकानूनी कृत्यों के खिलाफ और पैदल चलने वाले राहगीरों को संविधान के तहत मिले जीवन के अधिकार सहित अन्य मौलिक अधिकारों की सुरक्षा के लिए उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। याचिका में कहा गया है, भारत में हजारों लोगों (पैदल चलने वालों) ने सड़कों पर चलते हुए अपनी जान गंवाई है।

# संक्षिप्त समाचार


फाइल फोटो

### अंतराष्ट्रीय खाद्य पदार्थ एवं आतिथ्य मेला 26 अप्रैल से

**नई दिल्ली।** प्रगति मैदान में इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन का सबसे प्रतीक्षित बी2बी कार्यक्रम आहार 2022-अंतरराष्ट्रीय खाद्य पदार्थ एवं आतिथ्य मेला 26 अप्रैल से शुरू होगा। आहार को दक्षिण एशिया क्षेत्र में खाद्य पदार्थ और आतिथ्य उद्योग का सबसे बड़ा एक्सपो होने का सम्मान प्राप्त है साथ ही इसने 35 वर्षों को पूर्ण कर लिया है। हाल के वर्षों में यह कार्यक्रम कई गुना बड़ा हो गया है एवं वैश्विक विक्रेता तथा सोर्सिंग पेशेवरों के आगमन के लिए खास गंतव्य बन गया है। इस साल, आहार भारतीय खाद्य उद्योग (जैविक, प्रसंस्कृत, फ्रोजन खाद्य, कृषि उत्पाद, पेय पदार्थ और स्पिरिट, आतिथ्य, सजावट, खाद्य और प्रौद्योगिकी, समुद्री उत्पाद, न्यूट्रास्यूटिकल्स, डेयरी और मत्स्यपालन को एक मंच प्रदान करने के लिए भी समर्पित है। मेला सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगा और प्रवेश की सुविधा गेट नंबर 4 (भैरों रोड) और गेट नंबर 10 (सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन) से होगी।

### कोविड-19 के 1,151 नए मामले, 15 मरीजों की मौत

**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस संक्रमण के 1,151 नए मामले सामने आए और 15 मरीजों की मौत हो गई जबकि संक्रमण दर मामूली रूप से बढ़कर 2.62 फीसदी रही। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़े के अनुसार नए मामले सामने आने के बाद राष्ट्रीय राजधानी में संक्रमण के कुल मामलों की संख्या बढ़कर 18,45,084 तक पहुंच गई और अब तक 25,998 मरीज इस घातक वायरस के कारण जान गंवा चुके हैं। राजधानी में रविवार को संक्रमण के 1,410 मामले सामने आए और 14 मरीजों की मौत हो गई थी जबकि संक्रमण दर 2.45 फीसदी रही थी। अस्पतालों में कोविड मरीजों के लिए 15,416 बिस्तर उपलब्ध हैं, जिनमें से 936 पर मरीज हैं। इसके मुताबिक, दिल्ली में फिलहाल 7,885 मरीज उपचाराधीन हैं।




सोमवार को मुख्यमंत्री निवास के बाहर प्रदर्शन कर रहे समर्थकों को संबोधित करते सांसद रमेश बिधूड़ी।

# वृद्धा पेंशन और राशन कार्ड के मुद्दे पर भाजपा का प्रदर्शन

- सांसद बिधूड़ी ने दी अनिश्चितकालीन धरने पर बैठने की चेतावनी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली सरकार द्वारा वृद्धा पेंशन और राशन कार्ड नहीं बनाने को लेकर भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी ने मुख्यमंत्री निवास पर समर्थकों के साथ सोमवार को प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन के दौरान रमेश बिधूड़ी ने कहा कि पिछले 7 वर्षों में दिल्ली सरकार ने एक भी नया राशन कार्ड नहीं बनाया है। जिससे पिछले सात वर्षों में 10 लाख लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। जबकि केंद्र सरकार पिछले दो साल से लोगों को मुफ्त राशन उपलब्ध करवा रही है। लोगों को मुफ्त राशन मार्च तक मिलता रहेगा। केजरीवाल ने लोगों के राशन कार्ड नहीं बनवाए जिसके कारण कोरोना संकट में लोगों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि राशन कार्ड ना होने के कारण बड़ी संख्या में लोगों को राशन नहीं मिल पाया। लाखों की संख्या में दिल्ली में रहने वाले मजदूर लोगों ने पलायन किया। इन लोगों को परेशानी हुई इसके लिए अरविंद केजरीवाल जिम्मेवार है।

बिधूड़ी ने कहा कि केजरीवाल सरकार ने पिछले 3 साल से एक भी वृद्धा पेंशन को स्वीकृति नहीं दी है। बिधूड़ी ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए जीएसटी के कारण दिल्ली का बजट लगभग दुगना हो गया है। इसके बावजूद भी दिल्ली सरकार बुजुर्गों को उनका हक नहीं दे रही है। बिधूड़ी ने कहा कि अगर इन दोनों मांगों पर ठोस कदम नहीं उठाया गया तो वह अपने समर्थकों और बुजुर्गों के साथ केजरीवाल के घर के बाहर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ जाएंगे।

# मॉक ड्रिल के खिलाफ याचिका पर सुनवाई नहीं

**नई दिल्ली।** हाईकोर्ट ने सोमवार को एक एनजीओ की उस याचिका पर सुनवाई से इंकार कर दिया, जिसमें नेहरू प्लेस में आग लगने के संबंध में दिल्ली अग्निशमन सेवा द्वारा की गई मॉक ड्रिल की रिपोर्ट को चुनौती दी गई थी। मॉक ड्रिल अदालत के आदेश पर की गई थी। उच्च न्यायालय ने कहा कि यह याचिका पूरी तरह न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग है। न्यायमूर्ति मनमोहन और न्यायमूर्ति नवीन चावला की पीठ ने कहा कि अलग से लंबित एक मामले में डीएफएस द्वारा दाखिल लफनामे को चुनौती देने वाली ताजा याचिका को कानूनी रूप से अनुमति नहीं दी जा सकती।

# टी-1 आगमन टर्मिनल परिचालन को तैयार

## अब हवाई यातायात क्षमता 10 करोड़ से बढ़कर 14 करोड़ हो जाएगी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली


फाइल फोटो

दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा लि. (डायल) ने सोमवार को कहा कि उसने टी-1 पर आगमन टर्मिनल का विस्तार कार्य पूरा कर लिया है और यह अब परिचालन के लिए तैयार है।

विस्तार योजना के तहत यह काम किया गया है। इसके पूरा होने के साथ हवाईअड्डे की कुल टर्मिनल क्षमता और हवाई यातायात (एयरसाइड) क्षमता बढ़कर 10 करोड़ और 14 करोड़ हो जाएगी।

फिलहाल, इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा (आईजीआईए) टर्मिनल की क्षमता छह करोड़ और हवाई यातायात क्षमता 10 करोड़ है।

जीएमआर ग्रुप के उप-प्रबंध निदेशक आई प्रभाकर राव ने एक विज्ञप्ति में कहा, डायल ने टर्मिनल-1 पर आगमन टर्मिनल का विस्तार कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है और यह परिचालन के लिए तैयार है। यह नया आगमन टर्मिनल दिल्ली हवाई अड्डे पर बुनियादी ढांचे और यात्री अनुभव को बेहतर बनाने की दिशा में एक और कदम है।

उन्होंने कहा, वर्तमान घरेलू आगमन परिचालन अब नवनिर्मित आगमन टर्मिनल पर चला जाएगा। इससे डायल मौजूदा आगमन टर्मिनल, टी-1सी को गिराने की स्थिति में होगा। राव ने कहा कि इमारत समय की मांग थी और इससे हवाईअड्डे की परिचालन क्षमता को बढ़ाने में मदद मिलेगी।

# कपिल देव बने दक्षिणी निगम के ब्रांड एंबेसडर

## *स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में सक्रिय रूप से भाग लेने व निगम का सहयोग करने का किया अनुरोध*

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



पूर्व कप्तान कपिल देव दक्षिणी निगम के ब्रांड एंबेसडर बन गए हैं। उन्होंने एसडीएमसी के मध्य जोन के सुंदर नगर क्षेत्र में आयोजित स्वच्छता कार्यक्रम में भाग लिया और निगम के स्वच्छता अभियान से जुड़े।

इस कार्यक्रम में कपिल ने सुंदर नगर के बच्चों व नागरिकों के साथ एक ढलाव घर पर स्वच्छता पर आधारित पेंटिंग भी की और नागरिकों से लोगों से अनुरोध किया कि वे स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में सक्रिय रूप से भाग लेकर निगम का सहयोग करे। साथ ही देव ने बच्चों, आर.डब्ल्यू.ए. और नागरिकों को प्रोत्साहित किया और कहा कि वे निगम द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता अभियानों में भाग लेकर अपना महत्वपूर्ण योगदान दें।

पूर्व क्रिकेट खिलाड़ी ने स्थानीय लोगों से अपील किया कि आम सहभागिता द्वारा ही स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाया जा सकता है। उन्होंनें कहा कि लोगों को घर पर ही कचरे को अलग-अलग करने की आवश्यकता है ताकि निगम द्वारा कचरे का उचित निष्पादन किया जा सके।

स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 और आजादी के अमृत महोत्सव में दक्षिणी निगम द्वारा सुंदर नगर क्षेत्र में बच्चों के लिए एक पेंटिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बच्चों ने कॉलोनी में स्थित ढलाव घर पर सुंदर व आकर्षक चित्र उकेरा।

इन पेंटिंग द्वारा स्त्रोत पर कचरे को अलग-अलग करने व स्वच्छता बनाए रखने के संदेश दिए गए। इस कार्यक्रम का मुख्य थीम 3 आर. (रिडियूज, रिसाइकल, रियूज) और स्त्रोत पर ही कूड़े का पृथक्करण करना था। इन पेंटिंग को बनवाने का मुख्य मकसद क्षेत्र के सौंदर्यीकरण के साथ-साथ नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना और अच्छी स्वच्छ आदतों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है।

दक्षिणी निगम द्वारा सभी जोनों में बड़े पैमाने पर निगम भवनों, ढलाव घरों, चौराहों, सार्वजनिक शौचालयों आदि पर स्वच्छता पर आधारित वॉल पेंटिंग बनाई जा रही है।

# डीयू खोलने की मांग को लेकर छात्रों ने किया प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

डीडीएमए के राष्ट्रीय राजधानी में ऑफलाइन कक्षाएं बहाल करने की अनुमति दिए जाने के कुछ दिनों बाद परिसर को तत्काल खोलने की मांग को लेकर सैकड़ों छात्रों ने सोमवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति के कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी छात्रों ने वीसी कार्यालय के दरवाजे पर आउट ऑफ सर्विस लिखी तख्ती टांग दी।

भारतीय छात्र संघ ने बताया कि घेराव में 400 से अधिक छात्रों ने हिस्सा लिया। हिंदू कॉलेज में एसएफआई के सचिव अंकित बीरपाली ने कहा, छात्रों की नाराजगी साफ नजर आ रही है। आप इसे उनके चेहरों पर देख सकते हैं, उनकी आवाज में सुन सकते हैं। कुलपति को अगले दो दिनों में फैसला लेना चाहिए, वरना हमें अपनी कक्षाओं के ताले खुद तोड़ने पड़ेंगे। एसएफआई ने दावा किया कि अन्य छात्र और शिक्षक संगठनों ने भी प्रदर्शन के प्रति समर्थन जताया।

उसने दावा किया कि विश्वविद्यालय के 53 से अधिक विभागों ने ऑनलाइन कक्षाओं का पूर्ण बहिष्कार किया। मिरांडा हाउस की एक छात्रा आरुषि शर्मा ने कहा, हममें से कई अभी दिल्ली में नहीं हैं।

# यूपी की जनता दूसरी बार कमल खिलाने को तैयार: नवीन गोयल

### नवीन गोयल को गृह मंत्री अमित शाह के साथ मंच पर रहने का मिला अवसर

### नवीन गोयल पश्चिमी उत्तर प्रदेश में प्रवासी कार्यकर्ता के रूप में कर रहे हैं चुनाव प्रचार

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


यूपी के बागपत में चुनाव प्रचार के दौरान मंच पर गृह मंत्री अमित शाह के साथ मौजूद नवीन गोयल व अन्य नेता।

**उत्तर** प्रदेश (यूपी) चुनाव में पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल का राजनीतिक कद बढ़ा है। प्रवासी कार्यकर्ता के रूप में वे पश्चिमी उत्तरप्रदेश में चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं। पार्टी के बड़े नेताओं के साथ नवीन गोयल को चुनाव प्रचार का दायित्व पार्टी की ओर से दिया गया है। बागपत के सम्राट पृथ्वीराज चौहान डिग्री कालेज के मैदान पर अमित शाह की चुनावी जनसभा में नवीन गोयल ने मंच साझा किया। स्वयं अमित शाह ने नवीन गोयल समेत अन्य नेताओं की पीठ थपथपाई। भारतीय जनता पार्टी की ओर से नवीन गोयल को चुनाव की घोषणा होने से पहले ही प्रवासी कार्यकर्ता के रूप में ड्यूटी लगाई थी। वहां कई दिन तक प्रवास करके उन्होंने क्षेत्र के नेताओं से जमीनी सर्वे करके मतदाताओं की नब्ज टटोली। नवीन गोयल लगातार पश्चिमी उत्तरप्रदेश में पार्टी के प्रचार के लिए सक्रिय हैं। गृह मंत्री अमित शाह की जनसभाओं में उत्तर प्रदेश सहप्रभारी कैप्टन अभिमन्यु, सांसद डा. सतपाल सिंह, प्रत्याशी सूरजपाल, राजीव जैन, रणबीर ढाका, क्षेत्रीय अध्यक्ष मोहित बैनीवाल, जिला प्रभारी हिमांशु मित्तल, जिला अध्यक्ष सुगनपाल सिंह, प्रदेश प्रवक्ता आनंद अवस्थी आदि वरिष्ठ नेताओं के साथ वे लगातार चुनावी जनसभाओं की जिम्मेदारी संभाले हुए हैं।

नवीन गोयल ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का धन्यवाद भी किया है। उन्होंने गृह मंत्री अमित शाह द्वारा दी गई जानकारी सांझा करते हुए कहा कि अकेले बागपत क्षेत्र में पिछले पांच साल में 3400 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्य हुए हैं। नवीन गोयल ने चुनाव प्रचार की फीडबैक के आधार पर दावा किया है कि यूपी की जनता फिर से कमल खिलाने को तैयार है।

# सदियों तक याद रहेंगे लताजी के गीत: बोधराज सीकरी


लता मंगेशकर।


बोधराज सीकरी।

**गुरुग्राम।** पंजाबी बिरादरी महासंगठन के प्रधान बोधराज सीकरी ने कहा कि अपने सदाबहार गीतों से हर वेदना, संवेदना, खुशी और गम के भावों को समेटकर लता मंगेशकर जी ने अपनी गायकी के कौशल से भारत को एक अनुपम धरोहर दी है। हम गर्व से कह सकते हैं कि हमारे पास लता जी नाम का वो अनमोल रत्न हैं जो युगों-युगों तक उनके संगीत के माध्यम से स्मरण किया जाएगा।

श्रीसीकरी ने कहा कि जब भी हम अपने जीवन के किसी अहम हिस्से और याद को कुरेदेंगे तो लता जी का कोई ना कोई गीत हमारे जहन में स्वत: ही आ जाएगा जो हमारे उस पल को भाव-विभोर कर देगा। ना जाने कितने ऐसे लोग होंगे, जिनको लताजी के गीतों से जीवन के संघर्षों को लड़ने का बल मिला होगा। उनका गाया गीत-ए मेरे वतन के लोगों, जरा आंख में भर लो पानी...जब भी सुनते हैं मन देशप्रेम और शहीदों के बलिदान के प्रति कृतज्ञता के भावों से सराबोर हो जाता है। बोधराज सीकरी ने कहा कि इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं है कि संगीत की दुनिया में लता जी को सरस्वती का अवतार माना जाता है।

# गुरुग्राम नामचर्चा घर में कड़ी सुरक्षा के बीच पहुंचे गुरमीत राम रहीम


साउथ सिटी-2 में डेरा सच्चा सौदा के नाम चर्चा घर के बाहर खड़ी पुलिस की गाड़ियां।

### 21 दिन की फरलो मिलने की सूचना के बाद से ही बढ़ा दी गई सुरक्षा कड़ी

**गुरुग्राम।** पहली बार 21 दिन की फरलो मिलने के बाद डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह इंसा रोहतक से सीधे गुरुग्राम पहुंचे। यहां साउथ सिटी-2 स्थित डेरा सच्चा सौदा के नाम चर्चा घर (सत्संग घर) में उनका काफिला सायं 04:55 बजे यहां पहुंचा। नाम चर्चा घर में शाही परिवार के सदस्य मां, बेटियां, दामाद और बच्चे भी पहुंचे।

डेरा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह इंसा के गुरुग्राम आगमन की सूचना के साथ ही पुलिस प्रशासन सक्रिय हो गया। पुलिस को पहले से ही मैसेज पहुंच गया था कि डेरा प्रमुख सड़क मार्ग से रोहतक से सीधे गुरुग्राम पहुंचेंगे। करीब एक दर्जन गाड़ियों के काफिले के साथ सफेद रंग की फॉर्च्यूनर कार में सवार होकर वे यहां नाम चर्चा घर में पहुंचे। पहले से ही यहां सुरक्षा कड़ी कर दी गई थी। भारी पुलिस बल की तैनाती नाम चर्चा घर व इसके आसपास के क्षेत्रों में रही। नाम चर्चा के आगे से जाने वाली सड़क पर पुलिस का पहरा रहा। गुरमीत सिंह के आने से घंटों पहले ही किसी को भी नाम चर्चा घर के निकट आने-जाने की इजाजत नहीं थी। पुलिस ने यहां बैरिकेट लगा रखे थे।

### काफी संख्या में श्रद्धालु भी पहुंचे


नाम चर्चा घर में पहुंचे डेरा प्रमुख के परिवार के सदस्यों की गाड़ियां।


गुरमीत राम रहीम सिंह

**गुरमीत** राम रहीम सिंह इंसा के गुरुग्राम आने की सूचना पर नाम चर्चा घर में डेरा सच्चा सौदा के श्रद्धालु पहुंचने शुरू हो गए थे। हालांकि पुलिस की कड़ी सुरक्षा के चलते किसी भी श्रद्धालु को अंदर जाने की इजाजत पुलिस प्रशासन ने नहीं दी। सुरक्षा के लिहाज से पुलिस ने पहले ही नाम चर्चा घर में सुरक्षा उपकरणों के साथ सुरक्षा का जायजा लिया। वहां रहने वाले जिम्मेदारों को ही अंदर रहने दिया गया। बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को दूर ही रखा गया।

# परिवर्तन-एक प्रयास संस्था ने चमकाया भगत सिंह चौक







गुरुग्राम के सेक्टर-5 चौक की पहले और वर्तमान की तस्वीर।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### सेक्टर-5 स्थित भगत सिंह चौक को तिरंगे रंग में पेंट करके दी बेहतर लुक

**लंबे** समय से जीर्ण-शीर्ण पड़े सेक्टर 4-7 चौक के बाद अब परिवर्तन-एक प्रयास संस्था ने सेक्टर-5 भगत सिंह चौक की भी कायापलट कर दी है। संबंधित विभागों की उदासीनता के बाद संस्था ने खुद ही इस चौक के सुधारीकरण के कदम उठाए। अब इसे तिरंगे रंग से पोतकर बेहतर लुक दे दी गई है।

परिवर्तन-एक प्रयास की चेयरपर्सन एवं मिसेज हरियाणा-2018 रितु कटारिया ने बताया कि सेक्टर-5 चौक से पहले सेक्टर 4-7 चौक के बारे में भी प्रशासन को अवगत करवाया। प्रशासन की कोई ओर से कोई भी सुनवाई नहीं की। संस्था ने प्रशासन की उदासीनता के बाद स्वयं ही इन चौक के सौंदर्यकरण का बीड़ा उठाया। रितु कटारिया ने बताया कि इसी तरह बिना रुके अपने शहर के सौंदर्यकरण कार्य करवाते रहेंगे। परिवर्तन एक प्रयास से धर्मवीर हिंदुस्तानी ने बताया कि उनके पास और भी मुद्दें हैं। जिसके बारे में प्रशासन को अवगत करवाया जा चुका है। अगर प्रशासन इसी प्रकार अनदेखा करेगा तो हम ही अपनी तरफसे आगे भी सौंदर्य के कार्यों का काम जारी रखेंगे।

राजेश बोहरा समाज सेवी ने दोनों चौक के रंग रोगन का जिम्मा उठाया हुआ है। राजेश बोहरा ने बताया कि परिवर्तन-एक प्रयास के सभी कार्य देशहित में है। इसलिए जनता को संस्था का तन-मन-धन से सहयोग करना चाहिए। इस अवसर पर भाविका, पार्थ हिंदुस्तानी, अंकित सिंह के आलवा नवीन गुप्ता, रविंदर जैन, सुमित्रा गोधारा, सुमेर सिंह तंवर, अंकित अलग की टीम, दिनेश वसिष्ठ, पदम सिंह व उनके साथी महेश चंद्र चतुर्वेदी, कमलजीत सिंह, विनोद कटारिया (प्रधान), राहुल भारद्वाज (सचिव), खुशबू रानी, लोकेश वशिष्ठ, नमन अग्रवाल, गौरव मंगला, एमसी चतुर्वेदी, नवीन गोयल(समाज सेवी), मोहित सैनी व अन्य साथी मौजूद रहे।

# डबल इंजन सरकार ने यूपी में बढ़ाई विकास की गति

### यूपी के साहिबाबाद क्षेत्र में चुनाव प्रचार करने पहुंचे विधायक

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


यूपी चुनाव में साहिबाबाद क्षेत्र में प्रचार के दौरान एक बुजुर्ग से आशीर्वाद लेते गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला।

**गुरुग्राम** के विधायक सुधीर सिंगला यूपी चुनाव में प्रचार के लिए साहिबाबाद पहुंचे। वहां उन्होंने भाजपा प्रत्याशी सुनील शर्मा के पक्ष में मतदान की अपील की। इस दौरान उन्होंने पिछले 5 साल में योगी सरकार में हुए विकास कार्यों का भी बखान किया। उनके साथ गुरुग्राम से सेंकड़ों कार्यकर्ता भी पहुंचे।

विधायक सुधीर सिंगला ने डोर-टू-डोर आमजनों तक भाजपा की विकासवादी सरकार की उपलब्धियां गिनवाई। साहिबाबाद के लोगों मे भी योगी सरकार के लिए उत्साह देखने योग्य रहा। विधायक सुधीर सिंगला ने चुनाव प्रचार के दौरान लोगों को भय, भ्रष्टाचार मुक्त भाजपा सरकार फिर से बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हर वर्ग तक सरकारी योजनाओं का लाभ केवल भाजपा सरकार में पहुंचा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समान विकास करके प्रदेश को अग्रणी राज्यों में शामिल किया है। सुधीर सिंगला ने कहा कि यूपी के सम्पूर्ण विकास के लिए भविष्य में भी भाजपा सरकार जरूरी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अन्य राज्यों की तरह उत्तर प्रदेश में भी विकास का रोडमैप तैयार करके उस पर अनेक काम किए हैं। प्रदेश में अनेक हाईवे का निर्माण हो चुका है। सड़कों का जाल बिछाया जा चुका है। वाराणसी का जिस तरह से विकास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है, इससे पहले कभी नहीं हुआ।

लोगों ने विधायक सुधीर सिंगला व उनके साथ पहुंचे पार्षद सुभाष सिंगला, अश्विनी शर्मा, योगेन्द्र सारवान, सीमा पाहुजा, मनीष वजीराबाद, पूर्व डिप्टी मेयर परमिंदर कटारिया, पूर्व पार्षद मंगतराम बागड़ी, भाजपा गुरुग्राम युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी, सरस्वती मंडल अध्यक्ष अभिषेक गुलाटी, नीरज यादव, सचिन देवतवाल, आशीष गुप्ता, अमित तंवर, सुरेंद्र यादव, सत्यनारायण शर्मा, एडवोकेट राघव शर्मा, राम बाबू, मनीष चौधरी, मनीष सैदपुर, सुनील मेंबर, दीपचंद फौजी, मदन गोपाल सिंगला का भव्य स्वागत करते हुए भाजपा के पक्ष में मतदान का वादा किया।

# देवीलाल स्टेडियम में तीरंदाजी व वालीबाल ट्रैक पर खर्च होंगे एक करोड़ रुपये

### तीरंदाज खिलाड़ियों को बैठने, पेयजल और खेल उपकरणों की मिलेंगी सुविधाएं

पायनियर समाचार सेवा। सोहना।



**शहर** के देवीलाल खेल स्टेडियम में इंडोर स्टेडियम सहित खिलाड़ियों के लिए तीरंदाजी व वालीबाल ट्रैक भी बनाया जाएगा। जिनके निर्माण पर खेल स्टेडियम कमेटी द्वारा करीब एक करोड़ से भी अधिक रुपये खर्च किये जायेंगे। स्थानीय देवीलाल खेल स्टेडियम के दिन जल्द ही बहुरने की संभावना है। जिसके लिए स्टेडियम समिति इस स्टेडियम का कायाकल्प करने का मन बना लिया है।

समिति ने स्टेडियम के विकास के लिए कई प्रस्तावों को हरीझंडी प्रदान की है। ताकि अपनी बदहाल पर आसू बहा रहा स्टेडियम की हालत को संवारा जा सके। इसके साथ-साथ खेल स्टेडियम की आय में वृद्धि करने के लिए सर्विस मार्ग की तरफ 30 दुकानों का निर्माण किया जाएगा। स्टेडियम में आने वाले खिलाड़ियों से लेकर वीआईपी पार्किंग की सुविधा का निर्माण होगा। शुक्रवार को खेल स्टेडियम समिति की हुई बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले लेते हुए प्रस्तावों पर मोहर लगा दी। जिसमें स्टेडियम परिसर में तीरंदाजी व वालीबाल का ट्रैक बनाया जाएगा। दोनों ही ट्रैकों पर लाखों रुपये की राशि खर्च की जाएगी। तीरंदाजी खिलाड़ियों के बैठने से लेकर पेयजल की सुविधा और उनके खेल से संबंधी उपकरणों के रखरखाव की सुविधा दी जाएगी।

**ऐसा कहते हैं चैयरमैन**

**स्टेडियम** में अभ्यास के लिए आने वाले खिलाड़ियों को समिति सुविधाएं उपलब्ध कराएगी। जिसके लिए इंडोर स्टेडियम समेत ट्रैक तैयार करने के आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के उद्देश्य से दुकानों का निर्माण करके किराए से आय बढ़ाई जाएगी।

**जितेन्द्र गर्ग**
**( एसडीएम, सोहना )**

# नगर परिषद अपनी जमीन को जल्द कब्जा मुक्त कराए: निगम कमिश्नर

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

### नगर परिषद इन भूमियों पर लिए लगे स्टे आदेशों को पैरवी कर खारिज कराएगी

**गुरुग्राम** नगर निगम आयुक्त मुकेश आहूजा ने सोहना पहुंच परिषद सामलात देह जमीन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद आयुक्त ने परिषद की जमीन को कब्जा मुक्त कराने के आदेश दे दिए है। नगर परिषद अपनी सीमा क्षेत्र में सामलातदेह भूमि को जल्द ही अपने कब्जे में लेगी। जिसके लिए परिषद विभाग रणनीति बनाने में जुट गया है।

नगर परिषद इस भूमि पर लिए स्टे आदेशों को पैरवी करके खारिज कराएगी। जिससे लिए नगर परिषद अपनी कब्जाई हुई जमीन को मुक्त कराने के लिए अदालत का दरवाजा खटखटा सकती है। सोमवार को गुरुग्राम नगर निगम आयुक्त मुकेश आहूजा ने सोमवार को नगर परिषद में पहुंचे। कमिश्नर ने शहर में स्थित सामलात देह की जमीन का स्थानीय अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परिषद के कार्यकारी अधिकारी अतरसिंह, एक्सइएन इंजीनियर, जेई और परिषद के प्रशासक एवं एसडीएम सोहना जितेन्द्र गर्ग मौजूद रहे। निगम आयुक्त ने परिषद अधिकारियों को जल्द सामलात देह की जमीन पर कब्जा लेने के लिए सभी प्रकार नियमों को अपनाते हुए कार्रवाई अमल में लाने को कहा गया है। सबसे पहले निगम कमिश्नर ने बालूदा गांव पहुंचकर परिषद भूमि का निरीक्षण किया। नगर परिषद की बालूदा करीब 42 एकड़ भूमि है। जानकार सूत्रों के अनुसार सरकार इस भूमि पर निर्माण करने की फिराक में है। इसके अलावा समस्त प्रशासनिक अमले ने सोहना पहाड़ी भूमि का निरीक्षण किया। अरावली पहाड़ी में कब्जाधारियों ने न्यायालय से स्टे आदेश हासिल किया हुआ है। जिसके कारण परिषद विभाग कुछ भी करने में असमर्थ है। निगम कमिश्नर ने समस्त भूमि का निरीक्षण के बाद स्टे आदेशों को जल्द से जल्द खारिज कराने के फरमान दिए हैं।

**प्रदेश की अमीर परिषदों में से एक :** नगर परिषद की गिनती प्रदेश में सबसे धनाढ्य परिषदों में शामिल है। जिसके पास अरबों रुपये की भूमि है। परिषद करीब 2 हजार एकड़ भूमि की मालिक है। किंतु अधिकारियों की लापरवाही के कारण अधिकांश भूमि पर अवैध कब्जे हैं। इसके अलावा काफ ी संख्या में मामले अदालत में विचाराधीन हैं। जिसके कारण परिषद प्रशासन अपनी भूमि पर कब्जे लेने से वंचित है। किंतु निगम कमिश्नर के दौरे से परिषद प्रशासन हरकत में आने की संभावना है।

# ग्रामीण क्षेत्र में सड़कों पर गड्ढ़ों चालक परेशान

### सड़कों का पेचवर्क अधिक दिन तक नहीं हो सका कामयाब

पायनियर समाचार सेवा। सोहना


भोंडसी से सिलानी जाने वाला एलीवेटेड मार्ग पर बने गहरे गड्ढ़े।

**खंड** के ग्रामीण क्षेत्र में सड़कों पर हो रहे गड्ढ़ों के कारण वाहन असंतुलित हो रहे हैं। इससे चालक खासे परेशान दिख रहे हैं। भोंडसी से सिलानी जाने वाले परमिट लाइन मार्ग सहित दमदमा, खेड़ला से नया गांव, सोहना से दौला, अलीपुर से गढ़ीबाजीदपुर अन्य मार्गों पर बने गड्ढ़े जान लेवा हादसों को न्योता दे रहे हैं।

बारिश का मौसम समाप्त होने के बाद क्षेत्र के ग्रामीण आंचल में बनी सड़कों पर हुए गड्ढ़ों का पेचवर्क तो किया गया, लेकिन ये पेचवर्क अधिक दिन तक कामयाब नहीं हो सका। जिसके कारण सोहना से दमदमा, दमदमा से नया गांव-भोंडसी, भोंडसी से सिलानी परमिट लाइन, सोहना से दौला, सोहना से खरौदा, दौला से हरचंदपुर, लाला खेड़ली, एलीवेटेड मार्ग से अलीपुर-हरियाहेड़ा, रायसीना से सोहना के बीच बनी सड़कों पर गहरे गड्ढ़े बने हुए है। इन गड्ढ़ों से गुरजते समय वाहन दूर से नाचते हुए चलते नजर आते हैं। लेकिन ये गड्ढ़े जानलेवा हादसों को न्योता दे रहे है।

### कोहरे में और खतरनाक

**शहरी** क्षेत्र में पिछले तीन दिन से कोहरे का असर नजर नहीं आ रहा है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्र में छाने वाला कोहरा में सड़कों के बीच बने गड्ढ़े और भी खतरनाक बन जाते हैं। क्योंकि कोहरे के कारण वाहनों के शीशे पर धुंध छा जाने से वाहन चालकों को गड्ढ़े बहुत ही नजदीक आने पर नजर आते है। ऐसे में आगे चलने वाले तथा पीछे से आने वाले वाहनों के बीच में टकराव का खतरा बना रहता है। बाइक व स्कूटी सवार तो आए दिन किसी न किसी सड़क पर गड्ढ़ों से बचान के दौरान गिरकर चोटिल हो रहे हैं।

**जल्द** ही ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों की मरम्मत का बजट तैयार किया जाएगा। जिसे मंजूरी मिलने के बाद उच्चाधिकारियों के पास भेजा जाएगा। मंजूरी मिलने पर सड़कों का निर्माण किया जाएगा।

**अजीत सिंह**
**( एसडीओ लोक निर्माण विभाग )**

# सद्भावना सप्ताह के रूप में मनेगा इंद्रेश का जन्मदिवस

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


इंद्रेश कुमार।


अमित गोयल।

**भारत-तिब्बत** सहयोग मंच की ओर से मंच के संयोजक इंद्रेश कुमार का जन्मदिवस देशभर में सद्भावना सप्ताह के रूप में मनाया जाएगा। यह निर्णय मंच के राष्ट्रीय महामंत्री पंकज गोयल की अध्यक्षता में वर्चुअल बैठक में लिया गया। भारत तिब्बत सहयोग मंच के राष्ट्रीय महामंत्री पंकज गोयल मंच द्वारा आयोजित किये जा रहे सभी राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि इस बार भारत तिब्बत सहयोग मंच के मार्गदर्शक माननीय इन्द्रेश कुमार जी के जन्मदिवस के उपलक्ष में मनाये जाने वाला सद्भावना दिवस अब बृहद रूप में 17 से 24 फरवरी तक मनाया जाएगा।

भारत-तिब्बत सहयोग मंच के हरियाणा प्रांत प्रभारी अमित गोयल ने बताया कि उत्तर क्षेत्र के पदाधिकारियों के साथ मंच के राष्ट्रीय पदाधिकारियों एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक का संचालन क्षेत्र संयोजक सूर्यभान पाण्डे ने किया। राष्ट्रीय मंत्री एवं उत्तर क्षेत्र के प्रभारी विजय शर्मा ने बैठक ने बताया कि विगत कई वर्षों से भारत तिब्बत सहयोग मंच इन्द्रेश कुमार जी के जन्मदिवस को सद्भावना दिवस के रूप में मनाता आ रहा है। उन्होंने इस अवसर पर बीटीएसएम द्वारा आयोजित होने वाले विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला।

हरियाणा प्रांत के अध्यक्ष अमित गोयल ने कहा कि इंद्रेश कुमारजी के जन्मदिवस के उपलक्ष में आयोजित होने वाले सद्भावना सप्ताह के दौरान हरियाणा प्रांत में गौ आश्रम में गुड़ चारा दान, नेत्रहीन लोगों को भोजन दान, अस्पताल में जरूरतमंदों को फल दान, कुष्ठ आश्रम में फल दान, वृद्ध आश्रमों में फल दान, अनाथ आश्रमों में, अस्पतालों में फल दान, हवन और मंदिर में पूजा का कार्यक्रम, प्रिंट और सोशल मीडिया में प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

# मारपीट के मामले में पांच गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा द्वारा अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों की धरपकड़ के लिए दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए पुलिस चौकी सेक्टर-8 की टीम ने एक युवक के साथ की गई मारपीट के मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में रामकिशन, अनिल, योगेश जयकुमार तथा राहुल का नाम शामिल है। सभी आरोपी फरीदाबाद के गांव सिही के निवासी हैं। आरोपियों के खिलाफ लड़ाई झगड़ा तथा मारपीट की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें पीड़ित सुनील ने दी अपनी शिकायत में बताया की आरोपियों ने उसके भाई सन्नी के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की थी जिसमे सन्नी को 9 चोटें आई थी। पीड़ित सुनील ने बताया कि वह सीही गांव का निवासी है। आरोपी उसी के गांव के रहने वाले हैं। कल सुबह करीब 11 बजे उसका भाई अपने दूसरे घर में जाने के लिए निकला था कि थोड़ी दूरी पर चलते ही आरोपियों ने उसे बीच सड़क पर घेर लिया और लाठी-डंडों के साथ उसके साथ मारपीट की थी।

# निरंकारी महाविद्यालय की छात्राएं सीख रहीं आत्मरक्षा के गुर


सोहना के निरंकारी महाविद्यालय में छात्राएं आत्मरक्षा का प्रशिक्षण प्राप्त करती हुई।

**सोहना।** शहर के निरंकारी बाबा गुरबचन मैमोरियल महाविद्यालय की छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाएं जाएंगे। जिसके लिए कॉलेज में 15 दिन का प्रशिक्षण शिविर शुरू किया है। राज्य सरकार के आदेशानुसार राजकीय स्कूलों के साथ-साथ शहर के निरंकारी गुरुबचन सिंह मैमोरियल महाविद्यालय में छात्राओं को निडर और अपने दुश्मन से निपटने के लिए आत्म सुरक्षा के गुर सिखाकर मजबूत बनाया जाएगा।

छात्राओं को आत्म रक्षा के गुर सिखाने की जिम्मेदारी निरंकारी मिशन ने देश की प्रसिद्ध ट्रेनर रेणु कादियान सौंपी है। कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. एमएस खत्री ने बताया कि पहले चरण में 80 छात्राओं का शिविर लगाया गया है। यह शिविर 15 दिन तक चलेगा। आत्मरक्षा के गुर सिखने वाली इच्छुक छात्राओं के लिए और भी शिविर लगाए जाएंगे। देश की प्रसिद्ध ट्रेनर रेणु कादियान ने बताया कि वर्तमान समय में लड़कियां लड़कों से किसी भी क्षेत्र में कम नहीं है।

### प्रसिद्ध ट्रेनर रेणु कादियान ने कहा, लड़कियां लड़कों से कम नहीं

आज किशोरियों से लेकर महिलाओं के लिए जिम खुले गए हैं। क्योंकि लड़कियां अपनी आत्मरक्षा खुद करना चाहती हैं। पिछले करीब 4 से 5 वर्षो के अंदर लड़कियों और महिलाओं से छेड़छाड़ की वारदातें बढ़ती जा रही हैं। सोमवार से शिविर को शुरू किया गया। इस अवसर पर प्रवक्ता प्रेरणा शर्मा, प्रवक्ता डीपी सिंह, लिपिक आर्य, नेहा गुप्ता, रुतिका, सोनिया, संजना आदि के अलावा छात्राएं मौजूद थी।

# भारी जुर्माना भरकर भी वाहन चालक तोड़ रहे यातायात नियम

कविता। फरीदाबाद

**यातायात** पुलिस जिले में लगातार लापरवाही बरत रहे वाहन चालकों और मास्क न लगाने वालों के चालान काट रही है। वर्ष 2020 में पुलिस द्वारा कुल 112949 चालान काटकर कुल 73972850 रुपये की वसूली की।

वहीं वर्ष 2021 में कुल 138416 चालान काटकर 7,78,46,850 रुपये की वसूली की। बिना मास्क वालों के वर्ष 2020 में कुल 21,375 चालान कर 1,06,87,500 रुपये वसूले और वर्ष 2021 में 20,716 चालान काटकर 10,358,000 रुपये वसूले। वहीं जनवरी 2022 में 19,694 वाहनों के चालान काटे हैं। इस दौरान बिना मास्क वालों के 14,823 चालान काटते हुए 34 हजार 612 मास्क बांटे और 74 लाख 11 हजार 500 रुपये का जुर्माना लोगों पर लगाया गया है। इसके बावजूद यातायात नियम तोड़ने वाले सुधरने को तैयार नहीं हैं। बार-बार हिदायतें देने के बावजूद दोपहिया वाहनों पर दो से

## बिना मास्क के साढ़े 14 हजार चालान, फिर भी गाइडलाइन का पालन नहीं



बीके चौक पर नियम तोड़ने वालों के चालान काटती यातायात पुलिस।

अधिक लोगों के सफर करने का सिलसिला जारी है। निजी वाहन से लेकर सार्वजनिक परिवहन में लोगों के मास्क नहीं लगाए जाने के मामले आम बात हो गई है। जानकारी के मुताबिक कोरोना काल में सड़कों पर मनमानी करना शहरवासियों की जेब पर भारी पड़ रहा है। दो वर्ष जुर्माना चुकाने के बाद भी लोग ट्रैफिक नियमों को तोड़ रहे हैं। जनवरी 2022 में यातायात पुलिस द्वारा 19 हजार 694 वाहनों के चालान काटे हैं। जिसमें ई-चालान 10 हजार 500 शामिल हैं। ई-चालान के लिए यातायात पुलिस की तरफ से लोगों पर 14 लाख 400 रुपये का जुर्माना भी किया गया है। कई वाहनों को जब्त किया तथा कई वाहन चालकों पर जुर्माना भी ठोंका गया है। इसके बाद भी लोग ट्रैफिक नियमों का पालन करने में गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं और लगातार नियमों को तोड़ रहे हैं। वहीं बिना मास्क वालों के 14,823 चालान के साथ ही 74 लाख 11 हजार 500 रुपये का जुर्माना लगाया। वहीं 70 दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए करीब तीन लाख का जुर्माना लगाया।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने कहा कि ट्रैफिक नियम तोड़ने पर लगने वाले जुर्माने की दर को बढ़ा दिया गया है। ऐसे में शहरवासियों के लिए नियमों की अनदेखी करना और भी महंगा साबित हो सकता है। यातायात नियमों का पालन न करने के मामलों में लगातार कार्रवाई हो रही है। समय समय पर जागरूकता कार्यक्रम भी चलाए जा रहे हैं। इसके बावजूद लोगों की आदतों में सुधार होता नहीं दिख रहा है। लोगों को खुद भी नियमों के प्रति सचेत रहना चाहिए।

# संक्षिप्त समाचार

## कोविड अस्पताल से कैदी कर रहे भागने का प्रयास



बीके में बना हुआ अस्थाई अस्पताल।

**फरीदाबाद।** शहर के बादशाह खान अस्पताल में कैदी वार्ड अस्पताल के तृतीय तल पर था, लेकिन फिलहाल जेल से आने वाले अधिकांश कैदी कोरोना पॉजिटिव हैं। जिसे देखते हुए उन्हें अस्पताल परिसर में बने अस्थाई कोविड-19 अस्पताल में भर्ती किया जा रहा है। लेकिन इस अस्थाई अस्पताल में भर्ती होने वाले कैदी उसे ही नुकसान पहुंचा कर वहां से भागने का प्रयास कर रहे हैं, ऐसा ही चार दिन पहले एक कैदी ने किया। उसने अस्पताल की खिड़की को तोड़कर भागने का प्रयास किया। हालांकि उसे पकड़ लिया गया, लेकिन अस्पताल को होने वाले नुकसान से बचाने के लिए पीएमओ डॉ. सविता यादव ने जेल सुपरीटेंडेंट और जिला उपायुक्त को पत्र लिखकर कैदियों को नीमका जेल में आईसोलेट करने का निवेदन किया है। वहीं उन्होंने कहा कि यह अस्थाई अस्पताल कंटेनर का बना हुआ है। इसमें खिड़कियां एल्यूमिनियम की लगाई गई है। इन एल्युमिनियम की खिड़कियों को कैदी से आसानी से तोड़कर फरार होने की कोशिश कर रहे हैं।

## आज बिजली निगम के सर्किलों पर होंगे प्रदर्शन

**फरीदाबाद।** प्रदेश में जारी कर्मचारी आंदोलनों की अग्रिम कड़ी में हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्करज यूनियन दवारा घोषित अपने 30 सूत्रीय मांगों के मांग पत्र के विरोध में 22 फरवरी 2022 की राज्यव्यापी हड़ताल को लेकर एवम आज यानी आठ फरवरी को प्रदेश के तमाम बिजली निगम के सर्किलों पर विरोधस्वरूप प्रदर्शन होंगे। जिसमें इस कार्यक्रम के तहत एक आवश्यक बैठक 33 केवी स्विचिंग सिस्टम पावर हाउस हार्डवेयर पर बैठ कल दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम फरीदाबाद सर्किल सेक्टर-23 के प्रांगण में होने वाले जबरदस्त विरोध प्रदर्शन को सफल बनाने को लेकर आज एचएसईबी वर्करज यूनियन सर्कल इकाई के कर्मचारी नेताओं ने अपने-अपने बिजली दफ्तरों सहीत सभी बिजली शिकायत केंद्रों का दौरा किया और अपील करते हुए भारी संख्या में कर्मचारियों से पहुंचने का आह्वान किया। प्रदेश सरकार एवम बिजली निगम मैनेजमेंट की कर्मचारी विरोधी शोषणकारी नीतियों के खिलाफ शीर्ष नेतृत्व के निर्णायक फैसले अनुसार होने वाली इस एक दिवसीय राज्यव्यापी हड़ताल को कामयाब बनाने के लिये रणनीति तैयार कर बिजली कर्मचारी नेताओं ने अपनी कमर कसते हुए जोर शोर से हड़ताल की तैयारीयां शुरू कर दी हैं ।

## जल संरक्षण को लेकर किया ग्रामीणों को जागरूक

**फरीदाबाद।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की टीम ने जिला सलाहकार दीपक कुमार व कनिष्ठ अभियंता रिंकू शर्मा की देखरेख में गांव में जल संरक्षण को लेकर ग्रामीणों को जागरूक किया और पानी की जांच हेतु मोबाइल लैब ने पानी के सैंपल लिए। जिला सलाहकार दीपक कुमार ने बताया कि पानी की जांच हेतु मोबाइल लैब ने ढांण्ड खंड के 7 गांवों सोगल, नंदकरण-माज़रा, कोटड़ा, संतोख-माजरा, फरीयाबाद, थेह-बारी व नरवल के पानी के सैंपल लिए। जिला सलाहकार दीपक कुमार ने बताया कि पानी की टीडीएस, पीएच, फ्लोराइड, आयरन, टोटल-हार्डनेस, सल्फेट, नाइट्रेट, जिंक, ट्रबीडिटी की जांच होती है। लैब में 10 पैरामीटर की जांच की जाती है। जिला सलाहकार दीपक कुमार ने बताया कि 80 प्रतिशत बीमारियां साफ पानी ना मिलने के कारण होती है। पानी पीने लायक नहीं हुआ तो उसमें जो खामियां है उनको दूर किया जाएगा। अगर पानी पीने योग्य नहीं है तो ग्रामीणों के पीने के पानी के वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी। इससे लोगों को पानी की गुणवत्ता का पता लगेगा। उन्होंने बताया कि मोबाइल लाइव गांव-गांव जाकर पानी के सैंपल लेकर मौके पर ही पानी की गुणवत्ता के बारे में जानकारी देगी। जिला सलाहकार दीपक कुमार कि एक दिन में मोबाइल लैब 7 गांवों में जाकर सैंपल लेगी। इस मौके पर बीआरसी साहिब सिंह, सोगल के सरपंच राजेश कुमार व ग्रामीण मौजूद रहे।

## जीएफए ने दी लता मंगेशकर को श्रद्धांजलि



एनआईटी में लता मंगेशकर को श्रद्धांजलि देते ग्लोब फ्रेम आर्ट के सदस्य।

**फरीदाबाद।** ग्लोबल फ्रेम आर्ट (जीएफए) द्वारा सोमवार को एनएच एक स्थित कार्यालय पर स्वर कोकिला एवं भारत रत्न लता मंगेशकर के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस श्रद्धांजलि सभा में जीएफए के डायरेक्टर प्रदीप गुप्ता, रमाकांत तिवारी, फिल्म कलाकार अशोक डी स्टार, कोर्डिनेटर संजू सांवरिया, प्रीत कौर, शैली बब्बर, सुरेश सिंह, परम सन्धू आदि ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। उपस्थित साथियों को सम्बोधित करते हुए जीएफए के डायरेक्टर प्रदीप गुप्ता ने कहा कि स्वर कोकिला लता जी का शरीर पूरा हो गया। कल सरस्वती पूजा थी, मां विदा हो रही हैं। लगता है जैसे मां सरस्वती इस बार अपनी सबसे प्रिय पुत्री को ले जाने ही स्वयं आयी थीं। मृत्यु सदैव शोक का विषय नहीं होती। मृत्यु जीवन की पूर्णता है। लताजी का जीवन जितना सुन्दर रहा है, उनकी मृत्यु भी उतनी ही सुन्दर हुई है। 93 वर्ष का इतना सुन्दर और धार्मिक जीवन विरलों को ही प्राप्त होता है। लगभग पांच पीढ़ियों ने उन्हें मंत्रमुग्ध हो कर सुना है और हृदय से सम्मान दिया है। रमाकांत तिवारी, प्रीत कौर, संजू सांवरिया ने कहा कि लताजी के पिता ने जब अपने अंतिम समय में घर की बागडोर उनके हाथों में थमाई थी, तब उस तेरह वर्ष की नन्ही जान के कंधे पर छोटे-छोटे चार बहन-भाइयों के पालन की जिम्मेवारी थी। लताजी ने अपना समस्त जीवन उन चारों को ही समर्पित कर दिया। आज जब वे गयी हैं तो उनका परिवार भारत के सबसे सम्मानित प्रतिष्ठित परिवारों में से एक है। किसी भी व्यक्ति का जीवन इससे अधिक सफल क्या होगा। भारत पिछले कई दशकों से लताजी के गीतों के साथ जी रहा है। हर्ष में, विषाद में, ईश्वर भक्ति में, राष्ट्र भक्ति में, प्रेम में, परिहास मे हर भाव में लता जी का स्वर हमारा स्वर बना है।

## नियम तोड़ने पर 1698 ऑटो चालकों के चालान किए

**फरीदाबाद।** पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि डीसीपी ट्रैफिक सुरेश कुमार द्वारा ऑटो यूनियन के साथ आयोजित की गई बैठक में जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए ऑटो चालकों को अहम निर्देश दिए गए थे। ट्रैफिक पुलिस द्वारा ऑटो रिक्शा चालकों तथा ड्राईवर यूनियन को यातायात नियमों के प्रति लगातार जागरूक किया जा रहा है। ऑटो चालकों को निर्देश दिए गए हैं कि वह अपने ऑटो को बीच सड़क तथा भीड़भाड़ वाले स्थानों पर खड़ा न करें ताकि इसकी वजह से यातायात व्यवस्था में कोई बाधा उत्पन्न ना हो। शहर को जाम मुक्त बनाने के लिए ऑटो स्टैंड की जगह निर्धारित की जा रही है जिसके तहत ऑटो चालकों को चिन्हित किए गए स्थानों पर अपना ऑटो खड़ा करने की अनुमति रहेगी। निर्धारित स्थान के अलावा अगर ऑटो बीच सड़क पर खड़े नजर आएंगे तो उनके खिलाफ कानून के तहत कार्रवाई की जाएगी। अवैध रूप से ऑटो चला रहे ऑटो चालकों पर निगरानी रखने के लिए सभी ड्राइवरों को यूनिकोड दिया जाएगा जिससे ऑटो ड्राइवर की पहचान ट्रैफिक पुलिस के द्वारा की जा सकेगी। यातायात पुलिस ने शहर में ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले ऑटो चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उनका चालान काटकर उन्हें आर्थिक रूप से दंडित किया है। वर्ष 2021 में ट्रैफिक पुलिस द्वारा 1603 तथा इस वर्ष अब तक 99 ऑटो चालकों का चालान काटा जा चुका है। ट्रैफिक पुलिस द्वारा ऑटो चालकों को विशेष हिदायत दी गई हैं कि वह शहर में ट्रैफिक जाम उत्पन्न होने का कारण न बने और ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए यातायात नियमों का पालन कर ट्रैफिक पुलिस के कार्य में सहयोग करें।

# जन सहयोग से ग्रामीण इलाकों को बनाएंगे स्वच्छ : सुभाष चंद्र

## ग्रामीण क्षेत्र में स्वच्छता अभियान के नोडल अधिकारी होंगे ग्राम सचिव

## स्वच्छता और पर्यावरण को बचाने के लिए भी दिलवाई शपथ

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**स्वच्छ** भारत मिशन प्रदेश टास्क फोर्स के कार्यकारी वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने कहा कि स्वच्छता अभियान में सामाजिक संस्थाओं, एनजीओ और जनप्रतिनिधियों की भागीदारी जरूरी है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्र में गांव में ग्राम पंचायतों के सचिव नोडल अधिकारी होंगे।

सुभाष चंद्रा ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल और देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छता अभियान पर गंभीरता से कार्य कर रहे हैं। इसलिए इस कार्य को कोई भी अधिकारी या कर्मचारी हल्के में ना लें। जिस भी अधिकारी और कर्मचारी का जो भी दायित्व मिला है उसे गंभीर रूप से लेकर निर्धारित समय पर पूरा करना सुनिश्चित करें।



स्वच्छता अभियान में कार्यक्रम पर्यावरण के बचाने की शपथ लेते अधिकारी।

वाईस चैयरमैन सुभाष चंद्र ने कहा कि जिला फरीदाबाद के ग्रामीण क्षेत्र को स्वच्छ भारत मिशन के तहत पांच कलस्टर बनाए गए हैं। ग्रामीण क्षेत्र में 100 पंचायतें हैं और प्रत्येक ग्राम पंचायत ओडीएफ हो चुकी है। उन्होंने एक-एक करके सामुदायिक टॉयलेट, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट/कचरा प्रबंधन, स्वच्छता सर्वेक्षण सहित अभियान से जुड़े प्रत्येक पहलू पर एक-एक करके ग्राम सचिव और स्वच्छता कोऑर्डिनेटर व अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों से बारीकी से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान पर सरकार गंभीर है और हम सबकी जिम्मेदारी और सामाजिक दायित्व भी है कि स्वच्छता अभियान में सहभागिता हम सब का नैतिक कर्तव्य भी है। स्वच्छता अभियान को प्रत्येक व्यक्ति अपने व्यवहार के साथ जोड़े। इस विषय पर सरकार गम्भीरता से कार्य कर रही है। स्वच्छता अभियान को गैर सरकारी और असरदार बनाना है। प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी को टीम लीडर की भावना से कार्य करके इस कार्य को और बेहतर तरीके से करना है। प्रत्येक गांव में एक-एक समस्या कमेटियां बनाई गई हैं। इसके अलावा वार्ड वाइज भी कमेटियां बनाई जाएं ताकि ग्रामीण क्षेत्र में स्वच्छता अभियान बेहतर तरह से चलया सके। कलस्टर कोऑर्डिनेटर और ग्राम सचिव आपस में बेहतर तालमेल करके ग्रामीण क्षेत्र में स्वच्छता अभियान को और बेहतर तरीके से करने का प्रयास करें। बैठक में स्वच्छता और पर्यावरण को बचाने के लिए शपथ भी दिलवाई गई। वाइस चेयरमैन ने फोन करके स्वच्छता अभियान से जुड़े जनप्रतिनिधियों को स्वच्छता अभियान में बेहतर कार्य करने पर मुख्यमंत्री और प्रदेश टास्क फोर्स की तरफ से धन्यवाद कर आभार प्रकट किया।

बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त सतबीर मान ने वाईस चेयरमैन सुभाष चंद्र का जिला प्रशासन की तरफ से स्वागत कर धन्यवाद किया। उन्होंने बैठक में को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता इंसान के लिए अति आवश्यक है। इसलिए स्वच्छता अभियान में हर नागरिक की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए हमें आपस में बेहतर तालमेल करके कार्य को और भी बेहतर तरीके से क्रियान्वित करना होगा।

स्वच्छता अभियान को एक मिशन के रूप में लेकर इसे क्रियान्वित करना है। इसलिए इस अभियान को और बेहतर तरीके से आमजन की भागीदारी के साथ करने के लिए हमें एक मिशन के रूप में कार्य करें। बैठक में प्रदेश टास्क फोर्स स्वच्छ भारत मिशन के सदस्य वेद प्रकाश और डॉ आरके जांगड़ा, डीडीपीओ राकेश मोर बीडीपीओ प्रदीप कुमार और स्वच्छता अभियान के जिला कोऑर्डिनेटर उपेंद्र सिंह सहित सभी ग्राम सचिव और कोऑर्डिनेटर उपस्थित रहे।

# सरकार की खेल नीति से निखर रही हैं प्रतिभाएं



गांव छायसां में आयोजित प्रतियोगिता के उद्घाटन के अवसर पर संबोधित करते हरियाणा भंडारण के चेयरमैन नयनपाल रावत और अन्य लोग।

## विधायक ने छांयसा में किया कुश्ती प्रतियोगिता का उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हरियाणा** भंडारण के चेयरमैन एवं पृथला से विधायक नयनपाल रावत ने कहा है कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा खिलाड़ियों के लिए अच्छी खेल नीति बनाने का ही परिणाम है कि आज ग्रामीण क्षेत्रों से भी प्रतिभाएं निखरकर सामने आ रही है।

उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों में जहां खिलाड़ियों को खेल सुविधाओं से वंचित रखा जाता था वहीं मनोहर सरकार में बेहतर खेल नीति के चलते ही आज देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी खिलाड़ी हरियाणा का डंका बजा रहे हैं। श्रीरावत गांव छांयसा स्थित गुरु चंद्रभान अखाड़ा में ओपन कुश्ती प्रतियोगिता का बतौर मुख्यातिथि उद्घाटन करने के उपरांत उपस्थितजनों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अंडर-10 क्रिकट वर्ल्ड कप विजेता टीम को बधाई देते हुए कहा कि इस टीम में भी हरियाणा के तीन खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया और देश का नाम रोशन किया।

उन्होंने ओपन कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों से परिचय लेते हुए उन्हें सीख दी कि वह खेल को खेल भावना से खेलें, क्योंकि खेलों में हार-जीत तो लगी रहती है, लेकिन वह भाईचारे की भावना को भी बनाए रखें। इस दौरान श्रीरावत ने घोषणा करते हुए कहा कि गांव छांयसा में एक करोड़ की लागत से सुंदर इंडोर स्टेडियम बनाया जाएगा, जिससे युवा खिलाड़ी खेलों में अपना भविष्य बना सके। उन्होंने ओपन कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन करने वाली कमेटी के पदाधिकारियों की भी प्रशंसा की।

# अनियमितता पर 11 डिपो धारकों पर कार्रवाई

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**उपायुक्त** जितेन्द्र यादव ने कहा कि खाद्य सामग्री वितरण की राशन डिपुओं के त्रुटियों के आधार पर एनआईटी केन्द्र के दो डिपो धारकों के लाईसेंस निलम्बित किए गए। इसी क्रम में ओल्ड फरीदाबाद केन्द्र के चार डिपो धारकों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए है। साथ ही पांच डिपो धारको की समस्त प्रतिभूति जब्त की गई।

आपको बता दें निदेशालय खाद्य एवं पूर्ति हरियाणा चण्डीगढ़ के निर्देशानुसार वर्तमान में जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले नियन्त्रक विन्शेल सहरावत ने डिपोओं पर मास फरवरी चैकिंग अभियान चलाया। जिला नियन्त्रक ने संबंधित क्षेत्रिय अमला को साथ लेकर डिपोओं की राशन वितरण जांच की तो जांच के दौरान पाई गई त्रुटियों के आधार पर एनआईटी केन्द्र के 2 डिपो धारकों के लाईसैंस निलम्बित किए गए। इसी क्रम में ओल्ड फरीदाबाद केन्द्र के 4 डिपो धारकों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। साथ ही 5 डिपो धारको की समस्त प्रतिभूति जब्त की गई। जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले नियन्त्रक विन्शेल सहरावत ने आगे बताया कि आगे भी चैकिंग अभियान जारी रहेगा। निदेशालय खाद्य एवं पूर्ति हरियाणा, चण्डीगढ के निर्देशानुसार वर्तमान में गेहूं, ओपीएच व बीपीएल राशन कार्ड पर 5 किलोग्राम गेहूं प्रति व्यक्ति दो रुपये प्रति किलोग्राम तथा एएवाई राशन कार्ड पर 35 किलोग्राम गेहूं प्रति कार्ड दो रुपये प्रति किलोग्राम और गेहूं बीपीएल, एएवाई व ओपीएच कार्ड पर पांच किलोग्राम गेंहू प्रति व्यक्ति मुफ्त (फ्री) में तथा बीपीएल व एएवाई कार्डो पर चीनी व नमक एक किलोग्राम प्रति कार्ड वितरित किये जा रहे हैं।

# अभाविप ने लता को श्रद्धांजलि दी

**फरीदाबाद।** सुर सम्राज्ञी गान सरस्वती लता मंगेशकर जी, जो अपनी सांसारिक यात्रापूर्ण कर देवलोक प्रस्थान कर गई पंडित जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय फरीदाबाद की अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने नम आंखों से स्वर कोकिला को श्रद्धांजलि अर्पित की। ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें। शोकाकुल परिवार और समस्त देशवासियों को यह असहनीय पीडा सहने की शक्ति प्रदान करें।

इस मौके पर लताजी को श्रद्धांजलि देते हुए राष्ट्रीय कला मंच के प्रांत प्रमुख डॉ भूपेन्द्र ने कहा कि जीवन पर्यन्त लता दीदी संगीत से जुड़ी रही। हम सबको उनके जीवन से सीखना चाहिए। वे अपने आप में एक संगीत की संस्था थी। इस मौके पर राष्ट्रीय कला मंच जिला सह संयोजक आदित्य मौर्य, इस एनएसएस इंचार्ज गिर्राज, संगीत विभाग की प्राध्यापिका चारु आदि मौजूद रहे।

# वित्तीय स्थिति मजबूत करने को ट्रेड लाइसेंस बनाने के आदेश

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**निगमायुक्त** ने निगम की वित्तीय स्थिति को सदृढ़ करने के लिए निगम की विभिन्न मदों से होने वाली आय के सम्बन्ध में विचार-विमर्श करने के लिए सम्बधित अधिकारियों के साथ बैठक की। इस बैठक में निगमायुक्त ने यह आह्वान किया कि सभी संयुक्त आयुक्त/क्षेत्रीय एवं कराधान अधिकारी सुनिश्चित करें कि निगम क्षेत्र में आने वाली सभी वाणिज्यिक/औद्योगिक और या गैर-आवासीय इकाईयां प्रयोग अनुसार कर का भुगतान करें।

सभी को नियमानुसार व्यापार लाइसेंस अनिवार्य रूप से जारी करने के बारे में व्यापक चर्चा हुई। आयुक्त, नगर निगम, फरीदाबाद ने कहा कि हरियाणा नगर निगम अधिनियम, 1994 की धारा 330-331 की संलग्न अनुसूचियों में निहित प्रासंगिक प्रावधानों और विवरणों का



निगमायुक्त यशपाल यादव।

अवलोकन करते हुए, बैठक में कहा कि नगर निगम द्वारा जारी किए गए ट्रेड लाइसेंस की संख्या, निगम के अधिकृत क्षेत्रों में चल रही इकाईयों की अपेक्षा काफी कम हैं। जिससे इस निगम को हर साल भारी वित्तीय नुकसान हो रहा है। नगर निगम आयुक्त ने यह भी बताया कि उन सभी इकाईयों द्वारा जो घोषित वाणिज्यिक/औद्योगिक और या गैर आवासीय क्षेत्र में स्थित हैं, जिनकी व्यापार या गतिविधि हरियाणा नगर निगम, अधिनियम, 1994 की धारा 330-331 से जुड़ी अनुसूचियों में उल्लेखित है, नगर निगम, से ट्रेड लाइसेंस प्राप्त करना अनिवार्य है। आयुक्त ने आगे कहा कि संबंधित आवेदक को इस उद्देश्य के लिए निगम के कार्यालय में आने की आवश्यकता नहीं है।

ऐसे आवेदन के लिए ऑनलाइन लाइसेंस के लिए प्रार्थना दे सकते है तथा लाइसेंस प्राप्त कर सकते हैं। निगमायुक्त ने सभी संबंधितों से अपील की कि वे अपने व्यापार और या औद्योगिक/ वाणिज्यिक गतिविधियों के लिए निगम में 31 मार्च 2022 से पहले आवेदन करके लाइसेंस प्राप्त करें। ताकि ऐसी इकाईयां कानूनी कार्यवाही से बच सके। साथ-साथ निगमायुक्त ने सभी क्षेत्रीय एवं कर अधिकारियों को भी आदेश दिये है कि वे 31 मार्च 2022 तक ऐसी सभी इकाईयों जो घोषित क्षेत्र में स्थित है, को लाइसेंस लेने के लिए बाध्य करें।

# पुलिस ने सुनीं वरिष्ठ नागरिकों की समस्याएं

## महिला सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ट्यूशन सेंटर पर बढ़ाई जाएगी सतर्कता

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**पुलिस** आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के दिशा-निर्देश के तहत कार्य करते हुए पुलिस थाना सेक्टर-58 प्रभारी भारतेंद्र व उनकी टीम ने सेक्टर-55 के वरिष्ठ नागरिकों, आरडब्लूए तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ एक बैठक आयोजित की। जिसमें वहां पर मौजूद नागरिकों ने अपनी समस्याएं थाना प्रभारी के सामने रखीं।

वहां पर मौजूद नागरिकों ने बताया कि यहां आस-पास के ट्यूशन सेंटर पर लड़कियां कोचिंग के लिए जाती हैं। लेकिन कुछ आवारा किस्म के



सेक्टर-55 में वरिष्ठ नागरिकों और आरडब्लूए के सदस्यों के साथ बैठक करते सेक्टर 58 के थाना प्रभारी भारतेंद्र।

लड़के इन कोचिंग सेंटर के आस-पास घूमते रहते हैं। लड़कियों को तंग करते हैं। इसके साथ ही यहां के पार्क में भी लड़के आवारागर्दी करते हैं। आपस में गंदी-गंदी गालियां देते रहते हैं। जिससे समाज का माहौल खराब होता है। थाना प्रभारी ने लोगों द्वारा बताई गई समस्याओं का समाधान करने के लिए ट्यूशन सेंटर पर पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने का आश्वासन दिया तथा पार्क व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर निगरानी रखकर उनके खिलाफ कानून के तहत सख्त कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। इसके साथ ही थाना प्रभारी ने वहां पर मौजूद सभी नागरिकों को अपने आस-पास के एरिया में निगरानी रखकर अमानवीय क्रियाएं करने वाले व्यक्तियों की सूचना पुलिस को देने की हिदायत दी। उन्होंने लोगों को भरोसा दिलाया कि पुलिस को सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान को गोपनीय रखा जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि किराए अपने मकान में रह रहे किरायेदारों की पुलिस वैरिफिकेशन अवश्य करवाएं। बिना पुलिस वैरिफिकेशन किसी भी व्यक्ति को अपना मकान किराए पर न दे क्योंकि इससे राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा पैदा हो सकता है। बिना पुलिस वेरिफिकेशन के आप यह नहीं पता कर पाते कि आपके मकान में रहने वाला व्यक्ति किस प्रवृत्ति का है।

थाना प्रभारी ने वहां पर मौजूद लोगों को पुलिस कार्यों में सहयोग करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि पुलिस नागरिकों के सहयोग से ही समाज में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने में कामयाब होती है, इसलिए अपने आसपास किसी भी प्रकार के संदिग्ध व्यक्ति की सूचना पुलिस को दें ताकि पुलिस द्वारा तुरंत कार्रवाई करके किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को घटित होने से पहले ही रोककर एक बेहतर समाज का निर्माण किया जा सके।

# डीएवी कॉलेज में एनसीसी प्रशिक्षण शिविर का समापन



डीएवी कॉलेज में चल रहे एनसीसी वार्षिक प्रशिक्षण के समापन अवसर पर मुख्य अथिति के साथ कैडेट्स।

**फरीदाबाद।** डीएवी शताब्दी महाविद्यालय में चल रहे एनसीसी 2022 का समापन बड़े उत्साह के साथ समाप्त हुआ। इस कैम्प में फरीदाबाद के डीएवी शताब्दी महाविद्यालय, डीएवी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, अग्रवाल कॉलेज, जवाहर लाल नेहरू कॉलेज, राजकीय महाविद्यालय तिगांव और जेसी बोस यूनिवर्सिटी के लगभग 160 कैडेट्स ने भाग लिया।

इस शिविर में नौसैनिक विषयों के साथ साथ व्यावहारिक विषयों जैसे ड्रिल वेपन ट्रेनिंग शिप माडलिंग सेमाफोर इत्यादि का प्रशिक्षण लिया। सीनियर फायर ऑफिसर आरडी भारद्वाज द्वारा आग लगने की स्थिति में क्या-क्या कदम उठाने हैं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। ईएसआई मेडिकल कॉलेज से आए डा रत्न और डा निखिल द्वारा प्राथमिक चिकित्सा के बारे में अवगत कराया और आपातकालीन स्तिथि में रोगी को अतिरिक्त नुकसान पहुंचाए बिना कौन से कदम उठाए जाने चाहिए। प्राथमिक चिकित्सा के बाद रोगी को यदि अस्पताल ले जाने की आवश्यकता पड़ती है तो उसकी स्थिति को ध्यान में रखते हुए कैसे सम्हालना है।

## लता मंगेशकर
### अमर स्मृति

**वह** स्वर मौन हो गए हैं जिन्होंने कम से कम तीन पीढ़ियों की भावनाओं को अभिव्यक्ति दी तथा भारतीय संगीत उद्योग पर 70 साल शासन किया। रविवार शाम लाखों लोगों ने इस अपूरणीय क्षति पर नम आंखों और चेहरे पर यंत्रणा के भावों के साथ लता मंगेशकर की अंतिम यात्रा में भाग लिया। संयोग से यह दिन महाराष्ट्र, गोवा और कर्नाटक में सरस्वती विसर्जन का दिन भी था। जीवन के शुरुआती सालों में हेमा कही जाने वाली सख्शियत को सभी लोग प्यार से लता दीदी कहते थे। उन्होंने अपने कॅरियर की शुरुआत 1942 में की और उनका निधन मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में हुआ। कोविड-19 व न्यूमोनिया संक्रमण के बाद उनको 28 दिन पहले अस्पताल में भर्ती किया गया था। उन्होंने सहज व स्वाभाविक रूप से जो गाने गाए उनमें प्रसन्नता, आनन्द, जोश, शोख़ी, रोमांस, दुःख, लोक, धार्मिक व देशभक्ति प्रकट होती थी। यह तथ्य बहुत लोकप्रिय है कि जब उन्होंने तत्कालीन राष्ट्रपति एस. राधाकृष्णन व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की उपस्थिति में 1963 में नई दिल्ली के राष्ट्रीय स्टेडियन में गणतंत्र दिवस पर अपना उल्लेखनीय गाना 'ऐ मेरे वतन के लोगों, जरा आंख में भर लो पानी' गाया था तो नेहरू की आंखों से आंसू बह निकले थे। 1962 के चीन युद्ध में शहीद सैनिकों की याद में गाए इस गाने ने लोगों की घड़कनें बढ़ा दी थीं। 'बालीवुड की नाइटिंगेल' कही जाने वाली लता मंगेशकर ने अपनी छोटी बहन आशा भोंसले के साथ दशकों तक संगीतप्रेतियों के दिल पर



राज किया तथा उन्होंने विभिन्न आयु वर्गों व भौगोलिक सीमाओं को लांघा।

उनको लंदन के रायल अल्बर्ट हाल में सम्माननीय प्रदर्शन देने वाली पहली भारतीय होने का गौरव प्राप्त है। अपने लंबे कॅरियर में सुर साम्राज्ञी लता मंगेशकर ने महानतम भारतीय संगीतकारों व संगीत निर्देशकों के साथ काम किया, हालांकि, ओ.पी.नय्यर इसका अपवाद हैं। वे अपने हुनर के बारे में इतनी सतर्क थीं कि जब एक बार दिलीप कुमार ने उनके गाए हिंदी-उर्दू गाने में उच्चारण पर हल्की आपत्ति की तो उन्होंने काफी समय तक उर्दू में सबक पढ़े। आरोप है कि पांच में से चार गाने गाने वाली बहनों ने अन्य उभरते गायकों को फिल्म प्रोड्यूसरों व संगीत निर्देशकों से हतोत्साहित करने को कहा। ऐसा न होने पर वे गुस्सा करतीं और उनके गीतों का बहिष्कार कर देतीं। उन्होंने लगभग 80 गाने एकसाथ गाए। इनमें जिस देश में गंगा बहती है का 'क्या हुआ, ये मुझे क्या हुआ', प्रोफेसर का 'कोई आएगा आएगा', जहांआरा का 'जब जब तुम्हें भुलाया तुम और याद आए', जेल यात्रा का 'पाके अकेली मुझे छेड़ रहा' तथा उत्सव का 'मन क्यों बहका से बहका आधी रात को' जैसे यादगार गाने शामिल हैं। उनकी जीवनयात्रा की व्याख्या सूरज को दीपक दिखाने की तरह होगा। भारत रत्न से सम्मानित गायिका ने 1,000 से अधिक हिंदी तथा अनेक अन्य भाषाओं की फिल्मों में गाने गाए। महानतम भारतीय पार्श्वगायिका के रूप में वे अपने असाधारण गानों के रूप में हमेशा जीवित रहेंगी। इस संबंध में उनका यह गाना उल्लेखनीय है, 'नाम गुम जाएगा, चेहरा ये बदल जाएगा, मेरी आवाज की पहचान है, गर याद रहे।'

# एयर इंडिया के विक्रय पर अनुत्तरित प्रश्न

देश के खजाने के लिए राष्ट्रीय वाहक के सौदे की कीमत क्या है, असली सवाल है? मोदी सरकार में विनिवेश की नीति अपने चरम पर पहुंच गई है।

**वींरैया कंडूरी**
(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)






**वि**निवेश के अद्वैत को एक आर्थिक नीति साधन के रूप में समझने का प्रयास किया गया। पिछले तीन दशकों से, हमें बताया गया है कि विनिवेश एक रणनीतिक हथियार है जिसे सरकारें दुनिया भर में सरकारी खजाने पर बोझ को कम करने और बड़े सार्वजनिक अच्छे के लिए आय का एहसास करने के लिए तैनात करती हैं। सरकार को छोड़कर जो कुछ भी सरकार है, उसे संदेह की नजर से देखा जाता है, चाहे वह बुनियादी ढांचा हो, सेवा हो, शिक्षा हो या स्वास्थ्य हो। अधिकांश मुखर और अन्यथा सोचने वाले दिमागों ने ईडन का फल खा लिया और सार्वजनिक क्षेत्र के हर कर्मचारी में शैतान को समझने लगे। बुद्धिजीवियों की एक नई नस्ल ने विनिवेश के दर्शन का बचाव करते हुए अच्छी तरह से तेलयुक्त तर्कों के साथ अपना करियर बनाया और कोरस में शामिल हो गए 'व्यापार सरकारों का व्यवसाय नहीं है।'

मोदी सरकार में विनिवेश की नीति अपने चरम पर पहुंच गई। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की वक्तृत्व कला ने विनिवेश को शासन की समस्याओं को हल करने की अद्भुत क्षमता के साथ जिम्मेदार ठहराया। वर्तमान में भारत में जिस तरह से चीजें हो रही हैं, उसे देखते हुए यह दर्शाता है कि इस सरकार को भी बाजार के देवताओं के सामने नतमस्तक होना है। आप इसे जो भी नाम दें, नीति निर्धारण का अंतिम उद्देश्य देश की संपत्ति की कीमत पर निजी पूंजी को लाभ पहुंचाना है। देश के सामने ऐसे दो उदाहरण हैं जिनके तर्क का बचाव अद्वैत दर्शन के देवता आदि शंकर द्वारा भी नहीं किया जा सकता है। आइए उन दो उदाहरणों पर विचार करें।

वोडाफोन आइडिया, भारत में तीसरा सबसे बड़ा सेलुलर नेटवर्क रुपये के नीचे चल रहा है। 1.95 लाख करोड़ रुपये का कर्ज बोझ, जिसमें रु। भारत सरकार को देय 16000 करोड़ रुपये का ब्याज। वोडाफोन ने ब्याज बोझ के एवज में सरकार को 35 फीसदी इक्विटी शेयर आवंटित करने की पेशकश की। केंद्र सरकार ऐसा करने से खुश है। वह भी तब हुआ जब देश के इजारेदार पूंजीवादी समूह महिंद्रा में से एक ने घोषणा की कि वह वोडाफोन के वित्तीय रिकॉर्ड को सीधा नहीं कर सकता और संयुक्त उद्यम से बाहर निकल गया। दूसरा मामला एयर इंडिया की बिक्री का है। जैसा कि अब तक स्पष्ट है, टाटा द्वारा शुरू की गई फर्म ने रुपये का नकद भुगतान किया। देश की प्रमुख उड़ान कंपनी एयर इंडिया का पूर्ण स्वामित्व हासिल करने के लिए 2700 करोड़ रुपये। इस बिक्री के लिए निर्धारित आरक्षित मूल्य मात्र रु. एक फर्म के लिए 12906 करोड़, जिसके पास देश और विदेश के विभिन्न हवाई अड्डों पर 112 चौड़े पंखों वाले विमान, 24 संकीर्ण पंखों वाले विमान, 4400 घरेलू और 1800 अंतरराष्ट्रीय उड़ान लैंडिंग और पार्किंग स्लॉट थे। केंद्र सरकार चाहती थी कि हम विश्वास करें कि केवल सात कंपनियों ने बोली प्रक्रिया में भाग लेने के बारे में सोचा था, जिनमें से पांच को तकनीकी कारणों से अयोग्य घोषित कर दिया गया था। केवल टाटा की व्यवसाय विकास टीम ही नीति निर्माताओं की कल्पना को पकड़ सकी और सफल बोलीदाता के रूप में सामने आई। इसके लिए और कई अन्य कारणों से, एयर इंडिया की बिक्री संदेह की हवा से भरी हुई है। अगर कोई 21 जुलाई को संसद में सरकार के लिखित जवाब पर जाता है, तो हमें विश्वास करना होगा कि इस बिक्री के माध्यम से, सरकार को इस बिक्री प्रक्रिया के माध्यम से पूरी लागत का एहसास हुआ। सवाल यह है कि इस सौदे की कीमत देश के खजाने पर क्या है।

इस बिक्री के पूरा होने पर, लगभग सभी समाचार निर्माताओं ने टिप्पणी की कि कौतुक पुत्र आखिरकार घर लौट आया। यह पाठकों को याद दिलाने के लिए है कि एयर इंडिया मूल रूप से जेआरडी टाटा के स्वामित्व में थी और बाद में स्वतंत्र भारत में इसका राष्ट्रीयकरण किया गया था। इस कथन में कमी यह है कि नेहरू सरकार ने प्रमोटरों को उचित मुआवजा देने के बाद ही एयर इंडिया का राष्ट्रीयकरण किया। सार्वजनिक डोमेन में पर्याप्त सुराग उपलब्ध हैं कि केंद्र सरकार, 2018 से, चयनित बोलीदाता के हितों के अनुरूप बिक्री की शर्तों में लगातार ढील और संशोधन करती रही है। किसके इशारे पर ये छूट दी गई, यह मूल प्रश्न है जिसके लिए राष्ट्र पारदर्शी जवाब चाहता है। बिक्री प्रक्रिया शुरू होने से पहले ही, पात्रता मानदंड तय करते समय, सचिवों की समिति ने, जैसा कि बिजनेस स्टैंडर्ड द्वारा रिपोर्ट किया गया था, यह राय दी कि सरकार को बोलीदाताओं के नकारात्मक निवल मूल्य पर जोर नहीं देना चाहिए, यदि वे पहले से ही एयरलाइन व्यवसाय में हैं। यह याद दिलाया जाना चाहिए कि टाटा के स्वामित्व वाली विस्तारा सहित, सभी एयरलाइनों की निवल संपत्ति केवल नकारात्मक वृद्धि दिखा रही थी। 2018 में, एयर इंडिया का बकाया कर्ज रु। 33392 करोड़। हैरानी की बात यह है कि डेढ़ साल की अवधि के भीतर बकाया कर्ज बढ़कर रु। अगस्त 2021 तक 61562 करोड़। यानी लगभग 68 वर्षों से एयर इंडिया का संचित कर्ज मात्र रु. 33392 करोड़ और केवल दो वर्षों में इसने रु। का अतिरिक्त ऋण भार जमा किया। 28170 करोड़। यह एकल बिंदु ही साबित करता है कि सार्वजनिक संपत्ति का सबसे अच्छा प्रबंधक कौन है। राष्ट्र को क्या बताया जाता है कि एक बार बिक्री प्रभावित होने के बाद, सरकार को एक अच्छी राशि का एहसास होगा जो बिक्री से एकमुश्त लाभ नहीं होने पर ऋणों की भरपाई के लिए उपयोगी होगी। बिक्री की तारीख के अनुसार, बकाया ऋण अगस्त 2021 तक 61562 करोड़। आश्चर्यजनक रूप से, बिक्री के निर्णय को अंतिम रूप देने के बाद, संभावित बोलीदाताओं के लिए बोली को आकर्षक बनाने के बहाने, सरकार ने बस एक एयर इंडिया एसेट होल्डिंग कंपनी बनाई और एयर इंडिया के समेकित ऋण का 50 प्रतिशत हस्तांतरित कर दिया।

यह एसेट होल्डिंग कंपनी। इसने केवल बिक्री विलेख से प्राप्त होने वाली राशि को वास्तविक राशि का आधा कर दिया। जब बिक्री प्रक्रिया की शुरुआत में कल्पना की गई थी, तो आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति द्वारा यह निर्णय लिया गया था कि सरकार कंपनी में 26 प्रतिशत हिस्सेदारी बनाए रखेगी और केवल 74 प्रतिशत बिक्री के लिए प्रस्तावित है। यह भी निर्णय लिया गया कि सफल बोली लगाने वाले को एयर इंडिया का 70 प्रतिशत कर्ज लेना होगा। यह कहते हुए कि कोई बोली लगाने वाले ने रुचि नहीं जताई, सरकार ने बिक्री की शर्तों में बदलाव किया। सबसे पहले, सरकार ने 100 प्रतिशत हिस्सेदारी की बिक्री की। दूसरे, इसने बोली लगाने वाले को यह चुनने का विवेक दिया कि वह किस हद तक कर्ज की मात्रा लेगा। इन दो प्रमुख रियायतों को देने के बाद, योग्य बोलीदाताओं को अपनी वित्तीय योजना प्रस्तुत करने के लिए कहा गया। और साथ ही, सरकार को रुपये खर्च करने के लिए संसदीय मंजूरी मिली। एयर इंडिया के सभी बकाया और देनदारियों को चुकाने के लिए 62,057 करोड़ रुपये। इसका मतलब है कि दांव पर लगी हिस्सेदारी 25 फीसदी बढ़ गई है लेकिन बोली की कीमत वही है।

यह हमें पूर्ण चक्र लाता है। पहले सरकार ने बोली की लागत को आधा कर दिया, वहीं सरकारी खजाने पर करीब 30000 करोड़ रुपये का बोझ डाल दिया। दूसरी ओर, सरकार ने बिक्री की आय से बकाया राशि चुकाने के बजाय, रुपये खर्च करके सभी बकाया राशि का भुगतान किया। राजकोष से 62057 करोड़। अगर हम इन दोनों को जोड़ दें, तो एयर इंडिया को टाटा को ऑफ-लोड करने के लिए, सरकार की जेब में एक चौंका देने वाला रु। 92000 करोड़। कहानी यहीं खत्म नहीं होती है। टाटा को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के कंसोर्टियम से लगभग 33000 करोड़ मात्र 4-5 प्रतिशत की ब्याज दर पर रु। ऋण मिला है। । यह याद दिलाना है कि एयर इंडिया ने अब तक अपने बकाया कर्ज पर 9 प्रतिशत ब्याज दर का भुगतान किया है। लेकिन सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से वसूले जाने वाले सर्विसिंग शुल्क के आधे पर ऋण देने को तैयार हैं।

इस प्रकार, सफल बोली लगाने वाले को दी जाने वाली रियायतों की श्रृंखला एक घोटाले से कम नहीं है, जिसे पूरी तरह से और निष्पक्ष रूप से संयुक्त संसदीय समिति द्वारा देखा जाना चाहिए।

# संविधान में व्यक्त भावनाएं और चुनाव

**जेएस राजपूत**
(लेखक शिक्षा तथा सामाजिक, धार्मिक सद्भाव के लिए कार्यरत हैं)



**राष्ट्र** आजकल चुनावों के दौर में है। पांच राज्यों के लोग जानते हैं कि इन चुनावों पर गहराई से नजर रखी जा रही है और इनके संभावित परिणामों का प्रभाव न केवल भारत, बल्कि दुनिया पर भी पड़ेगा। हर पार्टी और हर उम्मीदवार संविधान की मूल मान्यताओं के प्रति पूर्ण स्वामिभक्ति के साथ जुड़ने पर ही चुनाव मैदान में उतरता है। दागी रिकार्ड वाले उम्मीदवारों को भी नामांकन पत्र भरते समय भारतीय संविधान के प्रति औपचारिक शपथ लेनी होती है। चुनाव के समय चुनाव सुधारों, खासकर गंभीर आपराधिक मामलों में संलिप्त उम्मीदवारों को चुनाव लड़ने से प्रतिबंधित करने की बात उठती है। लेकिन बार-बार उल्लेख के बावजूद इस मामले पर कोई गंभीर कार्रवाई नहीं होती है। ऐसा लगता है जैसे विधि निर्माता कुछ कारणों से इसमें दिलचस्पी नहीं लेते हैं। इससे निर्वाचित प्रतिनिधियों की वह विश्वसनीयता नहीं रह जाती है जिसकी कल्पना संविधान को अंतिम रूप देने के समय की गई थी। यह उल्लेख करना जरूरी है कि संविधान सभा के अध्यक्ष डा. राजेंद्र प्रसाद ने 26 नवंबर, 1949 को दिए अपने भाषण में कहा था, 'संविधान में कुछ लिखा हो या नहीं, पर देश का कल्याण इसके प्रशासन के तरीके पर निर्भर करेगा। यह प्रशासन करने वाले लोगों पर निर्भर होगा। यह कहना उचित है कि किसी देश को वैसी ही सरकार मिल सकती है, जैसी वह चाहता हो। यदि निर्वाचित प्रतिनिधि सक्षम, चरित्रवान व निष्ठावान होंगे तो वे कमजोर संविधान से भी सर्वोत्तम नतीजे निकालेंगे। लेकिन यदि उनमें क्षमता की कमी होगी तो संविधान देश की सहायता नहीं कर सकेगा। आखिरकार संविधान किसी मशीन की तरह जीवनहीन वस्तु है। यह उन लोगों के कारण जीवन प्राप्त करता है जो इस पर नियंत्रण कर इसे संचालित करते हैं। भारत को निश्चित रूप से आज ऐसे ईमानदार लोगों की आवश्यकता है जो देश के हित को अपने हितों पर वरीयता प्रदान करें।'

ये भावनायें सीधे उस व्यक्ति के हृदय से निकली थीं जिन्होंने अपना पूरा जीवन देश के लिए समर्पित कर दिया था और उनके सामने भी ऐसी ही पृष्ठभूमियों वाले लोग विराजमान थे। उन कद्दावर लोगों को देश के भविष्य की चिन्ता थी तथा उनमें निर्वाचित प्रतिनिधियों के योग्य गुणवत्ता, चरित्र और निष्ठा व्याप्त थी। उनमें विधायिकाओं की सरकारों व विपक्ष में शामिल लोग थे। जनता के प्रति उनकी निष्ठा, ईमानदारी और प्रतिबद्धता तथा सेवाभावना संदेह से परे थी। लेकिन अब सात दशक से अधिक समय बीतने के बाद इस बेचैनी और पीड़ा की इससे अच्छी अभिव्यक्ति कुछ और नहीं हो सकती है कि इतिहास के इस मोड़ पर चिन्तित भारतीय नागरिक



क्या सोचते हैं। वास्तव में हर चुनाव के बाद उनकी चिन्ता और गहरी हो जाती है। 19 नवंबर, 1863 को अपने ऐतिहासिक गेटिसबर्ग संबोधन में अमेरिकी राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन ने लोकतंत्र की जो परिभाषा दी थी उसका संबंध अपरिहार्य रूप से सरकारों, प्रशासनिक व्यवस्थाओं और जनता की महत्वाकांक्षाओं से उनके संबंध से है। लिंकन ने कहा था, 'ईश्वर के नियंत्रण में इस देश को नई स्वतंत्रता को जन्म देना चाहिए। जनता की, जनता के लिए और जनता के द्वारा सरकार को धरती से समाप्त नहीं होना चाहिए।' स्पष्ट रूप से इसमें आदर्श लोकतंत्र को परिभाषित किया गया है, जबकि वास्तविक व्यवहार में यह धीरे-धीरे विभिन्न रूपों में परिवर्तित होता है। यह लोगों द्वारा व्यवस्था की स्वीकार्यता तथा उनके द्वारा निर्वाचित प्रतिनिधि चुनने के तरीके पर निर्भर करता है। यह इस बात पर भी निर्भर करता है कि निर्वाचित प्रतिनिधि लोकतंत्र को उसके शब्दों और भावनाओं में किस प्रकार समझते हैं। सत्ता भ्रष्ट करती है और लोकतंत्र में इस सत्ता के मिलने वाले लाभों से भ्रष्ट होने की संभावना बहुत अधिक होती है। भारतीय लोकतंत्र में देश भर के लोग अपने प्रतिनिधियों की 'आय से अधिक संपत्ति' के बारे में सवाल पूछते हैं। यह सब जनता की जानकारी में है और कुछ अपवादों को छोड़ कर प्रतिनिधियों की विश्वसनीयता को गहरा धक्का लगा है। आज जनता व निर्वाचित प्रतिनिधियों के बीच परस्पर विश्वास का बंधन काफी सीमा तक टूट गया है। इस बात के अनेकानेक उदाहरण हैं कि लोकसभा या राज्य विधानसभाओं में निर्वाचित प्रतिनिधि सालों तक अपने निर्वाचन क्षेत्र में नहीं दिखते हैं। उच्च पदों पर भ्रष्टाचार की चर्चा होती है, पर अंतिम विश्लेषण में आमतौर से इस पर दंड नहीं मिल पाता है। क्या इन सभी चीजों की उम्मीद नहीं थी? संभवत: ऐसा नहीं है। प्रख्यात संविधान विशेषज्ञ व न्यायविद डा. सुभाष कश्यप ने लोकतंत्र, प्रशासन और संसद का गहरा विश्लेषण किया है।

2018 में प्रकाशित अपनी त्रयी 'स्टेट आफ द नेशन' में उन्होंने एक महानतम न्यायविद जोसेफ स्टोरी का संदर्भ दिया है। उन्होंने कहा था, 'संस्थापक निर्माता हमेशा बने रहने के लिए चाहे जितनी सावधानी से बनाएं, कोई भी गणतंत्र उसकी एकमात्र रक्षक जनता की कमियों या भ्रष्टाचार या लापरवाही के कारण नष्ट हो सकता है।' उन्होंने कहा था, 'गणतंत्रों की रचना नागरिकों की योग्यता, सार्वजनिक भावना व प्रतिभा से होती है। उनका पतन उस समय होता है जब बुद्धिमान लोगों को सार्वजनिक परिषदों से निकाल दिया जाता है क्योंकि वे ईमानदार होने की हिम्मत करते हैं तथा बेईमान लोगों को पुरस्कृत किया जाता है क्योंकि वे लोगों को धोखा देने के लिए उनकी चाटुकारिता करते हैं।'

स्वतंत्रता के 75 वर्ष का उत्सव मनाते हुए हर भारतीय नागरिक को उन मूल्यों की अनुपस्थिति पर गौर करना चाहिए जिनकी हर चुनाव में कमी होती जा रही है। इनमें लोगों द्वारा बेशर्मी के साथ अपनी प्रतिबद्धतायें बदलना भी शामिल है। जब उनको अपने या अपने परिवार के सदस्यों के लिए टिकट मिलने की गारंटी नहीं होती है तो वे सार्वजनिक हित के नाम पर असाधारण बेशर्मी के साथ पाला बदल लेते हैं। आश्चर्य होता है कि संविधान निर्माता इस स्थिति पर क्या कहते जब लगभग सभी पार्टियां बिना किसी हिचक के ऐसे हर 'आया राम गया राम' का स्वागत करती हैं। उनको टिकट मिल जाता है, वे जीत सकते हैं और मंत्री भी बन सकते हैं। भारतीय गणतंत्र में संवैधानिक गारंटी के अनुसार जनता सर्वोच्च है, सभी समान हैं और प्रत्येक सार्वजनिक पद पर पहुंचने की क्षमता रखते हैं। क्या वे ऐसे मामलों में अपनी भूमिका को अनदेखा कर सकते हैं? क्या कोई सतर्क, सक्रिय व जिम्मेदार लोकतंत्र तथा उसकी संघटक जनता राजनीति में अपराधियों व पार्टियां बदलने वालों को स्वीकार कर सकती है? भारतीय मतदाताओं की परिपक्वता अब अच्छी तरह स्थापित हो गई है। जनता को यह समझना चाहिए कि लोकतंत्र में संप्रभु शक्ति उसके पास है। इसका प्रयोग करना एक दायित्व है और इसका निर्धारण जनता के सिवा कोई और नहीं कर सकता है।

## आप की बात

### मानवता पर संकट

**रूस** और यूक्रेन में सीमा पर जारी भारी तनाव के बीच अमेरिका ने चेतावनी दी है कि पुतिन की सेना अगर चाहे तो मात्र 72 घंटे में यूक्रेन की राजधानी कीव पर कब्जा कर सकती है। अमेरिकी सेना के चेयरमैन ऑफ जॉइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ जनरल मार्क मिली ने कहा कि यूक्रेन पर रूस अगर हमला करता है तो यूक्रेन के 15 हजार सैनिकों और रूस के 4000 सैनिकों की मौत हो सकती है। वहीं एक अन्य खुफिया आकलन में चेतावनी दी गई है कि इस हमले की चपेट में आने से 50 हजार आम लोगों की मौत हो सकती है। यदि यह चेतावनी सच हुई तो यह विश्व युद्ध के लिए आतुर बैठे विश्व के लिए बारूद में चिंगारी का काम करेगी, और मानवता एक बार फिर लहूलुहान हो जाएगी कोई भी सत्ताधीश सीमा पर युद्ध लड़ने नहीं जाता वह तो सात धेरो में सुरक्षित रह कर सिर्फ अपने अहंकार की पुष्टि के लिए पूरी मानवता को युद्ध में झोंक देने को आतुर हैं ,ऐसी परिस्थितियों में समूचे विश्व जनमत को मिलकर होने वाले संभावित युद्ध को रोकने के लिए अपने राष्ट्रों के नेतृत्व पर दबाव डालना चाहिए विशेष तौर से रूस अमेरिका और चीन की जनता को अपने सत्ता प्रमुखों पर दबाव बनाना होगा अन्यथा मानवता पुनः गर्त में समा जाएगी!

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

### काला कारोबार

**भारत** देश में अक्सर नकली दवाएं, शराब, मुद्रा पकड़ी जाती है।मामले आते है और बंद हो जाते है। उप्र में वाराणसी में कोरोनारोधी नकली वैक्सीन और जांच किट बनाकर अन्य राज्यो में सप्लाई की जा रही थी। आगरा में नकली बायो डी थ्री प्लस बना कर बेची जा रही थी। कोरोना काल मे भी नकली दवाएं बनाकर मरीजों को बेचा गया। मानव जीवन के प्रति अपराध करने वाले हर समय केवल अपना हित साधने की कोशिश करते हैं। आपदा में भी अवसर तलाशने वाले कभी उन लोगो के बारे में नही सोचते जो जिंदगी और मौत से जूझते हैं। उनके परिवार की मदद न करके उनसे लाभ लेना लज्जा की बात है। ऐसा काला कारोबार करने वाले अक्सर पकड़े जाते है। केंद्र और राज्य सरकारों को अब ऐसा तन्त्र विकसित करना चाहिये। जो हमेशा सजग, सक्रिय और सतर्क रहकर काले कारोबारियों को पकड़े और उन्हें सजा भी दिलाये। भारत देश मे नकली दवाओं के परीक्षण के लिये प्रयोगशालाएं ,आधुनिक उपकरण और प्रशिक्षित तकनीशियनो का अभाव है। नकली दवाओं पर रोक लगाने के लिये सरकार को प्रभावी कदम उठाना चाहिये। ऐसे कारोबारियों पर सख्त सजा और जुर्माने का प्रावधान करना चाहिये।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव

### सुर साम्राज्ञी का जाना

**जिस** तरह से सुरों के शहंशाह मोहम्मद रफ़ी को कहा जाता था। उसी तरह सुरों की मल्लिका और कोई नहीं हो सकती शिवाय लता ताई को छोड़कर। हम खुश किस्मत हैं की उस पीढ़ी में जन्म लिया जब गायकी की दुनिया में तमाम महारथी रफ़ी साहब, किशोर कुमार, मुकेश, और लता ताई न सिर्फ जिन्दा थे। बल्कि हम सब की भरपूर मनोरंजन कर रहे थे। 6 फ़रवरी को उनका जाना, सिर्फ राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतराष्ट्रीय स्तर पर संगीत प्रेमियों को रोते बिलखते देखा। उस रविवार को काले रविवार के रूप में हमेशा याद रखा जायेगा। जिसने दुनिया की सबसे मधुर,सुरीली एवं मनमोह लेने वाली गायिका को हमसे छीन लिया। उस महान गायिका को अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए यही मांग रखूँगा की जिस तरह से फिल्मो के लिए दादा साहेब फाल्के अवार्ड रखा गया है। उसी के समक्ष संगीत के क्षेत्र के लिए लता ताई के नाम पर सबसे बड़ा अवार्ड देने का प्रावधान शुरू करना चाहिए। दिवंगत आत्मा को यही सबसे बड़ी श्रद्धांजलि होगी।

– **जंग बहादुर सिंह**, जमशेदपुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**जब** पीएसी आती है, दंगाई भाग जाते हैं। जब मैं दिल्ली में हूं तो निश्चिंत रहिए कोई दंगा नहीं होगा।

– **अमित शाह**
गृहमंत्री



**वैक्सीन** विरोधियों से निबटने के लिए सेना तैनात करने को लेकर अत्यधिक सजग रहने की आवश्यकता है।

– **जस्टिन ट्रूडो**
कनाडा के प्रधानमंत्री



**भाजपा** शासन में दलितों व पिछड़ों को आरक्षण के पूरे फायदे नहीं मिल पाए।

– **मायावती**
बसपा सुप्रीमो





# पश्चिम में 32 सीटों पर कांग्रेस ने मुस्लिम कार्ड चला



विवेक श्रीवास्तव। लखनऊ

**पश्चिम उत्तर** प्रदेश में अगर भाजपा को छोड़ दिया जाए तो बाकी सारे दल मुस्लिम वोट बैंक को साधने में लगे हुए हैं। कांग्रेस भी इसमें पीछे नहीं है और उसने भी मुस्लिम प्रत्याशियों पर जमकर दांव लगाया है। कांग्रेस ने पश्चिम उत्तर प्रदेश के चुनाव में 113 सीटों में 32 पर पर मुस्लिम प्रत्याशियों को उतारा है। कभी कांग्रेस का परंपरागत वोट बैंक रहे मुस्लिम कांग्रेस से छिटक कर पिछले कुछ चुनावों से सपा और बसपा को वोट करते रहे हैं। इस बार सपा, बसपा,कांग्रेस के साथ ही असदुद्दीन ओवैसी भी मुस्लिमों पर डोरे डाल रहे हैं। पूर्वांचल में डा. अय्यूब अंसारी की पीस पार्टी भी खुद को मुसलमानों का सबसे बड़ा हितैषी बताती रही है। 2012 में पीस पार्टी तीन सीट जीत चुकी है लेकिन इस चुनाव में उसका असर गायब है।

कांग्रेस 2022 के यूपी विधानसभा चुनाव में हर वो दांव चल रही है जिससे मुस्लिम वोट बैंक में सेंध लग सके। इसी रणनीति के तहत कांग्रेस ने पश्चिम उत्तर प्रदेश के 20 जिलों की 113 सीटों में 32 पर मुस्लिम प्रत्याशियों को टिकट दिया है। पहले चरण में 58 सीटों में 11 पर और दूसरे चरण में 55 सीटों में 21 पर मुस्लिम बिरादरी के लोगों को मैदान में उतारा है।

पहले चरण के चुनाव में कांग्रेस की ओर से कैराना से मोहम्मद अखलाक और शामली से अय्यूब जंग को मैदान में उतारा गया है। चरथावल में डा. यास्मीन और मीरापुर में मौलाना जमील को कांग्रेस ने टिकट दिया है। सरधना में सईद रिहानुद्दीन मैदान में है। मेरठ दक्षिण से कांग्रेस ने नफीस सैफी और छपरौली से डा. यूनुस चौधरी को मैदान में उतारा है। लोनी सीट पर कांग्रेस ने मोहम्मद यामीन मलिक पर दांव लगाया है। कांग्रेस ने सिकंदराबाद में सलीम अख्तर और शिकारपुर में जियाउर रहमान को टिकट दिया है। अलीगढ़ शहर में सलमान इम्तियाज कांग्रेस की ओर से चुनाव मैदान में है।

दूसरे चरण के चुनाव में कांग्रेस ने देवबंद से राहत खलील, नजीबाबाद से सलीम अंसारी, बढ़ापुर से अहसान अंसारी और धामपुर से हुसैन अहमद को प्रत्याशी बनाया है। कांग्रेस ने बिजनौर सदर सीट पर अकबरी बेगम को टिकट दिया था लेकिन नामांकन पत्रों की जांच के दौरान उनका परिचय निरस्त हो चुका है। इसरार सैफी को कांठ, सलमा आगा को ठाकुरद्वारा, इकराम कुरैशी को मुरादाबाद ग्रामीण, रिजवान कुरैशी को मुरादाबाद नगर और दरख्शां बेगम को कांग्रेस ने कुंदरकी सीट से उतारा है। असमोली में मरगूब आलम, संभल में निदा अहमद, चमरव्वा में अली युसूफअली और रामपुर में नवाब काजिम अली खान कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। कांग्रेस ने अमरोहा में सलीम खान और हसनपुर में आसिम साबरी पर भरोसा जताया है। दातागंज में आतिफ खां, मीरगंज में मोहम्मद इलियास अंसारी और भोजीपुरा में सरदार खान को कांग्रेस ने टिकट दिया है। बरेली कैंट सीट पर कांग्रेस की ओर से हाजी इस्लाम बब्बू और ददरौल से तनवीर खान मुस्लिम प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में हैं।

कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष शाहनवाज आलम कहते हैं कि 1990 के बाद से यूपी में जितनी भी पार्टियां सत्ता में आई हैं। उन्होंने सिर्फ मुसलमानों को ठगने का काम किया। सपा और बसपा सरकार ने मुस्लिमों वोटों को दम पर सरकार बनाया लेकिन काम मायावती ने जाटव समुदाय का किया तो अखिलेश यादव ने यादव समाज किया। मुसलमानों को मुद्दों पर सपा और बसपा बोलने को भी तैयार नहीं हैं। ऐसे में कांग्रेस ही एकलौती पार्टी है जो मुसलमानों के हक और अधिकार के लिए लड़ रही है।

## शलभ मणि के नामांकन में हॉकर और सफाई कर्मी बने प्रस्तावक



भाषा। देवरिया

**उत्तर प्रदेश** विधानसभा चुनाव में देवरिया जिले की सदर विधानसभा सीट से सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मीडिया सलाहकार शलभ मणि त्रिपाठी ने भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार के तौर पर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

नामांकन में त्रिपाठी के प्रस्तावक एक महिला हॉकर और एक सफाई कर्मी बने। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि पत्रकारिता से राजनीति में आए शलभ मणि त्रिपाठी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरलता एवं उदारता का अनुसरण करते हुए नामांकन पत्र दाखिल करने में एक सफाईकर्मी और एक महिला समाचार पत्र वितरक (हॉकर) को प्रस्तावक बनाकर नई मिसाल पेश की है। त्रिपाठी के नामांकन में देवरिया की बेटी निशा तिवारी प्रस्तावक बनी हैं, वह अखबार बांटने के साथ ही ई-रिक्शा भी चलाती हैं। उनके अलावा एक सफाईकर्मी रामलगन पासवान भी त्रिपाठी के प्रस्तावक हैं। त्रिपाठी ने इस दौरान निशा से राखी बंधवाई और भरोसा दिलाया देवरिया के विकास और सुरक्षा में वह सदैव अग्रणी भूमिका निभाएंगे। त्रिपाठी अपना अपना नामांकनपत्र दाखिल करने मोटरसाइकिल से जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट कचहरी पहुंचे थे।

**● देवरिया की सदर विधानसभा सीट से हैं भाजपा के उम्मीदवार**

## पूर्व सांसद रघुराज शाक्य और पूर्व विधायक रामसेवक पटेल समेत कई नेता भाजपा में शामिल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रगतिशील** समाजवादी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व ंसद रघुराज शाक्य व समाजवादी पार्टी के प्रयागराज जिले के बारा विधानसभा क्षेत्र से चार बार विधायक रहे रामसेवक पटेल ने अपने समर्थकों के साथ सोमवार को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। भाजपा के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी हिमांशु दुबे ने सोमवार एक बयान जारी कर इस आशय की जानकारी दी। दुबे ने बताया कि रघुराज शाक्य और रामसेवक पटेल को उनके समर्थकों के साथ यहां पार्टी प्रदेश मुख्यालय में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य तथा पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व ज्वाइनिंग कमेटी के अध्यक्ष डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपेई ने भाजपा की सदस्यता दिलाई। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों में अवकाश प्राप्त न्यायाधीश जय मंगल शर्मा, नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग के सेवानिवृत्त




विशेष सचिव अरुण कुमार दुबे, गोंडा के जिला पंचायत सदस्य रहे शान्त भूषण मणि त्रिपाठी (मनोज तिवारी), चांद मोहम्मद चंदू (प्रयागराज), प्रयाण ग्रुप ऑफ कंपनीज के चेयरमैन अवनीश अग्रवाल टांडे (बिजनौर) समेत कई प्रमुख लोग शामिल हैं। उपमुख्यमंत्री मौर्य ने राज्य मुख्यालय पर सभी नवागंतुकों का भाजपा परिवार में स्वागत करते हुए कहा कि 2022 में भी पार्टी 2017 के नतीजे दोहराएगी। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि हार के आभास से डरकर 400 सीटों का दावा करने वाले अखिलेश यादव के मुंह से अब कोई दावा नहीं निकल रहा है। उन्होंने जोर देते हुए कहा, अखिलेश यादव ने प्रदेश के युवाओं के लिए जैसी अभद्र भाषा का उपयोग किया है, उसकी मैं कड़े शब्दों में निंदा करता हूं। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव को अभद्र भाषा के लिए प्रदेश के नौजवानों से माफी मांगनी चाहिए, उत्तर प्रदेश का स्वाभिमानी युवा उनकी अभद्रता बर्दाश्त नहीं करेगा।

## कई मंत्रियों, एक पूर्व राज्यपाल समेत कई बड़े चेहरों का फैसला 10 को

शिव विजय सिंह। लखनऊ

**विधानसभा चुनाव** के पहले चरण में प्रदेश सरकार के नौ मंत्रियों, एक पूर्व राज्यपाल समेत कई पूर्व के मंत्रियों राजनैतिक भविष्य का फैसला जनता करेगी। पहले चरण में दस फरवरी को प्रदेश के 11 जिलों की 58 विधानसभा सीटों पर वोट डाले जाएंगे। शामली जिले की थानाभवन विधानसभा क्षेत्र से प्रदेश के गन्ना विकास मंत्री सुरेण राणा, मथुरा की छाता सीट से दुग्ध एवं पशुधन विकास मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण, मथुरा से ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा, गाजियाबाद से राज्यमंत्री अतुल गर्ग, मुजफ्फरनगर सदर से कपिलदेव अग्रवाल, अलीगढ़ की अतरौली से पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के पौत्र व प्रदेश के बेसिक, माध्यमिक, उच्च एवं प्राविधिक शिक्षा राज्यमंत्री संदीप सिंह, वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री अनिल शर्मा, बाढ़ नियंत्रण राज्य मंत्री दिनेश खटिक और समाज कल्याण राज्यमंत्री जीएस धर्मेश की सीटों पर चुनाव होगा। उत्तराखंड की पूर्व राज्यपाल बेबीरानी मौर्या, पूर्व मंत्री शाहिद मंजूर, श्याम सुन्दर शर्मा समेत कई बड़े चेहरे मैदान में हैं।









सुरेश राणा थाना भवन से लगातार दूसरी बार विधायक है। राणा के सामने रालोद के अशरफ अली, बसपा के जहीर मलिक और कांग्रेस के सत्यम सैनी प्रत्याशी है। इसी तरह से छाता से चौधरी लक्ष्मीनारायण बसपा सरकार में मंत्री रह चुके हैं। छाता से लक्ष्मी नारायण के सामने सपा-रालोद के ठाकुर तेजपाल सिंह, बसपा के सोहन लाल प्रत्याशी हैं। मथुरा सीट से भाजपा सरकार के मंत्री श्रीकांत शर्मा के सामने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रदीप माथुर, सपा के देवेन्द्र अग्रवाल उम्मीदवार है। राज्यमंत्री अतुल गर्ग एक बार फिर गाजियाबाद से भाजपा के उम्मीदवार हैं उनके सामने सपा-रालोद ने विशाल शर्मा, बसपा ने कृष्ण कुमार और कांग्रेस ने सुशांत गोयल को प्रत्याशी बनाया है। राज्यमंत्री संदीप सिंह अतरौली से चुनाव मैदान में हैं। सपा ने अतरौली से पूर्व विधायक वीरेश यादव, बसपा ने डा.ओमवीर और कांग्रेस ने धर्मेंद्र कुमार को उम्मीदवार बनाया है। योगी सरकार के वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री अनिल शर्मा बुलन्दशहर जिले के शिकारपुर विधानसभा क्षेत्र से एक बार फिर भाजपा के टिकट पर प्रत्याशी हैं। उनके सामने सपा-रालोद गठबंधन के किरनपाल सिंह उम्मीदवार है। प्रदेश सरकार में बाढ़ नियंत्रण राज्यमंत्री दिनेश खटिक मेरठ के हस्तिनापुर सीट से प्रत्याशी हैं। हस्तिनापुर से सपा ने पूर्व विधायक योगेश वर्मा बसपा ने संजीव जाटव और कांग्रेस ने अर्चना गौतम को टिकट दिया है। योगी कैबिनेट में समाज कल्याण राज्यमंत्री जीएस धर्मेश आगरा छावनी सीट से चुनाव मैदान में हैं। उनके सामने सपा-रालोद ने विनय अग्रवाल, बसपा ने रवि भारद्वाज और कांग्रेस ने अनुज शर्मा को उतारा हैं। आगरा ग्रामीण से उत्तराखंड की पूर्व राज्यपाल बेबी रानी मौर्य भाजपा के टिकट पर चुनाव मैदान में हैं। आगरा ग्रामीण से सपा-रालोद गठबंधन ने महेश जाटव, बसपा ने किरण प्रभा और कांग्रेस ने उपेन्द्र को टिकट दिया है।

मेरठ की किठौर सीट से सपा सरकार में पूर्व मंत्री शाहिद मंजूर, चरथावल से पंकज मलिक, शिकारपुर से पूर्व मंत्री किरनपाल कश्यप, मांट से पूर्व मंत्री बसपा प्रत्याशी श्याम सुन्दर शर्मा, कैराना से सपा के नाहिद हसन और भाजपा के वरिष्ठ नेता रहे हुकुम सिंह की बेटी मृगांका सिंह प्रत्याशी हैं। नाहिद हसन और मृगांका लगातार दूसरी बार आमने सामने हैं।

मेरठ की सरधना सीट से भाजपा विधायक संगीत सोम और सपा प्रत्याशी अतुल प्रधान के भविष्य का फैसला होगा। संगीत सोम और सपा के अतुल प्रधान लगातार दूसरी बार आमने-सामने हैं। इसी तरह से आगरा की बाह सीट से पूर्वमंत्री अरिदमन सिंह की पत्नी विधायक रानी पक्षालिका के भी राजनैतिक भाग्य का फैसला होना है। मेरठ की किठौर सीट से सपा के टिकट पर चुनाव मैदान में उतरे शहिद मंजूर अखिलेश यादव सरकार में श्रम एवं सेवा योजन मंत्री थे। पिछला चुनाव भाजपा से हार गए थे। मेरठ की सरधना सीट से लगातार दूसरी बार विधायक संगीत सोम के भी चुनावी भाग्य का फैसला होना है।

## अब असेम्बली में नहीं सुनाई पड़ती लाल सलाम की आवाज



सतीश सिंह। लखनऊ

**ब्रिटिश शासनकाल** से चले आ रहे वामपंथी दल यूपी की राजनीति में लंबे समय से हाशिए पर हैं। स्थिति यह है कि वर्ष 2002 में सीपीएम के खाते में दो सीटें आई थी। इनमे एक इलाहाबाद से रामकृपाल और आजमगढ़ से राम जगराम ने आखिरी बार विधानसभा चुनाव जीता था। इसके बाद हुए आम चुनाव से वामपंथी दलों में शामिल कम्युनिस्ट पार्टी आफ इंडिया सीपीआई, कम्युनिस्ट पार्टी आफ इंडिया मार्क्सवादी सीपीएम सीपीआई एमएल का एक भी प्रतिनिधि विधानसभा में नहीं पहुंचा है जिससे लाल सलाम की गूंज सुनाई दे। तारीफ की बात तो यह है कि दो दशक में चार चुनाव के बाद भी लेफ्ट पार्टियां मिल कर चुनावी दम भर रही हैं और इनके प्रत्याशी मैदान में हैं।

गरीब-किसान-मजदूरों की बात करने वाली वामपंथी पार्टियों में शामिल सीपीआई ने वर्ष 1969 में हुए आम चुनाव में 18 सीटें जीती थी। 1969 के पहले व बाद के चुनाव में पार्टी के खाते में फिर इतनी सीटें कभी नहीं आई। प्रदेश में राम मंदिर आंदोलन व जातिवाद की राजनीति से निकली क्षेत्रीय पार्टियों ने तो वामपंथी दलों को सीमित कर दिया। धीरे धीरे यह पार्टियां हाशिए की तरफ बढ़ती गईं। फिर न तो इनसे नए सदस्य जुड़े और न ही इनके अंदर से कोई बड़ा नेता निकला जो लाल सलाम को खड़ा कर सके। ऐसा भी नहीं है कि इनके समर्थक नहीं हैं पर कुर्सी के चक्कर में राजनीति की नित गढ़ी जा रही नई परिभाषा के सांचे में नेता व समर्थक दोनो ढ़ल नही पा रहे हैं। प्रदेश में वामपंथी दलों के हाशिये पर जाने के सवाल के एवज में सीपीआई के प्रदेश सचिव डा. गिरीश चन्द्र कहते हैं कि पहले न तो कॉस्ट पॉलिटिक्स थी और न ही मजहबी। यह स्थिति 70 के बाद तक रही। 1976 में जब इंदिरा गांधी ने इमरजेंसी लगाई तो गरीब, किसान, मजदूरों की बात करने वाली सीपीआई ने कुछ मुद्दों पर सुधार को लेकर कांग्रेस को समर्थन दिया। इमरजेंसी के बाद 77 में इंदिरा भी हारीं और सीपीआई भी। यहां से यूपी की पॉलिटिक्स में एक नया मोड़ आया। जनता पार्टी में अलग अलग वैरियंट आये और जब यह बिखरे तो कॉस्ट पॉलिटिक्स और रिलीजन आधारित पार्टियों का उदय हुआ। अपनी पार्टी अपना नेता की लोगों में चेतना जागृत हुई। वोटों का बिखराव इस आधार पर होने लगा। इसके बाद राजनीति में बाहुबल और धनबल का बोलबाला हो गया। संसद से लेकर विधानसभा में ये जाने लगे। डॉ गिरीश चन्द्र का कहना है कि सीपीआई का आज भी 52 जिलों में संगठन है। जिला कमेटियां हैं। इस चुनाव में सीपीआई ने 40 सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं। जिनमें दो पर पर्चा खारिज होने के बाद अब 38 लड़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि आपसी समझौते के आधार पर इस बार सीपीआईए सीपीएम, सीपीआईएमएल और फारवर्ड ब्लाक मिलकर साथ लड़ रहे हैं। उनकी कोशिश भाजपा को हराने की है।

**● वर्ष 2002 के बाद से विधानसभा में वामपंथी दलों को नहीं मिली एक भी सीट**

**सीपीआईएमएल 11 सीटों पर व सीपीएम चार सीटों पर मैदान में:** सीपीआईएमएल के प्रदेश सचिव राधेश्याम बताते हैं कि उनकी पार्टी 11 सीटों पर लड़ रही है। इनमें जालौन की कालपी, लखीमपुर की पलिया सीतापुर की हरगांव रायबरेली की सदर, देवरिया की भाटपार रानी, बलिया की सिकंदरपुर, गाजीपुर की जमानिया, चंदौली की चकिया, मिर्जापुर की मड़िहान व छानबे और सोनभद्र की घोरावल सीट शामिल है। वहीं सीपीएम के प्रदेश सचिव हीरालाल के मुताबिक पार्टी चार सीटों पर लड़ रही है। इनमें देवरिया की सलेमपुर, चंदौली की चकिया प्रयागराज की कोरांव व मिर्जापुर की मड़िहान सीट है।

## मतदाताओं की खामोशी से बढ़ी नेताओं की धुकधुकी

कमल दुबे। लखनऊ

**विधानसभा चुनाव** के पहले चरण में सबसे पहले मतदान पश्चिमी यूपी की 58 सीटों पर होने जा रहा है। दस फरवरी को लोकतन्त्र के सबसे बडे महायज्ञ में अपनी आहुति देंगे। पश्चिमी उत्तर प्रदेश गन्ने और चीनी उत्पादन का प्रमुख केन्द्र है। इस पूरे क्षेत्र की राजनीति पहले गन्ना को लेकर हुआ करती थी लेकिन समय के साथ बदले हालात ने सियासी दलों की धुकधुकी बढ़ा दी है। सभी दल वोटरों का प्यार पाने के लिये पसीना बहाते नजर आ रहे हैं। निरस्त किए जा चुके तीन कृषि कानूनों के खिलाफ एक साल से अधिक समय तक चले आंदोलन का यूपी में सबसे अधिक असर इसी क्षेत्र में रहा हैं। समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय लोकदल किसान आंदोलन से पैदा हुए हालात को अपने पक्ष में भुनाने की कोशिश में हैं तो भाजपा ने कानून व्यवस्था और वर्ष 2017 से पहले कैराना में हुए पलायन को अपना हथियार बना रखा है। ऐसे में पश्चिम का चुनावी मुकाबल बेहद रोचक हो गया है।

भाजपा और सपा-रालोद के गठबंधन के अलावा बसपा कांग्रेस चंद्रशेखर आजाद की आजाद समाज पार्टी और असदुद्दीन ओवैसी की एआईएमआईएम भी मैदान में है। पिछले दिनों सी वोटर ने ओपिनियन पोल के जो नतीजे जारी किए हैं उसके मुताबिक 136 सीटों वाले पश्चिमी यूपी में भाजपा अभी भी सबसे आगे दिख रही है। भाजपा को यहां 41 फीसदी वोट शेयर मिल सकता है तो सपा गठबंधन को 33 फीसदी वोट मिलने की संभावना है। बसपा को 15 फीसदी वोट मिलने का अनुमान जताया गया है जबकि कांग्रेस को सात और अन्य के खाते में चार फीसदी वोट जाने की संभावना व्यक्त की गई है।



पश्चिमी यूपी में मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, मुरादाबाद, अलीगढ़ जैसे 26 जिलों की 136 सीटें हैं। 2017 में बीजेपी ने 109 सीटों पर परचम लहराया था जबकि सपा गठबंधन के हिस्से में महज 20 सीटें आईं थीं। वर्ष 2013 में हुए मुजफ्फरनगर दंगों के बाद यहां सांप्रदायिक ध्रुवीकरण चरम पर था। अब सपा गठबंधन को उम्मीद है कि किसान आंदोलन के बाद जाट और मुस्लिम एक बार फिर एकजुट हो गए हैं और उसे इसका फायदा मिल सकता है। सपा ने इस बार रालोद से गठबंधन किया है। सी वोटर का ताजा सर्वे कहता है कि यूपी में भाजपा को 42 फीसदी वोट मिल सकते हैं। सपा 33 फीसदी वोट हासिल कर सकती है। इस लिहाज से दोनों प्रमुख दलों में नौ फीसदी वोट का अंतर है जो कि काफी बड़ा है। बसपा को 12 फीसदी वोट से संतोष करना पड़ सकता है तो कांग्रेस को सात फीसदी और अन्य को छह फीसदी वोट मिलने का अनुमान लगाया गया है।

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 8 फरवरी, 2022



# कांग्रेस में बना रहूंगा : सुनील जाखड़

भाषा। चंडीगढ़



**पंजाब** कांग्रेस के पूर्व प्रमुख सुनील जाखड़, जिनके नाम पर मुख्यमंत्री पद के लिए एक समय विचार चल रहा था, ने कहा कि वह चुनावी राजनीति छोड़ चुके हैं, लेकिन पार्टी के साथ बने रहेंगे।

लुधियाना में रविवार को संवाददाताओं से बातचीत में जाखड़ ने कहा, मैं सक्रिय राजनीति से दूर हूं। यह मैं पिछले पांच दिनों से कह रहा हूं। लेकिन मैं कांग्रेस का हिस्सा बना हुआ हूं। वह राजनीति में बने रहने से जुड़े सवाल का जवाब दे रहे थे। 68 वर्षीय जाखड़ कांग्रेस नेता राहुल गांधी की वर्चुअल रैली के सिलसिले में रविवार को लुधियाना में थे।

कुछ दिन पहले जाखड़ ने दावा किया था कि बीते साल अमरिंदर सिंह के अचानक हटने के बाद पार्टी के 42 विधायक उन्हें मुख्यमंत्री बनते देखना चाहते थे। इस खुलासे के बाद आप ने कांग्रेस पर जाति और धर्म के आधार पर राजनीति करने का आरोप लगाया था, जबकि भाजपा ने पार्टी के धर्मनिरपेक्षता के दावे पर सवाल उठाते हुए कहा था कि जाखड़ को उनके धर्म के कारण मुख्यमंत्री बनाने से इनकार कर दिया गया।

अमरिंदर सिंह के हटने के बाद सुनील जाखड़ मुख्यमंत्री पद की दौड़ में सबसे आगे थे, लेकिन पार्टी ने चरणजीत सिंह चन्नी को तरजीह दी, जो पंजाब के अनुसूचित जाति समुदाय के पहले मुख्यमंत्री बने। सुनील जाखड़ पूर्व केंद्रीय मंत्री और लोकसभा अध्यक्ष बलराम जाखड़ के बेटे हैं। उनके भतीजे संदीप जाखड़ 20 फरवरी को होने वाले पंजाब विधानसभा चुनाव में अबोहर सीट से कांग्रेस उम्मीदवार के तौर पर किस्मत आजमा रहे हैं।

1954 में अबोहर के पंजकोसी गांव में जन्मे सुनील जाखड़ 2002 से 2017 के बीच अबोहर से तीन बार विधायक चुने जा चुके हैं। वह राज्य की पिछली अकाली-भाजपा सरकार के दौरान पंजाब विधानसभा में विपक्ष के नेता भी रह चुके हैं। जाखड़ 2017 में अबोहर विधानसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार से हार गए थे। उन्होंने 2017 में सांसद विनोद खन्ना की मृत्यु के बाद गुरदासपुर लोकसभा सीट से सफलतापूर्वक उपचुनाव लड़ा था। जाखड़ को पंजाब कांग्रेस प्रमुख के रूप में भी नियुक्त किया गया था।

## चन्नी के पंजाब कांग्रेस का मुख्यमंत्री चेहरा घोषित होने के बाद पीएलसी ने सिद्धू का मजाक उड़ाया

**चंडीगढ़**। कांग्रेस की तरफ से चरणजीत सिंह चन्नी को विधानसभा चुनाव के लिए मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किए जाने के बाद अमरिंदर सिंह के नेतृत्व वाली पंजाब लोक कांग्रेस (पीएलसी) ने सत्ताधारी पार्टी की राज्य इकाई के प्रमुख नवजोत सिंह सिद्धू पर तंज कसा है। इसने अपने ट्विटर हैंडल पर हैशटैग कर्टन फॉर सिद्धू का इस्तेमाल करते हुए एक तस्वीर साझा की जिसमें राहुल गांधी, सिद्धू, चन्नी और सुनील जाखड़ ने एक-दूसरे का हाथ पकड़कर हवा में उठाया। हालांकि, शॉल की वजह से सिद्धू का चेहरा गलती से कुछ सेकेंड के लिए ढक गया। पीएलसी ने रविवार को ट्वीट किया कि एक तस्वीर हजार शब्दों पर भारी होती है। सिद्धू का मजाक उड़ाते हुए पीएलसी ने कहा, ठोको ठोको, रुको जोर से ठोको। सिद्धू अक्सर बातचीत के दौरान ठोको ताली को अपने तकिया कलाम की तरह इस्तेमाल करते हैं। मुख्यमंत्री के चेहरे की घोषणा से पहले सिद्धू ने एक ट्वीट में कहा था, बिना फैसले के कुछ भी बड़ा हासिल नहीं हुआ। पंजाब को स्पष्टता देने आए हमारे अग्रणी नेता राहुल जी का हार्दिक स्वागत। सभी उनके फैसले का पालन करेंगे।

## तृणमूल कांग्रेस व आप दल बदलुओं की पार्टी : चिदंबरम

भाषा। पणजी

**गोवा** में विधानसभा चुनाव होने से हफ्ते भर पहले और बहुकोणीय मुकाबला की संभावना बनने के बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने सोमवार को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) एवं आम आदमी पार्टी (आप) को दल-बदलुओं की पार्टी करार दिया।

उन्होंने यह भी कहा कि टीएमसी और आप के जीतने की संभावना नहीं है लेकिन वे गैर-भाजपा मतों को विभाजित कर रही हैं।

नुवेम विधानसभा क्षेत्र में एक जन सभा को संबोधित करते हुए चिदंबरम ने कहा कि मतदाताओं को आप या टीएमसी का समर्थन कर अपना वोट बर्बाद नहीं करना चाहिए, इसके बजाय उन्हें नोटा का विकल्प चुनना चाहिए। उन्होंने सवाल किया कि दल अचानक गोवा में आ गए। उनका यहां कोई जमीनी आधार नहीं है। क्या कोई जमीनी कार्यकर्ता है जो आप और टीएमसी में जमीन से शीर्ष पद तक पहुंचा है?

# डेरा सच्चा सौदा प्रमुख को 21 दिन का फरलो मिला

**चंडीगढ़**। जेल में कैद डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह को तीन हफ्ते का फरलो दिया गया। सिंह को राज्य के जेल प्रशासन ने 21 दिन का फरलो प्रदान किया है। पिछले साल भी, डेरा प्रमुख को अपनी बीमार मां से मिलने के लिए सूर्योदय से सूर्यास्त तक का आपातकालीन पैरोल दिया गया था। वह स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए भी कुछ मौकों पर जेल से बाहर आया था। सिंह (54), सिरसा स्थित अपने आश्रम में दो महिला अनुयायियों से बलात्कार के मामले में 20 साल की कैद की सजा काट रहा है।

PASUPATI ACRYLON LIMITED
CIN : L50102UP1982PLC015532
Regd. Office : Kashipur Road, Thakurdwara, Distt. Moradabad (U.P)
Corp. Office : M-14, Connaught Circus (Middle Circle), New Delhi-110 001
Tel. No. : 91-11-47627400, Fax No : 91-11-47627497; E-mail : delhi@pasupatiacrylon.com
Website : www.pasupatiacrylon.com
Pasupati Acrylon Ltd.
Quality Assured Company ISO-9001
(Rs. in Crores)

UNAUDITED FINANCIAL RESULTS (REVIEWED) FOR THE QUARTER AND NINE MONTHS ENDED 31ST DECEMBER, 2021

| Sl. No. | PARTICULARS | Quarter Ended (Un-audited) | | | Nine Months Ended (Un-audited) | | Year Ended (Audited) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31.12.2021 Reviewed | 30.09.2021 Reviewed | 31.12.2020 Reviewed | 31.12.2021 Reviewed | 31.12.2020 Reviewed | 31.03.2021 (Audited) |
| 1. | Total Income from operations | 206.60 | 178.09 | 155.74 | 508.46 | 324.10 | 514.23 |
| 2. | Net Profit for the period (before Tax, Exceptional and /or Extraordinary items) | 15.12 | 18.45 | 24.91 | 56.04 | 18.15 | 58.53 |
| 3. | Net Profit for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 15.12 | 18.45 | 24.91 | 56.04 | 18.15 | 58.53 |
| 4. | Net Profit for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 10.93 | 13.78 | 16.67 | 41.35 | 11.74 | 43.05 |
| 5. | Total comprehensive income for the period (Comprising Profit for the period (after tax) and other comprehensive income (after tax) | 10.94 | 13.89 | 16.64 | 41.58 | 11.65 | 43.52 |
| 6. | Paid up Equity Share Capital (Face Value of Rs.10/-) | 89.14 | 89.14 | 89.14 | 89.14 | 89.14 | 89.14 |
| 7. | Other Equity (excluding Revaluation Reserve) | | | | | | 144.32 |
| 8. | Earnings Per Share (Rs.10/- each) | | | | | | |
| | Basic : | 1.23 | 1.55 | 1.87 | 4.64 | 1.32 | 4.83 |
| | Diluted : | 1.23 | 1.55 | 1.87 | 4.64 | 1.32 | 4.83 |

NOTE : The above is an extract of the detailed format of quarterly Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly Financial Results are available on the Company's Website (www.pasupatiacrylon.com) and website of stock exchanges www.bseindia.com & www.nseindia.com.

for Pasupati Acrylon Ltd.
(Sd./-)
Vineet Jain
Managing Director

Place : New Delhi
Date : 07th February, 2022

# केरल के राज्यपाल ने लोकायुक्त अधिनियम में संशोधन को मंजूरी दी

भाषा। तिरुवनंतपुरम

**केरल** के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने लोकायुक्त की शक्तियों पर अंकुश लगाने के लिए राज्य में वाम सरकार के अध्यादेश को सोमवार को अपनी मंजूरी दे दी। राज्यपाल के फैसले की विपक्षी दल कांग्रेस ने आलोचना की और उसने आरोप लगाया गया था कि सत्तारूढ़ वाम सरकार और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच एक सौदा हो गया है और वे कानूनी रूप से इसके खिलाफ लड़ेंगे।

सत्तारूढ़ वाम दलों की सहयोगी भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) ने भी इस कदम पर नाखुशी जाहिर की। मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने लोकायुक्त के मुद्दे को लेकर रविवार को राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से मुलाकात की थी और उन्हें उन परिस्थितियों के बारे में बताया था जिसके कारण लोकायुक्त कानून में संशोधन के लिए अध्यादेश लाना पड़ा। सूत्रों ने बताया कि राज्यपाल के कार्यालय ने खान के अध्यादेश पर हस्ताक्षर करने की पुष्टि की है। विपक्षी दल कांग्रेस राज्यपाल से अध्यादेश पर हस्ताक्षर नहीं करने का आग्रह करती रही है। उसका कहना है कि मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के नेतृत्व वाली सरकार ऐसे समय में इसे लागू करने की कोशिश कर रही है, जब सरकार की कई अनियमितताओं की शिकायतें लंबित हैं।

भाकपा की राज्य इकाई के सचिव कनम राजेंद्रन ने कहा कि हमने एक अलग रूख नहीं अपनाया है, लेकिन एक सवाल उठाया है कि ऐसी क्या आपात स्थिति थी जिस वजह से सरकार को अध्यादेश लाना पड़ा। हमें उम्मीद है कि जब विधानसभा में विधेयक पेश किया जाएगा तो सरकार एक बयान जारी करेगी कि क्यों एक अध्यादेश तत्काल लाया गया।




पुष्कर में रेत पर कलाकृति बनाकर भारत रत्न लता मंगेशकर को श्रद्धांजलि देता एक कलाकार

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली–110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह–कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | भावेश कुमार, नेहा शर्मा, मैसर्स भावेश कुमार एचयूएफ, 397/बी 10, विश्वकर्मा मंदिर स्ट्रीट, नीमवाला चौक, लुधियाना, पंजाब खाता नंबर :– LBLUD00005076880 | मकान खसरा नंबर 699, खाता नंबर 1601/1994, स्थित ग्राम बेरवाल अवाना, एच.बी. नंबर 157, आबादी कालकाजी एन्क्लेव के नाम से ज्ञात, तहसील और जिला लुधियाना, पंजाब | 27/12/2021 रू. 94,52,266/– | 04/10/2021 |
| 2. | भावेश कुमार, नेहा शर्मा, मैसर्स भावेश कुमार एचयूएफ, 397/बी 10, विश्वकर्मा मंदिर स्ट्रीट, नीमवाला चौक, लुधियाना, पंजाब खाता नंबर :– LBLUD00005331735 | मकान खसरा नंबर 699, खाता नंबर 1601/1994, स्थित ग्राम बेरवाल अवाना, एच.बी. नंबर 157, आबादी कालकाजी एन्क्लेव के नाम से ज्ञात, तहसील और जिला लुधियाना, पंजाब | 27/12/2021 रू. 20,10,124/– | 04/10/2021 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 08 फरवरी, 2022
स्थान : गुरूग्राम
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# झारखंड के हजारीबाग जिले में संघर्ष में एक किशोर की मौत के बाद स्थिति तनावपूर्ण

भाषा। रांची

**झारखंड** के हजारीबाग जिले में दो समुदायों के सदस्यों के बीच हिंसक झड़प में एक किशोर की मौत हो जाने के बाद कई हिस्सों में तनाव फैल गया। हजारीबाग के पुलिस अधीक्षक मनोज रतन छोटे ने बताया कि बरही थानाक्षेत्र के करियाडपुर गांव में रविवार शाम को कथित हमले में रूपेश कुमार पांडे (17) की मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस संघर्ष में कथित संलिप्तता को लेकिर चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि किसी पुरानी रंजिश को लेकर यह संघर्ष हुआ और उसमें कोई सांप्रदायिक कोण नहीं है।

उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति के साथ मारपीट की गई और अन्य की इस संघर्ष में जान चली गई। दोनों दो भिन्न समुदाय से थे। छोटे ने बताया कि सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील जिला होने नाते क्षेत्र और उसके आसपास अफवाह फैलाने से रोकने के लिए इंटरनेट सेवाएं रोक दी गई हैं।

उन्होंने यह भी आश्वासन देने का प्रयास किया कि करियापुर गांव में स्थिति नियंत्रण में है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग इस घटना को रविवार के देवी सरस्वती के मूर्ति विसर्जन से जोड़कर देखने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन विसर्जन के लिए जुलूस निकलने से 30 घंटे पहले यह संघर्ष हुआ था, इसलिए इन दोनों घटनाओं में कोई संबंध नहीं है। उन्होंने कहा कि मृतक व्यक्ति के परिवार की ओर से अबतक कोई शिकायत नहीं दर्ज कराई गई है लेकिन किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए क्षेत्र में पुलिस बल को तैनात कर दिया गया है।

# त्रिपुरा में भाजपा के दो विधायकों ने दिया इस्तीफा

भाषा। अगरतला

**भारतीय** जनता पार्टी के दो विधायकों सुदीप रॉय बर्मन और आशीष साहा ने सोमवार को त्रिपुरा विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। दोनों विधायकों ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से भी इस्तीफा दे दिया है।

रॉय बर्मन और साहा ने सोमवार सुबह विधानसभा अध्यक्ष रतन चक्रवर्ती से मुलाकात कर उन्हें अपने इस्तीफे सौंपे। चक्रवर्ती ने कहा कि रॉय बर्मन और साहा ने मुझसे मुलाकात की और अपने त्यागपत्र सौंपे। मैंने त्रिपुरा विधानसभा सचिव को त्यागपत्रों की जांच करने को कहा है। मैं केवल तभी उनके त्यागपत्र को स्वीकार करूंगा, जब वे सदन के कार्य संचालन नियमों के मानदंडों के मुताबिक होंगे। रॉय बर्मन ने संवाददाताओं को बताया कि आज ही वे दोनों दिल्ली जाएंगे और आगे की रूपरेखा को अंतिम रूप देंगे। ऐसी अटकलें हैं कि दोनों विधायक मंगलवार को कांग्रेस में शामिल हो सकते हैं। मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब के आलोचक समझे जाने वाले रॉय बर्मन ने कहा, मैं त्यागपत्र देने के बाद कार्यमुक्त हो चुका हूं क्योंकि भाजपा नीत सरकार लोगों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने में पूरी तरह नाकाम रही है। त्रिपुरा में लोकतंत्र का गला घोंट दिया गया है और किसी को बोलने की अनुमति नहीं है।

उन्होंने दावा किया कि अगले विधानसभा चुनाव तक राज्य की भाजपा नीत सरकार अल्पमत में आ जाएगी, क्योंकि कई विधायक पार्टी छोड़ने की योजना बना रहे हैं।

## निजी गवाहों से पूछताछ उसी दिन पूरी करें निचली अदालतें: न्यायालय

**नई दिल्ली**। उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि देशभर में निचली अदालतों को निजी गवाहों से पूछताछ, जहां तक संभव हो, उसी दिन पूरी करनी चाहिए। इसके साथ ही न्यायालय ने कहा कि ऐसे गवाहों से जिरह की प्रक्रिया अचानक ही बगैर किसी कारण स्थगित करने की प्रवृत्ति का संज्ञान लेते हुए यह टिप्पणी की।

शीर्ष अदालत ने कहा कि बार-बार न्याय मिलने की प्रक्रिया को बाधित करने के लिए जानबूझकर किए जा रहे प्रयास पर वह आक्रोश व्यक्त करता है और इससे ऐसे हालात पैदा होते है।

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली–110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह–कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | दिनेश कपूर, के ऐंड के हेल्थ केयर प्रा. लि., सरू कपूर, द्वितीय तल, प्लॉट नंबर सी–10, प्रीत विहार, दिल्ली/ खाता नंबर :–एलबीएनओडी00001685505 | प्लॉट नंबर सी–10, द्वितीय तल (बैक साइड), तृतीय तल (फ्रंट साइड), प्रीत विहार, दिल्ली | 17–12–2021 रू. 53,41,281/– | 30–09–2021 |
| 2. | ऋषभ त्रिपाठी, सरोज त्रिपाठी, 18, दरियाबाद, इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश/ खाता नंबर :–एलबीएनओडी00004115904 | फ्लैट नंबर 604, छठा तल, टावर –एच, प्रतीक विस्टेरिया प्लॉट, सेक्टर–77, नोएडा, उत्तर प्रदेश | 17–12–2021 रू. 85,14,343/– | 31–01–2021 |
| 3. | आनंद प्रकाश, जगवती, सी–3/264, सी 3, ब्लॉक, यमुना विहार, नॉर्थ ईस्ट दिल्ली/ खाता नंबर :–एलबीडीईएल00002370036 | प्लॉट नंबर सी–3/264,यमुना विहार, दिल्ली | 08–09–2021 रू. 18,30,634/– | 07–06–2021 |
| 4. | समीर चावला, शिल्पा चावला, रिया चावला, सागर चावला, 351, भेरा एन्क्लेव, पश्चिम विहार, दिल्ली/ खाता नंबर :–एलबीडीईएल00001814414 | 493, ब्लॉक बी, द्वितीय तल, मीरा बाग, दिल्ली | 08–09–2021 रू. 25,18,557.2/– | 11–06–2021 |
| 5. | देवेन्द्र कुमार सिंह, रागिनी सिंह, डिजिटल फोर्स ऑनलाइन इंडिया प्रा. लि., एच नंबर सी–26/305, सूर्य नगर, ब्लॉक–सी, पी एस लिंक रोड, तहसील गाजियाबाद, गाजियाबाद/ खाता नंबर :–एलबीएनओडी00002081017 | फ्लैट नंबर एच 1702, 16वां तल, टावर एच, लॉजिक्स ब्लॉसम ग्रीन्स, प्लॉट नंबर जीएच–01, सेक्टर–143, नोएडा | 31–12–2021 रू. 38,00,725/– | 11–05–2021 |
| 6. | नेहा सिंह, रंजन सिंह, फ्लैट नंबर डी/303, ट्यूलिप आइवरी, सेक्टर–70, बादशाहपुर, गुरूग्राम, हरियाणा/ खाता नंबर :–एलबीजीयूआर00004221845 | फ्लैट नंबर 302, द्वितीय तल, टावर बी–21, ट्यूलिप वायलेट, सेक्टर–69, गुरूग्राम, हरियाणा | 31–12–2021 रू. 26,60,711/– | 04–08–2021 |
| 7. | सुनीता सिंह, देवेन्द्र सिंह, रोहित सिंह, गीतिका सिंह, सी 155, मेफील्ड गार्डन, निकट मानव रचना स्कूल, सेक्टर–50, गुरूग्राम/ खाता नंबर :–एलबीजीयूआर00002430448 | प्लॉट नंबर सी 155, मेफील्ड गार्डन, सेक्टर–50, गुरूग्राम | 31–12–2021 रू. 9,16,020/– | 31–03–2021 |
| 8. | यशपाल सिंह, रश्मि सिंह, ए–166, वैशाली नगर, जयपुर/ खाता नंबर :–एलबीजीयूआर00002006881 | प्लॉट नंबर वाई 68, सेक्टर–63, ब्रह्मा सिटी, गुरूग्राम | 31–12–2021 रू. 22,41,893/– | 09–09–2021 |
| 9. | अनु घोष, प्रभात लखेरा, डी–118, डी ब्लॉक, गणेश नगर, पांडव नगर, दिल्ली/ खाता :–एलबीजीएचजैड00005289172 | फ्लैट नंबर 1902, 19वां तल, वीवीआईपी होम्स टावर जे, प्लॉट नंबर जीसी–03 के, सेक्टर–16 सी, ग्रेटर नोएडा | 31–12–2021 रू. 34,51,860.99/– | 06–07–2021 |
| 10. | रेखा विज, रवि कुमार, ए 88 बुनकर कालोनी, अशोक विहार फेज–4, दिल्ली/ खाता :–एलबीडीईएल00004882988 | प्लॉट नंबर 239–240, तृतीय तल मय छत, सेक्टर–23, पाकेट–11 बी, रोहिणी, दिल्ली | 31–12–2021 रू. 31,95,413.5/– | 30–05–2021 |
| 11. | आईटीई इंजीनियर्स प्रा. लि., सुनील कुमार अरोड़ा, अश्वनी कुमार अरोड़ा, आशा रानी अरोड़ा, प्लॉट नंबर 20, सेक्टर–59, एचएसआईडीसी फरीदाबाद, फरीदाबाद/ खाता :–एलबीएफडीबी00003398878 | प्लॉट नंबर 1678, सेक्टर–9, फरीदाबाद–121 002 | 31–12–2021 रू. 40,77,835/– | 31–01–2021 |
| 12. | यशपाल सिंह, मंजू, ग्राम घामरोज (179), वार्ड नंबर 2, गुरूग्राम–122 001/ खाता :–एलबीडीईएल00004566630 | फ्लैट नंबर एल 1707, 17वां तल, टावर एल, माहिरा होम्स, सेक्टर–68, गुरूग्राम | 31–12–2021 रू. 16,70,488/– | 04–10–2021 |
| 13. | अमित पांडे, संज्ञा पांडे, 3ए/271, रचना वैशाली, गाजियाबाद/ खाता नंबर :–एलबीएनओडी00001920531 | पीवाइवीबी000159, यमुना विहार प्लॉट, जेपी ग्रीन्स स्पोर्ट्स सिटी ईस्ट, सेक्टर–22 बी, यीडा, नोएडा | 31–12–2021 रू. 46,28,072.1/– | 11–10–2021 |
| 14. | आशीष कुमार सेठी, ममता सेठी, सी–52, ओम विहार, गुलाब बाग, गांधी नगर, उत्तम नगर, दिल्ली/ खाता :–एलबीडीईएल00005144228 | सम्पत्ति सं. 23/79 ए एवं बी, द्वितीय तल, ब्लॉक–23, तिलक नगर, नई दिल्ली, दिल्ली | 31–12–2021 रू. 26,76,158.46/– | 30–04–2021 |
| 15. | परवीन कुमार, शिखर दीक्षित, फ्लैट नंबर 605 टी–1, आरपीएस सवाना सिटी, सेक्टर–88, फरीदाबाद/ खाता :–एलबीएनओडी00004927412 | फ्लैट नंबर 2711, 27वां तल, पैनोरामा ब्लॉक जी टावर जी प्लॉट नंबर जीएच–04, सेक्टर–22, यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास क्षेत्र, ग्रेटर नोएडा | 31–12–2021 रू. 39,40,609/– | 04–10–2021 |
| 16. | रमेश कुमार रॉय, बबीता रॉय, एच नंबर 76, गली नंबर 5, लक्ष्मी विहार जैन रोड, उत्तम नगर, वेस्ट दिल्ली–110059/ खाता :–एलबीजीएचजैड00005159753 | फ्लैट नंबर डी 2 902, 9वां तल, सेक्टर 10, श्री वर्धमान गार्डेनिया, सेक्टर–10, सोनीपत | 31–12–2021 रू. 37,11,721.01/– | 04–10–2021 |
| 17. | रीतेश कुमार विश्वकर्मा, भारती विश्वकर्मा, सम्पत्ति सं. डी–44, आदर्श नगर, पृथ्वी राज रोड, दिल्ली/ खाता :–एलबीडीईएल00005164714 | प्लॉट नंबर 179, द्वितीय तल, अभय खंड 1, इंदिरापुरम, गाजियाबाद | 31–12–2021 रू. 71,95,531/– | 04–10–2021 |
| 18. | रोहन शर्मा, एच नंबर एफ 50 राधे पुरी, कृष्णा नगर एच ओ, दिल्ली/ खाता :–एलबीएनओडी00004949198 | फ्लैट नंबर एएम–ए 103, प्रथम तल, टावर ए, अजनारा ऐम्ब्रोसिया, प्लॉट नंबर जीएच–01, सेक्टर–118, गौतमबुद्ध नगर, नोएडा | 31–12–2021 रू. 46,87,073/– | 31–10–2021 |
| 19. | रोशन लाल सेमवाल, लक्ष्मी देवी सेमवाल, ए 170, ब्लॉक ए, देवली एक्सटेंशन, दिल्ली/ खाता नंबर :–एलबीजीयूआर00003444986 | प्लॉट नंबर 1901, सेठी वेनिस, टावर बी, 19वां तल, सेक्टर–150, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर | 31–12–2021 रू. 51,61,306/– | 30–06–2021 |
| 20. | संदीप शर्मा, सीमा शर्मा, एच नंबर एफ 100 बी गली नंबर 05, मंगल बाजार, लक्ष्मी नगर, शकरपुर ईस्ट, दिल्ली/ खाता :–एलबीएनओडी00004978071 | फ्लैट नंबर 2604, 26वां तल, टावर बी अजनारा पैनोरामा प्लॉट नंबर जीएच–04, सेक्टर–22, यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास क्षेत्र, ग्रेटर नोएडा | 31–12–2021 रू. 40,80,710/– | 31–10–2021 |
| 21. | संगीता मलिक, मनमोहन मलिक, ए–64, ज्ञानदीप अपार्टमेंट्स, मयूर विहार फेज–1, दिल्ली/ खाता :–एलबीएनओडी00002480392 | फ्लैट नंबर एएम–एच 1706, 17वां तल, टावर एच, अजनारा ऐम्ब्रोसिया, प्लॉट नंबर जीएच–01, सेक्टर–118, गौतमबुद्ध नगर, नोएडा | 31–12–2021 रू. 42,86,430/– | 31–10–2021 |
| 22. | श्री कृष्ण दत्त, प्रभु दत्त शर्मा, फ्लैट नंबर डी0504, 5वां तल, टावर डी, स्प्रिंग व्यू हाइट्स, ग्राम शाहपुर बम्हेटा, गाजियाबाद/ खाता :–एलबीडीईएल00002078769 | यूनिट डी0504, डी01 टावर डी, 5वां तल, मैक्सिमा, सरे होम्स, गुरूग्राम | 31–12–2021 रू. 32,61,054/– | 31–07–2021 |
| 23. | सिम्मी विज, राजेश कुमार विज, जेजी–1/8 ए, विकासपुरी, दिल्ली/ खाता :–एलबीडीईएल00004913388 | प्लॉट नंबर 64, तृतीय तल, छत के अधिकार सहित, ब्लॉक एफ, विकासपुरी, दिल्ली | 31–12–2021 रू. 43,85,036/– | 04–10–2021 |
| 24. | सुनील कुमार, कमला प्रसाद सिंह, एफ–201, ग्रीन वैली, सीजीएचस, द्वारका, दिल्ली/ खाता :–एलबीडीईएल00004741135 | फ्लैट नंबर 59, सैंडल स्ट्रीट रिटेल प्लॉट नबर 22, सेक्टर–135, गौतमबुद्ध नगर, | 31–12–2021 रू. 64,93,916/– | 31–10–2021 |
| 25. | निधि बत्रा, रेणु बत्रा, रूद्राक्ष बत्रा, एच नंबर 177, सेक्टर–17, निकट हरि मंदिर फरीदाबाद/ खाता :–एलबीडीईएल00002000522 | प्लॉट एससीएफ 7, सेक्टर–17, अर्बन एस्टेट फरीदाबाद | 31–12–2021 रू. 32,40,872/– | 31–03–2021 |
| 26. | सुमित कौशिक, वकुल कौशिक, 1/9, लैन्टाना स्ट्रीट, वाटिका सिटी, सोहना रोड, गुरूग्राम/ खाता :–एलबीडीईएल00001726646 | अपा. नंबर बी–4/ जी एफ, टावर नंबर आइरिस बी–4, भू तल, वाटिका सिटी, सोहना रोड, गुरूग्राम | 31–12–2021 रू. 31,05,245/– | 31–01–2021 |
| 27. | अजय गोयल, ईशा गोयल, डब्ल्यूजैड 28 नीमड़ी ग्राम, शास्त्री नगर, दिल्ली / खाता :–एलबीजीयूआर00003250881 | फ्लैट नंबर 2405, 24वां तल, सुपरटेक अजालिया टावर 5 सेक्टर 68, गुरूग्राम | 27–12–2021 रू. 36,47,224/ | 03–05–2021 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 08 फरवरी, 2022
स्थान : दिल्ली/एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# राजस्थान सरकार ने रीट लेवल-2 परीक्षा निरस्त की : अशोक गहलोत

भाषा। जयपुर

**मुख्यमंत्री** अशोक गहलोत ने राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा (रीट) की लेवल-2 परीक्षा निरस्त करने की घोषणा करते हुए सोमवार को कहा कि यह परीक्षा अब नए सिरे से होगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि रीट पेपर लीक प्रकरण में किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने रीट से भरे जाने वाले अध्यापकों के पदों की संख्या भी 32,000 से बढ़ाकर 62,000 करने की घोषणा की।

अपने आवास पर मंत्रिमंडल की बैठक के बाद गहलोत ने संवाददाताओं से कहा कि आज हमने रीट लेवल-2 की परीक्षा निरस्त करने का फैसला लिया है। यह परीक्षा नए सिरे से होगी। लेवल-। की प्रक्रिया पूर्ववत जारी रहेगी। रीट परीक्षा में गड़बड़ी की जांच एसओजी कर रही है और हमारी सरकार हर दोषी को सजा दिलाकर युवाओं के साथ न्याय सुनिश्चित करेगी।

गहलोत ने कहा कि रीट के जरिए की जाने वाली भर्तियों की संख्या 32,000 से बढ़ाकर 62,000 किया जाएगा। इनमें लेवल-1 और लेवल-2 दोनों शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पर्चा लीक और प्रतियोगी परीक्षाओं में नकल आदि रोकने के लिए कड़ा कानून विधानसभा में लाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए कृतसंकल्प है।

इस दिशा में विगत तीन वर्षों में एक लाख युवाओं को विभिन्न विभागों में नियुक्तियां दी गई हैं और एक लाख पदों पर भर्ती के लिए प्रक्रिया शुरू की गई है। रीट लेवल-2 की परीक्षा निरस्त करने की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा, राज्य सरकार ने अब यह निर्णय किया है कि रीट की परीक्षा के लेवल-प्रथम में चूंकि किसी प्रकार की कोई पेपर लीक या अन्य किसी प्रकार की घटना प्रकाश में नहीं आई है। साथ ही, इसके माध्यम से शिक्षक भर्ती के करीब 15 हजार 500 पदों पर अभ्यर्थियों को नियुक्तियां दी जानी हैं।

ऐसे में बेरोजगार युवाओं एवं अभ्यर्थियों के हित में इन पदों को शीघ्र भरा जाए। यह भी निर्णय किया गया है कि इस वर्ष रीट लेवल-प्रथम परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को मेरिट के आधार पर नियुक्ति दी जाएगी। उन्हें नियुक्ति के लिए शिक्षक भर्ती की अन्य परीक्षा नहीं देनी होगी।

इससे पहले मुख्यमंत्री गहलोत की अध्यक्षता में सोमवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में निर्णय किया गया कि लेवल-2 के लिए आयोजित रीट परीक्षा को निरस्त किया जाए।

## नेताओं की सुरक्षा में तैनात 762 निजी सुरक्षा अधिकारी वापस बुलाए गए : मुख्यमंत्री

**गुवाहाटी**। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने बताया कि राज्य में नेताओं और महत्वपूर्ण हस्तियों की सुरक्षा में तैनात 762 निजी सुरक्षा अधिकारियों (पीएसओ) को हाल-फिलहाल में वापस बुला लिया गया है। गुवाहाटी में संवाददाताओं से बातचीत में सरमा ने कहा कि खतरे की समीक्षा के लिए गठित सुरक्षा सलाहकार समिति की सलाह पर विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़े नेताओं और महत्वपूर्ण हस्तियों ने बिना आपत्ति जताए अपने-अपने पीएसओ लौटा दिए। मुख्यमंत्री ने बताया कि आने वाले दिनों में लगभग दो हजार पीएसओ को वापस बुलाए जाने की संभावना है और इससे दो नई बटालिन के गठन में मदद मिलेगी।

सरमा ने एक जनवरी को हुई कैबिनेट की बैठक के बाद संवाददाताओं को बताया था कि उनकी सरकार ने राज्य में पीएसओ की तैनाती के लिए एक नई नीति लाने का निर्णय लिया है।

# सेंसेक्स ने लगाया 1,024 अंक का गोता

## शेयर बाजारों में गिरावट जारी

भाषा। मुंबई







**शेयर बाजार** में लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स सोमवार को 1,024 अंक का गोता लगाकर 58,000 अंक के नीचे बंद हुआ। मुद्रास्फीति में वृद्धि के बीच विभिन्न देशों के केंद्रीय बैंकों द्वारा नीतिगत रुख कड़ा किए जाने से निवेशक चिंतित हैं, जिसका असर बाजार पर दिखा। कारोबारियों के अनुसार, विदेशी निवेशकों की बाजार से पूंजी निकासी जारी रहने को लेकर चिंता से भी बाजार धारणा पर असर पड़ा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,023.63 अंक यानी 1.75 प्रतिशत की गिरावट के साथ 57,621.19 अंक पर बंद हुआ। इसी प्रकार नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 302.70 अंक यानी 1.73 प्रतिशत लुढ़ककर 17,213.60 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में पिछले तीन कारोबारी सत्रों में 1,937.14 अंक की गिरावट आ चुकी है। इससे बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 5.82 लाख करोड़ रुपए घटा है। सेंसेक्स के शेयरों में एचडीएफसी बैंक 3.65 प्रतिशत की गिरावट के साथ सर्वाधिक नुकसान में रहा। इसके अलावा बजाज फाइनेंस, एलएंडटी, एचडीएफसी, बजाज फिनसर्व, एचडीएफसी लि. कोटक बैंक और विप्रो में भी प्रमुख रूप से गिरावट दर्ज की गई। दूसरी तरफ केवल पांच शेयरों... पावरग्रिड, एनटीपीसी, टाटा स्टील, एसबीआई और अल्ट्राटेक सीमेंट लाभ में रहे। इनमें 1.88 प्रतिशत तक की तेजी रही। सेंसेक्स के शेयरों में 25 नुकसान में जबकि पांच लाभ में रहे।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले घरेलू बाजारों में उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। एफआईआई की बिकवाली और कमजोर वैश्विक रुख के बीच यह गिरावट आई। अमेरिकी शेयर बाजारों में भी दबाव रहा क्योंकि वहां बेहतर रोजगार के आंकड़ों से फेडरल बैंक के उम्मीद के मुकाबले तेजी से ब्याज दर बढ़ाए जाने की आशंका है। उन्होंने कहा, घरेलू बाजार में आशंका है कि रिजर्व बैंक मुद्रास्फीति में तेजी और दुनिया के अन्य केंद्रीय बैंकों द्वारा ब्याज दरों में वृद्धि को देखते हुए नीतिगत दर बढ़ा सकता है। इससे बाजार में उतार-चढ़ाव बना रह सकता है। महाराष्ट्र में महान गायिका लता मंगेशकर के निधन के शोक में सात फरवरी को राजकीय अवकाश के कारण मौद्रिक नीति समिति की 7-9 फरवरी को होने वाली बैठक अब 8-10 फरवरी को होगी। मौद्रिक नीति बैठक के नतीजों की घोषणा 10 फरवरी को की जाएगी। एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की और दक्षिण कोरिया का कॉस्पी नुकसान में जबकि हांगकांग का हैंगसेंग और चीन का शंघाई कंपोजिट लाभ में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में तेजी रही। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.05 प्रतिशत की गिरावट के साथ 92.29 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। मुद्रा बाजार सोमवार को बंद रहा।

# रिवर्स रेपो दर में 0.20 प्रतिशत की बढ़ोतरी के लिए यह अनुकूल समय : एसबीआई रिपोर्ट

भाषा। मुंबई

**भारतीय स्टेट** बैंक (एसबीआई) की एक रिपोर्ट में पहली छमाही में ऋण वृद्धि में तेजी और जमाओं में गिरावट आने से सावधि दरें बढ़ने एवं कर्ज के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने के बाद रिजर्व बैंक को रिवर्स रेपो दर में 0.20 प्रतिशत की वृद्धि का सुझाव दिया गया है। एसबीआई की रिपोर्ट कहती है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के दायरे के बाहर रिवर्स रेपो दर में 20 आधार अंकों की बढ़ोतरी करनी चाहिए ताकि उसे नए सरकारी ऋणपत्रों के खरीदार मिल सकें।

वित्त वर्ष 2022-23 के बजट में केंद्र सरकार के सकल कर्ज को बढ़ाकर रिकॉर्ड 14.3 लाख करोड़ रुपए करने का प्रस्ताव रखा गया है। राज्यों को मिलाकर अगले वित्त वर्ष में सकल ऋण 23.3 लाख करोड़ रुपए रहने का अनुमान जताया गया है। इसके अलावा बजट में 3.1 लाख करोड़ रुपए के भुगतान का भी प्रस्ताव है। एसबीआई समूह के मुख्य आर्थिक सलाहकार सौम्य कांति घोष के मुताबिक, कर्ज बढ़ने के साथ ब्याज दरों में वृद्धि के बीच यह बजट सरकारी बॉन्ड के वैश्विक बॉन्ड सूचकांक में समावेशन का जिक्र नहीं करता है। घोष का मानना है कि आरबीआई एमपीसी के बाहर रेपो दर में 0.20 प्रतिशत तक की वृद्धि नहीं कर सकता है क्योंकि बढ़ती जमा दरों का मतलब है कि कर्ज दरों को भी बढ़ना होगा। ऐसा नहीं होने पर बैंकों का मार्जिन घट जाएगा। घोष ने कहा कि इस परिस्थिति में रिजर्व के लिए रिवर्स रेपो दर में 20 आधार अंकों की वृद्धि करने का यह माकूल मौका है लेकिन यह काम एमपीसी के दायरे से बाहर करना होगा। उन्होंने कहा कि रिवर्स रेपो के मुख्यत: तरलता प्रबंधन का साधन होने से इसमें वृद्धि भी जरूरी है क्योंकि दर अनिश्चितता में बड़ा फासला आ गया है। इस रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2021-22 की पहली छमाही में ऋण सुधार के संकेत दिखाई दिए। उन्होंने कहा कि जमा दरों में वृद्धि में कोई भी देरी आने वाले समय में दरों को बढ़ा सकती है। इसके अलावा छोटी बचत दरें आकर्षक बनी हुई हैं। इस स्थिति में रेपो दर में वृद्धि की तत्काल जरूरत है।

## क्विक न्यूज

### इंडियन बैंक का तीसरी तिमाही का शुद्ध लाभ 34 प्रतिशत बढ़कर 690 करोड़ रुपए पर

**नई दिल्ली।** इंडियन बैंक का एकल शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर की तीसरी तिमाही में एकल आधार पर 34 प्रतिशत बढ़कर 689.73 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। इससे पिछले वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में बैंक ने 514.28 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया था। शेयर बाजारों को भेजी सूचना में बैंक ने कहा कि सितंबर तिमाही की तुलना में बैंक का लाभ 37 प्रतिशत कम है। उस समय बैंक का लाभ 1,089.18 करोड़ रुपए था। इसके अलावा बैंक की कुल आय 31 दिसंबर को समाप्त तिमाही में बढ़कर 11,481.80 करोड़ रुपए हो गई, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 11,167.86 करोड़ रुपए थी। वहीं बैंक की सकल गैर-निष्पादित आस्तियां (एनपीए) आलोच्य तिमाही के दौरान 9.13 प्रतिशत पर पहुंच गईं, जो एक साल पहले की इसी अवधि 9.04 प्रतिशत पर थी। तिमाही के दौरान बैंक का प्रावधान और अन्य आकस्मिक खर्च बढ़कर 2,493 करोड़ रुपए पर पहुंच गया, जो एक साल पहले समान तिमाही में 2,060.87 करोड़ रुपए था।

### रिलायंस ने सीबीएम ब्लॉक से गैस के लिए न्यूनतम 14 डॉलर की मांग की

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) ने मध्य प्रदेश के एक ब्लॉक में कोयले की परतों से निकलने वाले प्राकृतिक गैस की बिक्री के लिए न्यूनतम 14 अमेरिकी प्रति एमएमबीटीयू कीमत मांगी है। आरआईएल ने हाल में वैश्विक स्तर पर ऊर्जा कीमतों में आए उछाल के चलते यह मांग की है। फर्म द्वारा प्रकाशित एक नोटिस आमंत्रण पेशकश (एनआईओ) के अनुसार रिलायंस ने एक अप्रैल 2022 से एक साल की अवधि के लिए अपने कोल-बेड मीथेन (सीबीएम) ब्लॉक एसपी (पश्चिम) सीबीएम-2001। से प्रतिदिन 6.5 लाख मानक घन मीटर गैस की बिक्री के लिए उपयोगकर्ताओं से बोली मांगी है। ब्रेंट कच्चे तेल की कीमत पर 14 फीसदी प्रीमियम के आधार पर बोलियां मांगी गई है। रिलायंस ने गैस की कीमत के लिए जो फार्मूला तय किया है उसके मुताबिक कच्चे तेल की वर्तमान कीमत पर गैस की न्यूनतम कीमत 14 अमरीकी डालर प्रति एमएमबीटीयू हो जाती है। दूसरी ओर सरकार ने ओएनजीसी जैसी सरकारी कंपनियों द्वारा उत्पादित गैस की कीमत इस समय 2.90 अमेरिकी डॉलर प्रति एमएमबीटीयू तय की है।

### यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का शुद्ध लाभ तीसरी तिमाही में 49 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने सोमवार को बताया कि 31 दिसंबर 2021 को समाप्त चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 49 प्रतिशत बढ़कर 1,085 करोड़ रुपए हो गया। बैंक को पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 727 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ हुआ था। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने शेयर बाजार को बताया कि 2021-22 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही के दौरान उसकी कुल आय घटकर 19,453.74 करोड़ रुपए रह गई, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 20,102.84 करोड़ रुपए थी। परिसंपत्ति की गुणवत्ता के लिहाज से बात करें तो बैंक का सकल एनपीए दिसंबर तिमाही के अंत में सकल अग्रिमों के मुकाबले 11.62 प्रतिशत था, जबकि यह आंकड़ा दिसंबर 2020 के अंत में 13.49 प्रतिशत था। हालांकि, समीक्षाधीन अवधि के अंत में बैंक का शुद्ध एनपीए सालाना आधार पर 3.27 प्रतिशत से बढ़कर 4.09 प्रतिशत हो गया। बैंक का प्रावधान एवं आपातकालीन राशि एक साल पहले के 5,210.50 करोड़ रुपए की तुलना में घटकर 2,549.58 करोड़ रुपए रह गई।

### आरबीआई ने मौद्रिक नीति समिति की बैठक पुनर्निर्धारित की

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मौद्रिक नीति समिति की बैठक की तारीख बदलकर आठ फरवरी कर दी है। यह बैठक पहले सात फरवरी से नौ फरवरी के बीच आयोजित की जानी थी। महान गायिका लता मंगेशकर के निधन पर शोक व्यक्त करने के लिए महाराष्ट्र सरकार द्वारा सात फरवरी को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने के बाद आरबीआई ने यह घोषणा की है। आरबीआई ने रविवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा कि सात फरवरी को भारत रत्न लता मंगेशकर के सम्मान में महाराष्ट्र सरकार द्वारा सार्वजनिक अवकाश घोषित करने के बाद मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक अब आठ से दस फरवरी के बीच होगी।

### फेथ की सरकार से वाणिज्यिक उड़ानों को पूरी तरह खोलने की मांग

**नई दिल्ली।** पर्यटन और आतिथ्य उद्योग निकाय फेडरेशन ऑफ एसोसिएशन इन इंडियन टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी (फेथ) ने भारत से आने-जाने के लिए पूर्ण क्षमता के साथ वाणिज्यिक उड़ानों के संचालन की अनुमति देने की मांग की है। निकाय ने कहा है कि इस कदम से देश में पर्यटकों की संख्या में इजाफा होगा। फेथ ने सोमवार को एक बयान में कहा कि भारत से आने-जाने वाले यात्रा उद्योग में गतिविधियां पिछले 23 महीनों से ठप है। उद्योग निकाय ने कहा कि कोरोना वायरस महामारी की शुरुआत से पहले वर्ष 2019-29 में भारत में लगभगर 1.9 करोड़ विदेशी पर्यटक आए थे। इससे करीब 30 अरब डॉलर की आय हुई। निकाय ने कहा आवाजाही बंद होने की वजह से भारतीय यात्रा उद्योग के कर्मचारियों और उद्यमों पर भारी संकट है। साथ ही उद्योग में बेरोजगारी बढ़ रही है। वित्तीय दबाव भी बढ़ रहा है। फेथ ने कहा कि बहुत से देशों ने अब ओमीक्रोन संक्रमण का असर कम होने के चलते पूर्ण टीकाकरण वाले यात्रियों के लिए अपनी सीमाएं खोल दी है या खोलने की घोषणा की है। उद्योग निकाय ने कहा कि उसने पर्यटन मंत्रालय को स्वास्थ्य मंत्रालय के साथ मिलकर सीमाओं को खोलने की घोषणा करने का अनुरोध किया है। साथ ही सभी भारतीय बंदरगाहों पर पूरी तरह से टीकाकरण वाले यात्रियों के लिए बिना अलग-थलग रहने की नीति के साथ पूर्ण वाणिज्यिक उड़ाने फिर से शुरू करने की घोषणा करना का आह्वान किया है।

### डिजिटल हो रहा भारत, नकदी की जगह ई-वॉलेट, यूपीआई का इस्तेमाल कर रहे हैं उपभोक्ता : नीति आयोग

**नई दिल्ली।** नीति आयोग के उपाध्यक्ष राजीव कुमार ने सोमवार को कहा है कि लोगों को वित्तीय सेवाओं तक अधिक और आसान पहुंच मिलने से भारत में डिजिटलीकरण बढ़ रहा है, जिसके कारण उपभोक्ताओं के वित्तीय व्यवहार में बदलाव आया और वे नकद की जगह ई-वॉलेट तथा यूपीआई का इस्तेमाल कर रहे है। कुमार ने नीति आयोग के फिनटेक मुक्त शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि फिनटेक के उदय ने वित्तीय समावेशन को बढ़ावा दिया है। उन्होंने आगे कहा कि अधिक न्यायसंगत, समृद्ध और वित्तीय रूप से समावेशी भारत बनाने के लिए डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देना महत्वपूर्ण है। कुमार ने कहा, भारत में डिजिटलीकरण बढ़ रहा है और लोगों की वित्तीय सेवाओं तक आसान पहुंच हो रही है। इससे उपभोक्ताओं के वित्तीय व्यवहार में बदलाव आया है। अब वे नकद की जगह ई-वॉलेट और यूपीआई को अपना रहे है। इस कार्यक्रम में केंद्रीय रेल, संचार और इलेक्ट्रॉनिक्स तथा आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सरकार स्वास्थ्य, लॉजिस्टिक और अन्य क्षेत्रों के लिए कोविन और यूपीआई जैसे खुले मंच बनाने में भरोसा करती है। वैष्णव ने कहा कि सार्वजनिक निवेश के जरिए एक खुला मंच बनाया गया है, जिससे कई निजी उद्यमी, स्टार्टअप और डेवलपर्स नए समाधान बनाने के लिए जुड़ सकते है।

# पंजाब एंड सिंध बैंक का तीसरी तिमाही का शुद्ध लाभ 301 करोड़ रुपए

भाषा। नई दिल्ली

**सार्वजनिक** क्षेत्र के पंजाब एंड सिंध बैंक (पीएसबी) ने चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 301 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ अर्जित किया है। प्रमुख आय में बढ़ोतरी और प्रावधान में कमी आने से बैंक का मुनाफा बढ़ा है। पीएसबी ने सोमवार को शेयर बाजार को दी गई सूचना में कहा कि अक्टूबर-दिसंबर, 2020 तिमाही में उसे 2,376 करोड़ रुपए का शुद्ध घाटा हुआ था। इसी तरह जुलाई-सितंबर 2021 तिमाही के 218 करोड़ रुपए की तुलना में बैंक का शुद्ध लाभ 38.1 प्रतिशत बढकर तीसरी तिमाही में 301 करोड़ रुपए हो गया। पीएसबी की अक्टूबर-दिसंबर, 2021 तिमाही में कुल आय बढ़कर 2,042.03 करोड़ रुपए हो गई जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 1,973.78 करोड़ रुपए रही थी। वहीं बैंक की शुद्ध ब्याज आय 23.1 प्रतिशत बढ़कर 758 करोड़ रुपए हो गई, जबकि वित्त वर्ष 2020-21 की तीसरी तिमाही में यह 616 करोड़ रुपए रही थी।

शुद्ध ब्याज मार्जिन भी दिसंबर, 2021 तिमाही में 3.17 प्रतिशत बढ़ गया जबकि एक साल पहले की इसी अवधि में यह 2.8 प्रतिशत थी। इसके अलावा बैंक के लिए जमाओं की लागत भी 4.97 प्रतिशत से घटकर 4.24 प्रतिशत पर आ गई। पीएसबी ने कहा कि वित्त वर्ष 2021-22 की तीसरी तिमाही में गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों (एनपीए) के लिए वित्तीय प्रावधान की जरूरत भी घटकर 325 करोड़ रुपए पर आ गई। एक साल पहले की समान अवधि में उसे 1,482 करोड़ रुपए का प्रावधान करना पड़ा था।

# एनजीटी ने हिंदुस्तान जिंक पर 25 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया

भाषा। नई दिल्ली



**राष्ट्रीय हरित** अधिकरण (एनजीटी) ने वेदांता समूह की फर्म हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड (एचजेडएल) पर राजस्थान के भीलवाड़ा जिले में पर्यावरण मानदंडों के उल्लंघन के लिए 25 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। अधिकरण ने कहा कि पर्यावरण कानून के उल्लंघन को हल्के में नहीं लिया जा सकता है, खासतौर से तब जबकि उल्लंघनकर्ता मौजूदा परियोजना प्रस्तावक (पीपी) हैं और पीड़ित गरीब ग्रामीण हैं।

एनजीटी ने कहा कि पर्यावरण को हुए नुकसान से हुरदा ब्लॉक में छह से अधिक पंचायतों के लोग प्रभावित हुए हैं। एनजीटी के चेयरपर्सन न्यायमूर्ति ए के गोयल की अध्यक्षता वाली पीठ के आदेश के तहत हिंदुस्तान जिंक को तीन महीने के भीतर जिला मजिस्ट्रेट भीलवाड़ा के पास 25 करोड़ रुपए की राशि जमा करनी होगी। एनजीटी ने यह भी निर्देश दिया कि केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और जिला मजिस्ट्रेट, भीलवाड़ा की एक संयुक्त समिति किसी अन्य विशेषज्ञ की सहायता से क्षेत्र में निवासियों और मवेशियों के लिए स्वास्थ्य सुधार कार्यक्रम के अलावा मिट्टी और भूजल की गुणवत्ता को सुधारने के लिए एक योजना तैयार कर सकती है इस आदेश पर प्रतिक्रिया देते हुए कंपनी ने एक बयान में कहा कि एचजेडएल कानून का पालन करने वाली कॉरपोरेट संस्था है और वह हमेशा कानून को बनाए रखेगी। कंपनी ने कहा, एनजीटी द्वारा नियुक्त विशेषज्ञों की सात सदस्ईय समिति ने 90 लाख रुपए की लागत से पेड़ लगाने की सिफारिश की, हम जिसका पालन करने के इच्छुक थे।

## सीसीआई के आदेश के खिलाफ अमेजन की याचिका पर सुनवाई करेगा एनसीएलएटी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय कंपनी कानून अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) व्यापार नियामक सीसीआई के आदेश पर रोक लगाने की ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन की अंतरिम याचिका पर 14 फरवरी को सुनवाई करेगा। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने अमेजन की फ्यूचर कूपन प्राइवेट लिमिटेड (एफसीपीएल) के साथ सौदे के लिए दो साल से अधिक पुरानी मंजूरी को निलंबित कर दिया था। इस मामले में तीन सदस्ईय पीठ ने सोमवार को एक अंतरिम आदेश पारित करने के लिए अमेजन की याचिका को 14 फरवरी को सूचीबद्ध करने का आदेश दिया। पीठ ने इस मसले पर फैसला नहीं होने तक पिछले साल दिसंबर में भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) द्वारा पारित आदेश के संचालन पर रोक लगाने का भी निर्देश दिया है। एनसीएलएटी की पीठ ने कहा, पंजीकृत मामले को सुनवाई के लिए 14 फरवरी को सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया गया है। अपीलीय न्यायाधिकरण ने अखिल भारतीय व्यापारी परिसंघ (सीएआईटी) और ऑल इंडिया कंज्यूमर प्रोडक्ट डिस्ट्रीब्यूटर्स फेडरेशन द्वारा दायर अपीलों को उसी तारीख को सूचीबद्ध करने का भी निर्देश दिया। गौरतलब है कि दिसंबर 2021 में सीसीआई ने अमेजन-एफसीपीएल के समझौते को यह कहते हुए निलंबित कर दिया था कि ई-कॉमर्स प्रमुख ने उस समय लेनदेन के लिए मंजूरी की मांग करते हुए जानकारी को दबा दिया था।

## बीबीबी ने राष्ट्रीय अवसंरचना वित्तपोषण बैंक के प्रबंध निदेशक पद के लिए आवेदन मांगे

**नई दिल्ली।** बैंकिंग प्रमुखों की नियुक्ति के लिए गठित बैंक बोर्ड ब्यूरो (बीबीबी) ने नवगठित नैबफिड के प्रबंध निदेशक पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। अप्रैल-जून, 2022 तिमाही में परिचालन शुरू करने जा रहे राष्ट्रीय अवसंरचना वित्तपोषण एवं विकास बैंक (नैबफिड) के प्रबंध निदेशक पद के लिए सात मार्च तक ऑनलाइन आवेदन किए जा सकते हैं। बीबीबी की तरफ से जारी सार्वजनिक नोटिस के मुताबिक, मुख्यधारा के बैंकिंग या वित्तीय कारोबार में 31 जनवरी, 2022 तक न्यूनतम 25 वर्षों का अनुभव रखने वाले बैंकर इस पद के लिए आवेदन कर सकते हैं। अधिसूचित बैंकों, अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों एवं गैर-बैंकिंग वित्त कंपनियों में अनुभव रखने वाले अभ्यार्थी ही इसके योग्य माने जाएंगे। अभ्यार्थियों के पास जनवरी, 2022 तक निदेशक स्तर या प्रबंध निदेशक या मुख्य कार्यपालक अधिकारी के रूप में काम करने का कम-से-कम तीन साल का अनुभव होना जरूरी है।

# सेबी ने निर्गम के बारे में जरूरी जानकारियों के लिए नया खुलासा प्रारूप जारी किया

भाषा। नई दिल्ली

**बाजार** नियामक सेबी ने चीजें सरल बनाने के इरादे से विवरण पुस्तिका की महत्वपूर्ण बातों को एक जगह संक्षिप्त जानकारी के रूप में देने को लेकर नया प्रारूप जारी किया है। इसके तहत पेशकश दस्तावेज के पहले पन्ने पर महत्वपूर्ण सूचनाएं देनी होंगी। नियमों के तहत कंपनी की किसी भी तरह की प्रतिभूति की खरीद को लेकर आवेदन फॉर्म के साथ विवरण पुस्तिका या पेशकश दस्तावेज की महत्वपूर्ण बातों का सारांश (एब्रिज्ड प्रोस्पेक्टस) उपलब्ध कराने की जरूरत होती है।

सेबी ने शुक्रवार को जारी परिपत्र में कहा कि खुलासा जरूरतों की समीक्षा के बाद यह महसूस किया गया है कि चूंकि कई प्रकार की जानकारियां साझा करने की जरूरत होती है, ऐसे में पहले पन्ने पर बहुत सारी सूचनाएं होती हैं। इससे चीजें बहुत साफ नहीं होती। संशोधित प्रारूप के तहत कंपनी को प्रवर्तक, सार्वजनिक पेशकश की जानकारी....निर्गम के प्रकार, नए निर्गम तथा बिक्री पेशकश (ओएफएस), कुल निर्गम आकार... और विभिन्न श्रेणियों में शेयरों के आरक्षण की जानकारी विवरण पुस्तिका के पहले पृष्ठ पर ही देनी होगी। साथ ही कंपनी को प्रवर्तक, प्रवर्तक समूह और अन्य शेयरधारकों की बिक्री पेशकश के बारे में पूरी जानकारी देने की जरूरत होगी।

## सेमीकंडक्टर की किल्लत के कारण जनवरी में यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री दस प्रतिशत घटी : फाडा

**नई दिल्ली।** सेमीकंडक्टर चिप की किल्लत के कारण ऑटोमोबाइल कंपनियों का उत्पादन प्रभावित रहने से यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री जनवरी, 2022 में सालाना आधार पर दस प्रतिशत घाट गई। ऑटोमोबाइल डीलर्स के निकाय फाडा ने सोमवार को यह जानकारी दी। द फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के अनुसार, जनवरी में 2022 में यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री 10.12 प्रतिशत घटकर 2,58,329 इकाई की रह गई, जो जनवरी 2021 में 2,87,424 इकाई की थी। फाडा अध्यक्ष विंकेश गुलाटी ने कहा, अच्छी मांग के बावजूद यात्री वाहनों को सेमीकंडक्टर की कमी का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। इसके कारण सभी कारों की सूची को बनाए रखना मुश्किल हो रहा है। फाडा ने कहा कि दोपहिया वाहनों की बिक्री भी पिछले महीने 13.44 प्रतिशत घटकर 10,17,785 इकाई रह गई, जो जनवरी 2021 में 11,75,832 इकाई की थी।

# बजट में राजकोषीय मजबूती की योजनाओं में स्पष्टता का अभाव, जोखिम बढ़े : फिच

भाषा। नई दिल्ली

**बजट 2022-23** में राजकोषीय मजबूती की योजनाओं पर स्पष्टता न होने और राजकोषीय घाटा बढ़ने से भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) एवं कर्ज अनुपात में गिरावट संबंधी पूर्वानुमान से जुड़ा जोखिम बढ़ गया है। फिच रेटिंग्स ने सोमवार को यह बात कही है। वैश्विक रेटिंग एजेंसी फिच ने बयान में कहा कि नियोजित उच्च पूंजीगत व्यय किस स्तर तक सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि को समर्थन देता है और इन जोखिमों को कम करता है, वह सॉवरेन रेटिंग तय करने से जुड़ा एक अहम पहलू है। फिच रेटिंग्स ने गत नवंबर में भारत की सॉवरेन रेटिंग को बीबीबी- पर बरकरार रखते हुए कहा था कि ऋण वृद्धि के नकारात्मक स्तर पर बने रहने के जोखिम के चलते आर्थिक परिदृश्य नकारात्मक बना हुआ है। फिच ने अपने बयान में कहा, नए बजट में मध्यम अवधि वाली योजनाओं को लेकर स्पष्टता नहीं होने और राजकोषीय घाटा बढ़ने से सरकारी कर्ज एवं जीडीपी अनुपात में गिरावट आने संबंधी फिच रेटिंग्स के पूर्वानुमान का जोखिम बढ़ गया है। फिच ने कहा कि एक फरवरी को पेश किए गए बजट 2022-23 में सरकार राजकोषीय मजबूती के बजाय वृद्धि को समर्थन देती हुई नजर आई। उसने कहा, बजट में घाटे संबंधी जो लक्ष्य रखे गए हैं वे भारत की रेटिंग की पुष्टि के समय की हमारी अपेक्षा से थोड़े अधिक हैं। बजट में कहा गया है कि वर्ष 2021-22 में राजकोषीय घाटा जीडीपी का 6.9 प्रतिशत रह सकता है। फिच ने इसके 6.6 प्रतिशत रहने का पूर्वानुमान जताया था।

# पेज एक का शेष

## टुकड़े-टुकड़े गैंग की...

उन्होंने कहा कि कुछ लोगों को तो ए इंतजार था कि ए कोरोना वायरस मोदी की छवि को चपेट में ले लेगा और इसके लिए उन्होंने बहुत इंतजार किया। मोदी ने कहा कि आज मेड इन इंडिया कोविड टीका दुनिया में सबसे प्रभावी है। उन्होंने कहा कि आज भारत कोरोना रोधी टीके की पहली खुराक के शत-प्रतिशत के लक्ष्य के निकट पहुंच रहा है और लगभग 80 प्रतिशत दूसरी खुराक का पड़ाव भी पूरा कर लिया है। मोदी ने कहा कि कुछ लोगों को देश के नौजवानों को, देश के उद्यमियों को, देश के धन सृजनकर्ता को डराने और भयभीत करने में आनंद आता है, लेकिन देश का नौजवान उनकी बातें सुन नहीं रहा है, इसीलिए देश आगे बढ़ रहा है। उन्होंने सवाल किया कि महात्मा गांधी ने स्वदेशी की बात की और सरकार मेक इन इंडिया पर काम कर रही है तब विपक्ष इसका मजाक क्यों उड़ा रहा है।

## गृहमंत्री का आग्रह...

उन्होंने कहा कि तीन फरवरी को शाम लगभग 5:20 बजे ओवैसी मेरठ के किठौर से जनसंपर्क कार्यक्रम करने के बाद दिल्ली लौट रहे थे और जब उनका काफिला छिजारसी टोल प्लाजा, पिलखुवा से गुजर रहा था तो दो अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा उनके काफिले पर गोलियां चलाई गईं। उन्होंने कहा कि इस घटना में ओवैसी सुरक्षित बच गए, लेकिन उनके वाहन के निचले हिस्से में तीन गोलियों के निशान देखे गए और इसे तीन गवाहों द्वारा देखा भी गया। उन्होंने कहा कि मामले में विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है और इसकी विवेचना की जा रही है। शाह ने इस अवसर पर यह भी कहा कि ओवैसी का पूर्व से कोई कार्यक्रम तय नहीं था और न ही आवागमन के बारे में उनकी ओर से कोई पूर्व सूचना जिला नियंत्रण कक्ष को दी गई थी।

## सैनिक को विंटर ओलंपिक...

और जानबूझ कर उकसाने वाला बताया है। अमेरिकी सीनेट की विदेश मामलों की समिति के सदस्य एवं रिपब्लिकन सीनेटर जिम रिच ने भी कहा है कि वाशिंगटन भारत की संप्रभुता का समर्थन करना जारी रखेगा। सोमवार को यहां प्रेस वार्ता में यह पूछे जाने पर कि क्या फबाओ को मशाल रिले में उतारना चीन के इस दृष्टिकोण के खिलाफ गया है कि ओलंपिक को खाई पाटनी चाहिए, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियान ने कहा, मैं जोर देते हुए यह कहना चाहता हूं कि बीजिंग शीतकालीन ओलंपिक के मशाल वाहक व्यापक रूप से प्रतिनिधि हैं, वे सभी संबद्ध मानदंडों को पूरा करते हैं।

## चन्नी के भांजे ने...

ईडी ने कहा कि हनी को कुछ दस्तावेजों के साथ तीन फरवरी को एजेंसी के समक्ष व्यक्तिगत रूप से पेश होने के लिए समन जारी किया गया था। जांच एजेंसी के मुताबिक हनी उपस्थित हुआ और अपना बयान दिया, जिसमें उसने अन्य बातों के साथ-साथ कहा कि वह खनन संबंधी गतिविधियों में शामिल है, लेकिन दोष साबित करने वाला डाटा सामने रखे जाने पर वह टालमटोल करने लगा।

## कर्नाटक में हिजाब पर...

इसलिए उन्हें एक अलग कमरे में बैठने को कहा गया लेकिन किसी भी सूरत में उन्हें (हिजाब के साथ) कक्षा में बैठने या उनके लिए अलग से कक्षाएं संचालित करने की अनुमति नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि लड़कियों का सड़क पर बैठना भारतीय संस्कृति नहीं है। नागेश ने कहा, भारतीय संस्कृति में महिलाओं को एक सम्मानजनक स्थान प्राप्त है। इसलिए उनके लिए एक अलग कमरे की व्यवस्था की गई है। मासूम बच्चों को यह नहीं पता कि स्कूल कैसे जाएं। शिक्षा मंत्री ने कहा कि अलग कमरे में बैठने की व्यवस्था केवल आज के लिए की गई क्योंकि हर व्यक्ति कर्नाटक उच्च न्यायालय में मंगलवार को होने वाली सुनवाई का इंतजार कर रहा है। इस बीच, चिक्कमगलुरु में एक कॉलेज में कुछ छात्र नीले रंग का स्कार्फ पहनकर पहुंचे और उन्होंने भगवा स्कार्फ पहने छात्रों के सामने जय भीम के नारे लगाए। यह छात्र हिजाब पहनने की मांग करने वाली छात्राओं का समर्थन कर रहे थे। चिक्कबल्लापुर, बागलकोट, बेलगावी, हसन और मांड्या में कुछ छात्राओं द्वारा, शनिवार को जारी सरकारी आदेश का उल्लंघन कर हिजाब और इसके विरोधस्वरूप कुछ छात्रों द्वारा भगवा शाल ओढकर कॉलेज आने की खबरें सामने आईं। बेलगावी और मांड्या में लड़कियों ने हिजाब पहनने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। इस मामले पर उच्च न्यायालय में होने वाली सुनवाई से पहले, बोम्मई ने सभी से शांति कायम रखने की अपील की और कहा कि उनकी सरकार अदालत के आदेश के बाद कदम उठाएगी। नई दिल्ली पहुंचने के बाद उन्होंने संवाददाताओं से कहा, मामला उच्च न्यायालय में है और उसका निर्णय वहां होगा। इसलिए मैं सभी से शांति बरकरार रखने की अपील करता हूं और किसी को शांति भंग करने वाला कदम नहीं उठाना चाहिए। उन्होंने कहा, सभी को (यूनिफॉर्म पर) राज्य सरकार के आदेश का पालन करना चाहिए और कल अदालत का फैसला आएगा और उसके अनुसार हम कदम उठाएंगे।

## शांतिश्री पंडित बनीं...

अपने करियर में उन्होंने 29 शोधार्थियों को निर्देशित किया है। पिछले साल जेएनयू के कुलपति के तौर पर अपने पांच साल का कार्यकाल पूरा होने के बाद से एम जगदीश कुमार कार्यवाहक कुलपति के तौर पर जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे थे। कुमार को अब विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। धूलिपुड़ी पंडित ने कहा कि उनका ध्यान राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन और अकादमिक उत्कृष्टता के लिए लैंगिक रूप से संवेदनशील माहौल उपलब्ध कराने पर होगा। उन्होंने कहा कि जेएनयू की कुलपति के तौर पर मैं तमिलनाडु राज्य से इस सम्मानित विश्वविद्यालय की पूर्व छात्रा और पहली महिला के तौर पर यह अवसर देने के लिए प्रधानमंत्री और उच्च शिक्षा मंत्री का आभार व्यक्त करती हूं।

## नोएडा में ट्विन टावर...

उल्लंघन करने को लेकर इन निर्माणाधीन इमारतों को तीन महीने के अंदर ध्वस्त करने का पिछले साल 31 अगस्त को न्यायालय ने आदेश दिया था। न्यायालय ने कहा था कि अवैध निर्माण से सख्ती से निपटा जाए ताकि कानून के शासन का अनुपालन सुनश्चित हो सके। न्यायालय ने घर खरीदारों की पूरी राशि बुकिंग के समय से 12 प्रतिशत ब्याज दर के साथ लौटाने का निर्देश दिया था।

## अखिलेश के समर्थन में...

तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष बनर्जी ने लखनऊ रवाना होने से पहले कोलकाता में संवाददाताओं से कहा, अखिलेश यादव ने मुझे वहां आने एवं सपा के लिए प्रचार करने का न्यौता दिया है। हम (तृणमूल कांग्रेस) चाहते हैं कि उत्तर प्रदेश में भाजपा हारे और अखिलेश यादव जीतें। हम सभी को भाजपा के खिलाफ संघर्ष में उनका साथ देना चाहिए। यही कारण है कि हमने इस बार उत्तर प्रदेश में चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया है। बनर्जी ने कहा कि वह फरवरी में बाद में वाराणसी जाएंगी लेकिन तारीख अभी तय नहीं की गई है। तृणमूल प्रमुख ने कहा कि वैसे तो उनकी पार्टी पांच राज्यों में फरवरी-मार्च में हो रहे चुनाव में बस गोवा में लड़ रही है लेकिन वह 2024 में लोकसभा चुनाव में पंजाब में भी लड़ेगी। इस घटनाक्रम पर विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने सवाल किया कि क्या सपा चुनाव बाद हिंसा का समर्थन करती है जो पिछले साल पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस की जीत के बाद राज्य में हुई। भाजपा नेता ने कहा, भाजपा उत्तर प्रदेश में सत्ता में लौटेगी। और हम जानना चाहेंगे कि क्या समाजवादी पार्टी उस चुनाव बाद हिंसा का समर्थन करती है जो बंगाल में तृणमूल कांग्रेस ने की थी। यदि नहीं, तो सपा को उसकी निंदा करनी चाहिए।पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दौरान सपा ने चुनाव नहीं लड़ा था और उसने सत्तारूढ तृणमूल कांग्रेस का साथ दिया था। अखिलेश यादव के बनर्जी के साथ अच्छे संबंध हैं। वह जनवरी, 2019 में तृणमूल सुप्रीमो द्वारा आयोजित विपक्षी दलों की बैठक में शामिल हुए थे।

## राम का नाम लेने वालों...

जो ममता को पश्चिम बंगाल से बुलाना पड़ा। उन्होंने कहा कि इससे यह सिद्ध हो गया है कि अखिलेश और सपा आज अकेले खड़े हैं और उनके समर्थन में बाहर प्रदेश से बाहर के लोगों को बुलाना पड़ रहा है। उन्होंने लोगों को याद दिलाया कि ममता बनर्जी ने अनेक मौकों पर उत्तर प्रदेश के लोगों की सभ्यता, संस्कृति और खान पान का अपमान किया और राम का नाम लेने पर लोगों को जेल में डाल दिया था। स्मृति ईरानी ने कहा कि यह भी क्या संयोग है कि राम का नाम लेने वालों को जेल में डालने वाले और राम भक्तों पर गोली चलाने वाले आज साथ दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने जनता से अपील की कि वह राम का अपमान करने वालों को भूले नहीं। उन्होंने कहा कि सपा के एक नेता ने तो यहाँ तक कहा था कि जरूरत पड़ती तो राम भक्तों पर और गोली चलवाते। यह चुनाव ऐसे लोगों और अदालत के निर्णय के अनुरूप भव्य राम मंदिर बनाने वालों के बीच है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह चुनाव सिर्फ जेवर एयरपोर्ट अथवा टैक्सटाइल पार्क का नहीं बल्कि हर उस बेटी और मां का है जो सपा सरकार में असुरक्षित थी और उसे सम्मान नहीं मिला था।

# यूक्रेन में तनाव कम करने को लेकर मॉस्को पहुंचे मैक्रों

भाषा। मॉस्को



**फ्रांस के** राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों यूक्रेन के आसपास मौजूद तनाव को कम करने के लिए सोमवार को मॉस्को में वार्ता करेंगे। यूक्रेन के पास लगभग एक लाख रूसी बलों की तैनाती ने पश्चिमी देशों की चिंताएं बढ़ा दी हैं, जो इसे संभावित आक्रमण की शुरुआत के तौर पर देख रहे हैं। हालांकि, रूस ने अपने पड़ोसी देश पर हमले की किसी भी योजना से इनकार किया है, लेकिन वह अमेरिका और उसके सहयोगियों पर यूक्रेन या किसी अन्य पूर्व-सोवियत देश को नाटो में शामिल होने से रोकने का दबाव बना रहा है। रूस ने क्षेत्र में हथियारों की तैनाती रोकने और पूर्वी यूरोप से नाटो बलों को वापस बुलाने की भी मांग की है। अमेरिका और नाटो ने रूस की मांगों को खारिज कर दिया है। मैक्रों मंगलवार को यूक्रेन के दौरे पर रवाना होने से पहले सोमवार को क्रेमलिन में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात करेंगे। फ्रांसीसी राष्ट्रपति ने बीते हफ्ते कहा था कि रूस से वार्ता करना और क्षेत्र में तनाव में कमी लाना उनकी प्राथमिकता है। मॉस्को जाने से पहले मैक्रों ने रविवार को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन से फोन पर बातचीत की थी। व्हाइट हाउस की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक, दोनों नेताओं ने यूक्रेन की सीमाओं पर रूस की सैन्य तैनाती के जवाब में चल रहे राजनयिक और निवारक प्रयासों पर चर्चा की तथा यूक्रेन की संप्रभुता व क्षेत्रीय अखंडता के लिए अपने समर्थन की पुष्टि की। उच्च स्तरीय कूटनीति को जारी रखते हुए जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज 14-15 फरवरी को कीव और मॉस्को की यात्रा करेंगे। 2015 में फ्रांस और जर्मनी ने यूक्रेनी बलों व रूस समर्थित अलगाववादियों के बीच संघर्ष खत्म करने के मकसद से पूर्वी यूक्रेन में एक शांति समझौता कराने में मदद की थी। यह संघर्ष 2014 में यूक्रेन के क्रीमिया प्रायद्वीप पर रूस के कब्जे के बाद शुरू हुआ था। बेलारूस की राजधानी मिन्स्क में हुए समझौते ने बड़े पैमाने पर जारी लड़ाई को रोकने में मदद की थी, लेकिन दोनों पक्षों के बीच एक राजनीतिक समझौता कराने के प्रयास ठहर गए हैं और यूक्रेन के पूर्वी औद्योगिक गढ़ डोनबास में तनावपूर्ण सीमा पर झड़पें लगातार जारी हैं। रूस, यूक्रेन, फ्रांस और जर्मनी के नेता आखिरी बार दिसंबर 2019 में तथाकथित नॉरमैंडी प्रारूप शिखर सम्मेलन में पेरिस में मिले थे, लेकिन वे विवादित मुद्दों को हल करने में नाकाम रहे। रूस की सैन्य तैनाती पर जारी तनाव के बीच चार देशों के राष्ट्रपति के सलाहकारों ने 26 जनवरी को पेरिस में वार्ता की, लेकिन इसमें कोई स्पष्ट प्रगति नहीं हुई और दो हफ्ते में बर्लिन में एक बार फिर से मिलने की सहमति बनी। यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमिर जेलेंस्की ने एक और चार-पक्षीय नॉरमैंडी शिखर सम्मेलन पर जोर दिया है, लेकिन क्रेमलिन ने कहा है कि नेताओं की बैठक तभी सार्थक होगी, जब संबंधित पक्ष विद्रोह वाले पूर्वी इलाके को विशेष दर्जा देने से जुड़े अगले कदमों पर सहमत हों।

## इमरान खान के इस महीने के अंत में रूस की पहली यात्रा पर जाने की उम्मीद

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान के इस महीने के अंत में रूस की महत्वपूर्ण यात्रा पर जाने की उम्मीद है, जो दो दशकों में किसी पाकिस्तानी प्रधानमंत्री की पहली मॉस्को यात्रा होगी। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने राजनयिक सूत्रों के हवाले से बताया कि खान के 23 से 26 फरवरी के बीच रूस जाने की उम्मीद है। उनकी रूस की यात्रा चीन की उनकी यात्रा के बाद होने की उम्मीद है, जहां उन्होंने बीजिंग ओलंपिक के उद्घाटन समारोह में भाग लिया और राष्ट्रपति शी चिनफिंग सहित शीर्ष चीनी नेतृत्व के साथ बातचीत की। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी इस समारोह में शामिल हुए थे। चीन के शिनजियांग प्रांत में बीजिंग की कथित मानवाधिकार नीतियों को लेकर अमेरिका, यूरोपीय संघ और कई पश्चिमी देशों द्वारा इस कार्यक्रम का राजनयिक बहिष्कार किया गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि सूचना मंत्री फवाद चौधरी ने खान की रूस की यात्रा संबंधी खबर की पुष्टि करने से परहेज करते हुए कहा कि इसके लिए विदेश मंत्रालय से संपर्क किया जाना चाहिए। खान की रूस यात्रा को पश्चिम के लिए एक स्पष्ट संकेत माना जा रहा है, खासकर तब जब उन्होंने अफगानिस्तान से अमेरिका की वापसी के बाद पाकिस्तानी सैन्य ठिकाने देने के मुद्दे पर अमेरिका को स्पष्ट रूप से मना कर दिया और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने जनवरी 2021 में पदभार ग्रहण करने के बाद से खान को फोन तक नहीं किया। इस बीच, राजनयिक सूत्रों ने पुष्टि की है कि तारीखों को अंतिम रूप दे दिया गया है और अगर आखिरी मिनट में कोई बदलाव नहीं होता है तो खान तथा राष्ट्रपति पुतिन फरवरी के आखिरी सप्ताह में मिलेंगे।





कोलंबिया के पडिला में एक पुलिस स्टेशन के पास हुए एक कार बम विस्फोट के मलबे के पास जांच पड़ताल करती पुलिस, पुलिस के अनुसार इस कार बम विस्फोट में कम से कम तीन लोग घायल हो गए और कई इमारतों को नुकसान पहुंचा

## ऑस्ट्रेलिया टीका लगवा चुके यात्रियों के लिए सीमाएं खोलेगा

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया ने कोरोना वायरस महामारी प्रतिबंधों में और ढील देते हुए 21 फरवरी से टीकाकरण पूर्ण करा चुके सभी पर्यटकों और व्यापारिक यात्रियों के लिए अपनी सीमाएं खोलने का सोमवार को फैसला किया। ऑस्ट्रेलिया ने मार्च 2020 में अपने नागरिकों और स्थाई निवासियों पर कोविड-19 को घर लाने से रोकने के लिए दुनिया के कुछ सबसे कठिन यात्रा प्रतिबंध लगाए।

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given on behalf of **Mr. Kamal Ahuja** who is purchasing Built up Entire Second Floor, without roof rights of Freehold Property No.3/9, area measuring 200 Sq. Yds., situated at East Patel Nagar New Delhi from Mr. S.C Kapoor, Mr. R.C Kapoor, Mrs. Sudha Kapoor and Mr. Vikas Kapoor & M/s V.K Wadhwa Constructions Private Limited, who were the owners of the property vide Conveyance Deed dated 28.09.2002, Relinquishment Deed dated 01.05.2019, Collaboration Agreement dated 02.05.2019 & Regd. GPA dated 10.12.2020 and intend to mortgage against the financial assistance from **Aditya Birla Housing Finance Limited** That the Surviving Member Certificate of Late Mr. S.K Kapoor is not available, To comply the requirements of BANK / NBFC, we give this public notice that if any person(s) having any objection regarding ownership and/ or creating mortgage of the said property is/are hereby requested to intimate in writing to the undersigned.

**Lucem Legal LLP**
269, Rama House, Ground Floor, Masjid Moth, Opp. Uday Park, South Ext.II, New Delhi-110049
Contact # 011- 40046316

**PUBLIC NOTICE**

My Client Mrs. Anita Gupta W/o Shyam Sunder Gupta had Misplaced Original Sale Deed Doc. 1400. Book No. 01. Page 28-29. Dated - 29.01.1966, Executed by Gaffur in favour of Jiwan Singh of Property Address 1/7310-A, Gali No. 5, East Gorakh Park, Shahdara, Delhi-110032 Purchased from Jiwan Singh 1/7310-A, Gali No. 5, East Gorakh Park, Shahdara, Delhi-110032
If found please Contact : 9015136905
**Advocate : AAKASH AGGARWAL**
F-722, Lawyers Chambers, Karkardooma Court, Delhi-110032, Enroll. No. : D/745B/2016

**PUBLIC NOTICE**

It is to inform to the public at large that **Mr. Anil Jain** S/o Mr. Sampat Rai Jain,who is purchasing **Residential Portion of Plot No. C-23, Area Measuring 50 Sq. Yards i.e. 41.80 sq. Meter out of Khasra no. 1109mi, Situated at Chaman Vihar Colony, Village Loni (out of Chakbandi), Tehsil Loni, Distt. Ghaziabad, U.P.** from Mr. Sachin Jain S/o Mr. Satish Chand, who is the owner throughRegd. GPA executed by **Mrs. Maya Devi** W/o Mr. Surendra Kumar vide GPA dated 01.07.2021, Vide Doc. No.5684, and same to be finance & mortgage by **Roha Housing Finance Pvt. Ltd.** However, Original Sale deed dated 29.01.2010 executed by **Mr. Vishnu Padokar** S/o Mr. Manoranjan Kar in favour of **Mr. Babban Tiwari** S/o Mr. Jamuna Prasad, Vide Doc. No. 2198 has been lost and not available and an FIR has lodged on dated 05.02.2022 with LAR No.2022000054632 for loss of document.
If any Person having any type of claim / right / title/ interest over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within 7 days from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien, disputes etc.

**Lucem Legal LLP**
Office No. G-03, at Ground Floor, on Plot No. D-61, Sector-2, Noida, UP-201301
Contact # 0120-4130438

**PUBLIC NOTICE**

Be it known to all that I, **Jagmeet Singh S/o Shri Charanjeet Singh & Hardeep Kaur Wife Of Jagmeet Singh R/O C-4C/366, Pocket-14, Janakpuri, New Delhi**-110058 **am** the legal owner of bearing **Plot No. 477, Block No. A, Pocket No. 1, Sector No. 37, measuring-32.00** Sq.**mts. situated at ROHINI, DELHI, FILE NO. F-16 (27809) 2012/RHN, Application no. 142468, Priority No. 20819 which is allotted by the DDA. Original Perpetual Lease Deed** the above Plot has been lost. An FIR/NCR to this effect has lodged in P. S. Crime Branch, Delhi vide **LR No. 106849/2022, Dated-07-02-2022**. Any person(s)claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above address/phone No. 9818849956 within 15 days from the date of publication of this notice. Any person claiming any right, interest, or having any objections with respect to this property can also personally inform/contact me.

**PUBLIC NOTICE**

Be it known to all that I, K.B.Dayani son of Shri Bhojraj is the owner of BA-4F, Munirka DDA Flats, New Delhi-110067 vide DDA file no:F37(480)74/MIG/LAB. Two original Conveyance Deed executed by DDA without Registered and Site Possession slip have been misplaced/lost on 8.6.2016. An FIR/NCR to this effect has been lodged with PS Crime Branch, Delhi vide LR No:101846/2022 dated 5.2.2022.
Any person(s) claiming any right, interest or having any objection or found in possession of the aforesaid original Conveyance Deed may write or contact the above named person or on his mobile no:9868413323 within 15 days from the date of publication of this notice or can also write to the Dy Director, LAB(H) or Director(H)-1, D block, 3rd Floor, Vikas Sadan, INA, New Delhi-110023

# सिंगापुर एअरशो में भारतीय वायुसेना का तेजस दिखाएगा करतब

भाषा। सिंगापुर



**भारतीय वायुसेना** का हल्का लड़ाकू विमान तेजस 15 से 18 फरवरी तक आयोजित होने वाले सिंगापुर एअरशो 2022 में अपने उड़ान कौशल का प्रदर्शन करेगा। एअरशो के आयोजक एक्सपीरिया ने सोमवार को कहा, "एकल जेट प्रदर्शन में सिंगापुर के आसमान में प्रभावशाली स्टंट और हवाई करतब दिखेंगे। एअरशो में चार वायुसेनाओं और दो वाणिज्यिक कंपनियों के आठ उड़ान प्रदर्शन तथा फ्लाईपास्ट कार्यक्रम होंगे। तेजस विमान ने पिछले साल नवंबर में दुबई एअरशो में भी हिस्सा लिया था। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड द्वारा निर्मित तेजस एकल इंजन और बहु-भूमिका वाला अत्यंत फुर्तीला सुपरसोनिक लड़ाकू विमान है जो नभ क्षेत्र में उच्च-खतरे वाली स्थितियों में संचालन करने में सक्षम है। यह प्रमुख रूप से हवाई युद्ध और आक्रामक तरीके से हवाई सहायता मिशन में काम आने वाला विमान है ।

## ओटावा के मेयर ने आपातकाल की घोषणा की

**टोरंटो ( कनाडा )। ओटावा** में कोविड-19 संबंधी प्रतिबंधों के कारण हो रहे विरोध प्रदर्शनों के बीच कनाडा की राजधानी ओटावा के मेयर जिम वाटसन ने रविवार को आपातकाल की घोषणा कर दी।

**PUBLIC NOTICE**

Whereas M/s. Vatika Limited is in the process of development of a Group Housing Colony in Sector 89A over an area measuring 11.125 acres in Gurugram Manesar Urban Complex, Haryana in accordance with the provision of License No.87 of 2013 dt. 11.10.2013 granted by the Director General, Town & Country Planning (Haryana), Chandigarh.
And whereas several individuals have made bookings/entered into purchase agreements for allotment of plots / property in the said colony (hereinafter referred to as allottees).
And whereas the Change of Developer for the said project / colony is proposed to M/s ATS Real Estate Builders Pvt. Ltd.
And whereas the o/o Director General, Town & Country Planning (Haryana), Chandigarh, while granting in principle approval of the proposed Change of Developer vide Memo No. LC-2805-Asstt.(MS)/2021/2518 dated 31.01.2022, has required seeking of any objections from the general public for the proposed change of developer as a pre condition for allowing the same.
Accordingly, vide this public notice; objections are hereby invited from any of the general public / allottees in the said colony on the proposed Change of Developer.
Objections, if any, may be filed in the o/o Senior Town Planner, Sector 14, Gurugram, Haryana, or may be filed in our Corporate Office within 30 days of this notice, failing which it shall be assumed that there are no objections to the proposed Change of Developer to M/s ATS Real Estate Builders Pvt. Ltd. in this license.

**Place: Gurugram**
**Dated: 08.02.2022**
**For VATIKA LIMITED**
**Authorised Signatory**

## रक्त को पतला करने वाली दवा संभवतः कर सकती है कोविड का उपचार : अध्ययन

भाषा। मेलबर्न

**व्यापक रूप** से उपलब्ध और रक्त को पतला करने वाली सस्ती एवं किफायती दवा हेपरिन संभवतः कोविड-19 का उपचार कर सकती है। यह बात एक अध्ययन के शुरुआती परिणामों में कही गई है। अध्ययन में यह भी कहा गया कि यह दवा सांस के जरिए लिए जाने पर फेफड़ों की क्षति को सीमित कर सकती है और कोरोना वायरस से होने वाले संक्रमण को भी रोक सकती है। ऑस्ट्रेलियन नेशनल यूनिवर्सिटी (एएनयू) के अनुसंधानकर्ता और उनके सहकर्मी 13 देशों में अस्पतालों में सार्स-कोव-2 से संक्रमित उन मरीजों पर नज़र रख रहे हैं, जिन्हें सांस के जरिए हेपरिन की खुराक दी गई। ब्रिटिश जर्नल ऑफ क्लिनिकल फार्माकोलॉजी में प्रकाशित 98 रोगियों के प्रारंभिक परिणामों में कहा गया है कि हेपरिन एक आशाजनक उपचार हो सकता है और यह वायरस के खिलाफ एक संभावित निवारक भी हो सकती है।

## पापुआ न्यू गिनी के पीएम बीजिंग में कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए

**बीजिंग।** शीतकालीन ओलंपिक खेलों के उद्घाटन समारोह में भाग लेने पिछले सप्ताह बीजिंग पहुंचे पापुआ न्यू गिनी के प्रधानमंत्री कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं। इसके चलते उन्हें अपने दौरे में कटौती करनी पड़ी। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियान ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री जेम्स मारेप का तत्काल उपचार किया गया। झाओ ने प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि जेम्स शुक्रवार के उद्घाटन समारोह में शामिल नहीं हो सके और वह रविवार रात को स्वदेश लौट गए।

## वियना में आज से फिर से शुरू होगी ईरान परमाणु वार्ता

**बर्लिन।** वर्ष 2015 के परमाणु समझौते को फिर से मूर्त रूप देने के लिए ईरान और विश्व शक्तियों के बीच मंगलवार से बातचीत पुनः शुरू होगी। वियना में वार्ता की अध्यक्षता कर रहे यूरोपीय संघ ने सोमवार को यह घोषणा की। वर्ष 2018 में अमेरिका को, तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस समझौते से बाहर कर दिया और ईरान पर कड़े प्रतिबंध लगा दिए थे।

## कोस्टा रिका में राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए मतदान

**सैन जोस।** कोस्टा रिका में रविवार को राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए मतदान हुआ। चुनाव में 25 उम्मीदवार मैदान में हैं, जिनमें से अभी तक स्पष्ट रूप से कोई मजबूत दावेदार नजर नहीं आ रहा है। मतदान रविवार शाम छह बजे सम्पन्न हुआ। कोविड-19 के बढ़ते मामलों के कारण मतदान प्रतिशत कम होने की आशंका भी बनी रही। चुनाव में एक नई नेशनल असेंबली का भी चयन किया जाएगा।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

**नाम परिवर्तन**

**मैं रमिता देवी पत्नी मुनिश कुमार निवासी म.न. सी-1/7, 3rd सी मंजिल गलैक्सी अपार्टमेंट, नजदीक मैटरो पीलर न. 744, मोहन गार्डन वेस्ट दिल्ली 110059, ने अपना नाम रमिता देवी से बदलकर रमिता शर्मा रख लिया है।**

**PD(9144)C**

## इजराइल पुलिस ने नेतन्याहू के बेटे, सहयोगियों के फोन पर स्पाईवेयर का इस्तेमाल किया : रिपोर्ट

भाषा। यरूशलम

**इजराइल पुलिस** ने पूर्व प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बेटे और उनके करीबी सहयोगियों के फोन पर स्पाईवेयर का कथित तौर पर इस्तेमाल किया। इजराइल के एक समाचार पत्र ने सोमवार को एक खबर में यह दावा किया है। कैलकालिस्ट ने हाल में कई रिपोर्ट सिलसिलेवार रूप से प्रकाशित कर आरोप लगाया है कि पुलिस ने प्रदर्शनकारियों और अन्य इजराइली नागरिकों को निशाना बनाने के लिए अत्याधुनिक स्पाईवेयर का इस्तेमाल किया, जिसके चलते इस कदम की निंदा की गई और विभिन्न राजनीतिक दलों ने जांच की मांग की। हाल के दिनों में, इजराइली मीडिया ने यह खबर प्रकाशित की थी कि स्पाईवेयर का इस्तेमाल नेतन्याहू के विरुद्ध भ्रष्टाचार के मुकदमे में एक अहम गवाह के खिलाफ किया गया है। कैलकालिस्ट ने कहा कि इसका इस्तेमाल नेतन्याहू के बेटे एवनर, दो संचार सलाहकारों और मामले में एक अन्य प्रतिवादी की पत्नी के खिलाफ किया गया। खबर में कहा गया है कि वे लोग उन कई प्रमुख हस्तियों में शामिल हैं, जिन्हें स्पाईवेयर के जरिए निशाना बनाया गया। उनमें प्रमुख कारोबारी, कैबिनेट मंत्रालयों के पूर्व निदेशक, मेयर और प्रदर्शन के आयोजक शामिल थे। नेतन्याहू पर फर्जीवाड़ा, विश्वास भंग करने और तीन अलग-अलग मामलों में रिश्वत स्वीकार करने के आरोपों को लेकर मुकदमा चल रहा है। उनका 12 साल का ऐतिहासिक शासन पिछले साल जून में खत्म हो गया, जब दो साल से भी कम समय में चार चुनावों के बाद एक गठबंधन सरकार सत्ता में काबिज हुई।

## चंद्र नववर्ष पर कई देशों में कोरोना के मामले तेजी से बढ़े

संवाददाता। सिंगापुर

**कई एशियाई** देशों में चंद्र नववर्ष मनाए जाने के बाद कोविड-19 के मामलों में वृद्धि हुई है। कोरोना वायरस के बहुत अधिक संक्रामक ओमिक्रोन स्वरूप के प्रसार के साथ ही आगामी सप्ताहों में संक्रमितों की संख्या बढ़ने की आशंका है। कई देशों में कोविड पाबंदियों के कारण भीड़ और लोगों के सैर-सपाटे कम होने के बाद भी कई एशियाई देशों में एक फरवरी को चंद्र नववर्ष मनाया गया। चीन में इसकी खूब धूम रहती है। हांगकांग में रिकार्ड मामले सामने आए हैं और उसकी तथाकथित कोविड बिल्कुल नहीं नीति धरी की धरी रह गई। शहर में दो दिनों में स्थानीय संक्रमण के 300 से अधिक मामले सामने आए जो महामारी शुरू होने के बाद सर्वाधिक आंकड़ा है। प्रशासन को सभी मरीजों को अस्पतालों में भर्ती करना पड़ रहा है। हांगकांग ने खुद को चीन की कोविड बिल्कुल नहीं नीति के साथ कर लिया है जबकि कई अन्य देशों ने इस वायरस के साथ जीने का अपना रूख अपनाया है। प्रशासन उन इमारतों पर लॉकडाउन लगाता है जहां मामले अधिक होते हैं। सिंगापुर में पिछले सप्ताह के अवकाश के बाद कोरोना वायरस के मामलों में नाटकीय वृद्धि हुई और शुक्रवार को वे तीन गुना बढ़ कर 13000 तक चले गए। लेकिन पाबंदियों के चलते मामले घटे और रविवार को 7752 पर आ गए। पूरे एशिया में प्रशासन के सामने ऐसी ही स्थिति है क्योंकि आसानी से फैलने वाला ओमीक्रोन स्वरूप तेजी से पैर पसार रहा है।

**SALE NOTICE**

The under mentioned Assets will be sold through auction on **"AS IS WHERE IS BASIS" and "AS IS WHAT IS BASIS"** for recovery of dues as per court orders, in the following cases:-

| Case Details | Asset Details |
|---|---|
| ICICI BANK LTD VS SUBODH KUMAR, CM(M) 602/2020 & CM APPL.30659/2020 | Vehicle No- UP14FT6208, Make & Model- RENAULT LODGY RXE, Manu Year-2016, Reserve Price: Rs 125000, EMD Amount: Rs 12,500, DD/PO is to be made in favour of ICICI BANK LIMITED Payable at Delhi and bidder has to bring original DD/PO at site with KYC |
| ICICI Bank Ltd. Vs. Rajesh Kumar Tiwari, CS (COMM) No. 945/20 | Vehicle No- UP16AS1600, Make & Model – AUDI A6 2.0 TDI, Manu. Year- 2013, Reserve Price: Rs. 8,00,000/- EMD Amount: Rs. 80,000, DD/PO is to be made in favour of ICICI BANK LIMITED Payable at Delhi and bidder has to bring original DD/PO at site with KYC |
| ICICI Bank Ltd. Vs. MOHD. GULSITAB, CS SCJ 2314/18 | Vehicle No- DL10ST6474, Make & Model– Yamaha Motors Pvt. Ltd SZ -RR, Manu Year-2017 |
| ICICI Bank Ltd. Vs. BHARAT BAKSHI, CS COMM.) 201/20 | Vehicle No- DL3CCM4524, Make & Model– TOYOTA KIRLOSKAR INDIA LTD ALTIS 1.8 VL, Manu. Year- 2017 |
| ICICI Bank Ltd. Vs. KAILASH CHAND, Ex. No. 703/21 | Vehicle No- HR38T0435, Make & Model– TATA ACE, Manu. Year- 2013 |

**Auction Date : 16-February-2022 From 11:00 am to 2:00 pm.**
**Place of Auction: Godara Yard, Khewat No. 166/1, Near Atul Kataria Chowk, Behind Gyan Devi, School, Sec – 17, Sukhrali, Gurugram - 122022**
**Contact Person – Rajeev Ranjan (8584874809)/Jitendra Kumar (7304914763)**
**And**

| Case Details | Asset Details |
|---|---|
| ICICI Bank Ltd. Vs. MASHKOOR AHMAD, Suit No. 620743/2016 | Vehicle No- DL3CCC4496, Make & Model – Chevrolet Beat 1.0 LS, Manu. Year-2014, Reserve Price: Rs. 40,000/- EMD Amount: Rs. 4,000/-, DD/PO is to be made in favour of ICICI BANK LIMITED Payable at Delhi and bidder has to bring original DD/PO at site with KYC |
| ICICI BANK LTD VS RAVISH KUMAR, Suit No. 2044/2018 | Vehicle No-DL5CP2023, Make & Model - HYUNDAI I10 MAGNA , Manu Year-2017, Reserve Price: Rs.2,20,000/- EMD Amount: Rs.22,000/-, DD/PO is to be made in favour of ICICI BANK LIMITED Payable at Delhi and bidder has to bring original DD/PO at site with KYC |
| ICICI Bank Ltd. Vs. VINOD KUMAR, CS (COMM.) 111/19 | Vehicle No- DL11CB1066, Make & Model – Hyundai I10 Magna, Manu. Year- 2017 |

**Auction Date : 23-February-2022 From 11:00 am to 2:00 pm.**
**Place of Auction: Godara Yard, Khewat No. 166/1, Near Atul Kataria Chowk, Behind Gyan Devi, School, Sec- 17, Sukhrali, Gurugram-122022**
**Contact Person- Rajeev Ranjan (8584874809)/ Jitendra Kumar (7304914763)**

Terms of Sale

The particulars of the said asset specified herein above have been stated to the best of the information and knowledge of the undersigned, who shall however not be responsible for any error, misstatement or omission in the said particulars. The interested participant/s are therefore requested, in their own interest, to satisfy himself / themselves/ itself with regard to the said asset and other relevant details pertaining to it before submitting the bids. All bidders are required to come at auction site with original KYC documents and DD/PO of EMD amount in favour of ICICI bank Limited, payable at Delhi (Wherein applicable) to participate in the auction. .
Successfully bidder shall have to deposit sale amount (Excluding EMD amount wherein applicable) within 5 days from the auction date by the way of pay order/demand draft/RTGS/NEFT. In case if you fail to make the remaining sale amount within 5 days, your EMD amount will be forfeited.
The intending bidders may visit at ICICI Bank Ltd, 1st Floor, SD Tower, Community Center, Plot No-7, Rohini Sector-8 New Delhi - 110085 for details and inspection of the said hypothecated vehicles.

**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005.

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अजय गोयल, ईशा गोयल, डब्ल्यूजैड 28 नीमड़ी ग्राम, शास्त्री नगर, दिल्ली / खाता :-एलबीजीयूआर00003278064 | फ्लैट नंबर 2405, 24वां तल, सुपरटेक अजालिया टावर 5 सेक्टर 68, गुरूग्राम | 27/12/2021, रू. 1,44,037.4/- | 03/05/2021 |
| 2. | गायत्री खन्ना, कुशल भाटिया, फ्लैट नंबर एच-6, प्लॉट नंबर-38, सीडी पीतमपुरा, तृतीय तल, डुप्लर फ्लैट जी एस अपा. ब्लॉक 11, गुजरात, सरगोदा जीएचएस सेक्टर-13 रोहिणी सिटी दिल्ली, दिल्ली/ खाता :-एलबीएनओडी00002973716 | फ्लैट नंबर 28205, 28वां तल, टावर लॉरेल महागुन माइवुड्स फेज-3, प्लॉट नबर जीएच-04, सेक्टर 16 सी, नोएडा | 27/12/2021, रू. 33,72,454/- | 02/07/2021 |
| 3. | गायत्री खन्ना, कुशल भाटिया, फ्लैट नंबर एच-6, प्लॉट नंबर-38, सीडी पीतमपुरा, तृतीय तल, डुप्लर फ्लैट जी एस अपा. ब्लॉक 11, गुजरात, सरगोदा जीएचएस सेक्टर-13 रोहिणी सिटी दिल्ली, दिल्ली/ खाता :-एलबीएनओडी00003058147 | फ्लैट नंबर 28205, 28वां तल, टावर लॉरेल महागुन माइवुड्स फेज-3, प्लॉट नबर जीएच-04, सेक्टर 16 सी, नोएडा | 27/12/2021, रू. 49,809/- | 02/07/2021 |
| 4. | राजीव कौशिक, रूचि शर्मा, 16 ए, मूनसिटी, अहिंसा खंड-II, इंदिरापुरम, गाजियाबाद/ खाता :-एलबीएनओडी00004921906 | फ्लैट नंबर आई/1078, 10वां तल, टावर आई, गौड़ सिद्धार्थम, ब्लॉक आई, प्लॉट नबर 8/बीएस-01, सेक्टर 8, सिद्धार्थ विहार योजना, गाजियाबाद | 27/12/2021, रू. 27,84,908/- | 04/08/2021 |
| 5. | राजीव कौशिक, रूचि शर्मा, 16 ए, मूनसिटी, अहिंसा खंड-II, इंदिरापुरम, गाजियाबाद/ खाता :-एलबीएनओडी00004929742 | फ्लैट नंबर आई/1078, 10वां तल, टावर आई, गौड़ सिद्धार्थम, ब्लॉक आई, प्लॉट नबर 8/बीएस-01, सेक्टर 8, सिद्धार्थ विहार योजना, गाजियाबाद | 27/12/2021, रू. 3,21,550/- | 04/08/2021 |
| 6. | राणा राजिन्दर पाल सिंह, अंकिता शर्मा, ए-103/2, साकेत पुर साकेत के निकट, साकेत, दिल्ली/ खाता :-एलबीडीईएल00005188868 | बी 41, तृतीय तल, शिवालिक कालोनी, निकट मालवीय नगर, दिल्ली | 27/12/2021, रू. 27,05,638/- | 31/07/2021 |
| 7. | राणा राजिन्दर पाल सिंह, अंकिता शर्मा, ए-103/2, साकेत पुर साकेत के निकट, साकेत, दिल्ली/ खाता :-एलबीजीयूआर00002072294 | बी 41, तृतीय तल, शिवालिक कालोनी, निकट मालवीय नगर, दिल्ली | 27/12/2021, रू. 5,41,550/- | 31/07/2021 |
| 8. | राणा राजिन्दर पाल सिंह, अंकिता शर्मा, ए-103/2, साकेत पुर साकेत के निकट, साकेत, दिल्ली/ खाता :-एलबीजीयूआर00002071862 | बी 41, तृतीय तल, शिवालिक कालोनी, निकट मालवीय नगर, दिल्ली | 27/12/2021, रू. 11,75,657/- | 31/07/2021 |
| 9. | राणा राजिन्दर पाल सिंह, अंकिता शर्मा, ए-103/2, साकेत पुर साकेत के निकट, साकेत, दिल्ली/ खाता :-एलबीजीयूआर00004934883 | बी 41, तृतीय तल, शिवालिक कालोनी, निकट मालवीय नगर, दिल्ली | 27/12/2021, रू. 2,30,290/- | 31/07/2021 |
| 10. | सुनील कुमार, प्रतिमा बेबान, प्लॉट नंबर एच-2/117, ब्लॉक-एच पाकेट-2, सेक्टर-16, रोहिणी, दिल्ली/ खाता :-एलबीडीईएल00003588145 | प्लॉट नंबर 117, ब्लॉक-एच पाकेट-2, सेक्टर-16, रोहिणी, दिल्ली | 27/12/2021, रू. 26,15,900.2/- | 04/08/2021 |
| 11. | सुनील कुमार, प्रतिमा बेबान, प्लॉट नंबर एच-2/117, ब्लॉक-एच पाकेट-2, सेक्टर-16, रोहिणी, दिल्ली/ खाता :-एलबीडीईएल00003590881 | प्लॉट नंबर 117, ब्लॉक-एच पाकेट-2, सेक्टर-16, रोहिणी, दिल्ली | 27/12/2021, रू. 5,58,173.1/- | 04/08/2021 |
| 12. | आशुतोष यादव, नरेन्द्र कुमार यादव, मकान नंबर 553, सेक्टर-14, गुरूग्राम/ खाता :-एलबीजीयूआर00004858678 | प्लॉट नंबर 304, सेक्टर-1, पार्ट-1, नारनौल कॉम्प्लेक्स, रेवाड़ी | 27/12/2021, रू. 18,06,167/- | 06/07/2021 |
| 13. | आशुतोष यादव, नरेन्द्र कुमार यादव, मकान नंबर 553, सेक्टर-14, गुरूग्राम/ खाता :-एलबीजीयूआर00004863716 | प्लॉट नंबर 304, सेक्टर-1, पार्ट-1, नारनौल कॉम्प्लेक्स, रेवाड़ी | 27/12/2021, रू. 33,52,920/- | 06/07/2021 |
| 14. | गौरव राजपूत, निशांत राजपूत, शिखा, 28 5 एस एफ गली नंबर 16, विश्वास नगर, शाहदरा, दिल्ली / खाता :-एलबीएनओडी00002376745 | फ्लैट नंबर 1208, प्रथम तल, टावर लॉरेल, प्लॉट नबर जीएच-04, महागुन माइवुड्स फेज-3, सेक्टर 16 सी, ग्रेटर नोएडा, नोएडा | 27/12/2021, रू. 31,07,929/- | 01/07/2021 |
| 15. | गौरव राजपूत, निशांत राजपूत, शिखा, 28 5 एस एफ गली नंबर 16, विश्वास नगर, शाहदरा, दिल्ली / खाता :-एलबीएनओडी00002384932 | फ्लैट नंबर 1208, प्रथम तल, टावर लॉरेल, प्लॉट नबर जीएच-04, महागुन माइवुड्स फेज-3, सेक्टर 16 सी, ग्रेटर नोएडा, नोएडा | 27/12/2021 रू. 35,748/- | 01/07/2021 |
| 16. | राजीव महाजन, कामिनी महाजन, गोरमेट्स ईटेबल प्रा. लि., ए 1/141, प्रथम तल, जनकपुरी, नई दिल्ली, दिल्ली/ खाता :-एलबीडीईएल00002356390 | फ्लैट नंबर ए 12 ए 05 12 ए फ्लोर्स, टावर ए अजनर ली गार्डन, प्लॉट नंबर जीएच-02, सेक्टर-16, ग्रेटर नोएडा, वेस्ट नोएडा, नोएडा | 27/12/2021 रू. 30,87,987/- | 04/10/2021 |
| 17. | राजीव महाजन, कामिनी महाजन, गोरमेट्स ईटेबल प्रा. लि., ए 1/141, प्रथम तल, जनकपुरी, नई दिल्ली, दिल्ली/ खाता :-एलबीडीईएल00002362213 | फ्लैट नंबर ए 12 ए 05 12 ए फ्लोर्स, टावर ए अजनर ली गार्डन, प्लॉट नंबर जीएच-02, सेक्टर-16, ग्रेटर नोएडा, वेस्ट नोएडा, नोएडा | 27/12/2021, रू. 44,402.2/- | 04/10/2021 |
| 18. | सुमित सिंघल, मोहित सिंघल, आर 2/123, राज नगर, गाजियाबाद / खाता :- एलबीजीएचजैड00002865036 | प्लॉट नंबर III-एफ 1/21, भू तल, नेहरू नगर, गाजियाबाद | 27/12/2021, रू. 29,22,824/- | 04/10/2021 |
| 19. | सुमित सिंघल, मोहित सिंघल, आर 2/123, राज नगर, गाजियाबाद / खाता :- एलबीजीएचजैड00002891317 | प्लॉट नंबर III-एफ 1/21, भू तल, नेहरू नगर, गाजियाबाद | 27/12/2021, रू. 1,18,635.35/- | 04/10/2021 |
| 20. | वरूण प्रकाश, उमा शर्मा, एचएस-19, प्रथम तल, कैलाश कालोनी, दिल्ली, दिल्ली/ खाता :-एलबीडीईएल00004371313 | फ्लैट नंबर ए-602, छठा तल, अप्पू एन्क्लेव, सीजीएचएस लि. अपार्टमेंट्स, प्लॉट नंबर 3 बी, सेक्टर-11, द्वारका, दिल्ली | 27/12/2021, रू. 82,48,931/- | 13/07/2021 |
| 21. | वरूण प्रकाश, उमा शर्मा, एचएस-19, प्रथम तल, कैलाश कालोनी, दिल्ली, दिल्ली/ खाता :-एलबीडीईएल00004373483 | फ्लैट नंबर ए-602, छठा तल, अप्पू एन्क्लेव, सीजीएचएस लि. अपार्टमेंट्स, प्लॉट नंबर 3 बी, सेक्टर-11, द्वारका, दिल्ली | 27/12/2021, रू. 19,45,999/- | 13/07/2021 |
| 22. | दीप्ति प्रधान, अनिल कुमार प्रधान, बीएच-1004, आम्रपाली विलेज, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश / खाता :- एलबीजीएचजैड00001977982 | फ्लैट नंबर 11102, टावर-ई 1 अप कंट्री टीएस-1, सेक्टर-17, विकास प्राधिकरण, यमुना एक्सप्रेसवे नोएडा, नोएडा | रू. 27,93,100/- | 03/05/2021 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 08 फरवरी, 2022
स्थान : दिल्ली/एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

## टॉकटाइम

**रवि किशन**

*भोजपुरी, हिंदी और तेलुगु सिनेमा में अपनी भूमिकाओं के लिए जाने जाते हैं। जी टीवी पर स्वर्ण स्वर भारत की मेजबानी करते हुए अभिनेता शो के बारे में शालिनी सक्सेना से चर्चा कर रहे हैं कि उन्होंने अन्य चीजों के साथ कितना मजा किया*

# मैं भाग्यशाली हूं कि लोग मेरे काम को पसंद करते हैं, यह आशीर्वाद है



**आपने किस वजह से इस शो का मेजबान बनना स्वीकार किया?**

मुझे शो के कॉन्सेप्ट पर भरोसा था। मेरे पिता पुजारी थे। मैं भजन, श्लोक और शंख की आवाज के साथ बड़ा हुआ हूं। जब यह प्रस्ताव मेरे पास आया, तो मुझे पता था कि मुझे इसे स्वीकार करना ही होगा। ऐसा शो पहले किसी ने नहीं बनाया था। यह पूर्व में किए गए कार्यों से बहुत अलग है। जब आप पहली बार कुछ करते हैं तो प्रायोजक मिलना मुश्किल होता है। शो करोड़ों में चला गया है। मैं टीम के सदस्यों को जानता था और समझता था कि वे क्या कर रहे थे और सहज लक्ष्य बना रहे थे। मैं यहां नारद की टोपी पहनता हूं जो मेजबान है। यहां के गायक बहुत ही कमाल के हैं। यह शो उन्हें एक बड़ा मंच प्रदान करेगा।

**आपको कितना मजा आया?**

खूब मस्ती हुई। मुझे कुछ अद्भुत आवाजें सुनने को मिलीं। कैलाश खेर, कुमार विश्वास और सुरेश वाडेकर बहुत शानदार हैं। उनके पास बेइंतहा अनुभव है। हमारे शास्त्रों के बारे में जो कहानियां सुनने को मिलती हैं, वे बहुत अच्छी हैं। जब आप इस शो से जुड़ते हैं तो बहुत कुछ सीखने को मिलता है। ऐसी कई कहानियां हैं जो परस्पर और अपनी पिछली कहानियों से जुड़ी हुई हैं । ऐसा लगता है जैसे मंदिर आपके घर में आ गया है। यह शो युवाओं को अनुशासित जीवन जीना सिखाएगा।

**क्या आपको लगता है कि आज के संगीत को देखते हुए लोग इसे देखेंगे?**

एक उदाहरण लेते हैं। जब बाहुबली बन रही थी तो इंडस्ट्री को लगा कि राजा मौली ऐसी फिल्म बना रहे हैं जो कभी नहीं चलेगी। आखिर कौन अमर चित्र कथा जैसा देखना चाहता है। लेकिन हम सभी जानते हैं कि लोग इसे कितना पसंद करते हैं। यह शो कुछ ऐसा ही है। हमने काफी शोध किया है।

> मैं खुशनसीब हूं कि लोग मेरे काम को पसंद करते हैं। और मत्स्य कांड के बाद यह ऊपर की ओर ही गया है। नियति ने इसे संभव बनाया। मैं लोगों का शुक्रगुजार हूं कि मेरी फिल्में यहां हिट हुईं। दर्शकों से मुझे जो प्यार मिला है, वह नम्रतापूर्ण है। मैं धन्य हूं।

इसका कैनवास इतना बड़ा है और जब लोग इसे देखेंगे तो वे इसे पसंद करेंगे।

**आप एक राजनेता और अभिनेता हैं। जब आप कोई फिल्म चुनते हैं तो क्या वे आपस में टकराते हैं?**

मुझे पता है कि मुझे लोगों को गलत संदेश नहीं भेजना है। लेकिन यह इस तथ्य के बावजूद सच है कि मैं एक राजनेता हूं। सभी जानते हैं कि अभिनय मेरा पेशा है और उसी की वजह से मैं आज एक सांसद हूं। मेरी दाल- रोटी अभिनय से आती है। मेरे प्रशंसक मुझे 70 एमएम की स्क्रीन पर भी देखना चाहते हैं। हालांकि, मैं उतने दिनों तक शूटिंग नहीं कर पाता, जितना पहले करता था।

**आपने भोजपुरी के अलावा तेलुगु, तमिल, कन्नड़, हिंदी फिल्में की हैं। ये कैसे हुआ?**

मैं खुशनसीब हूं कि लोग मेरे काम को पसंद करते हैं। और मत्स्य कांड के बाद यह ऊपर की ओर ही गया है। नियति ने इसे संभव बनाया। मैं लोगों का शुक्रगुजार हूं कि मेरी फिल्में यहां हिट हुईं। दर्शकों से मुझे जो प्यार मिला है, वह नम्रतापूर्ण है। मैं धन्य हूं।

**भोजपुरी इंडस्ट्री आज कहां खड़ी है?**

मैंने हिंदी सिनेमा से शुरुआत की थी। फिर भोजपुरी में चला गया। इस इंडस्ट्री को जो चीज पसंद है वह है अच्छी स्क्रिप्ट्स। मैं लोगों से कहता हूं कि अच्छी स्क्रिप्ट पर काम करने पर ध्यान दें। देख लीजिए, मसाला से लेकर पुष्पा जैसी फिल्मों तक टॉलीवुड कितनी अच्छी तरह विकसित हुआ है। भोजपुरी को उसी दिशा में आगे बढ़ना चाहिए।

**स्वर्ण स्वर भारत पर वापस आएं, प्रतियोगियों की आवाज की गुणवत्ता के स्तर से आप कितने प्रभावित हैं?**

यहां के प्रतियोगी शानदार हैं। उनकी आवाज अद्भुत है। उन्हें सुनकर खुशी होती है।

# आपका पेट आपको कहेगा-धन्यवाद

**वर्तमान महामारी खत्म होने से बहुत दूर है। इसका मतलब है कि हम अभी भी घर में कैद हैं। इसलिए बाहर खाना अभी भी कई लोगों के लिए संभव नहीं है। सर्दियों में कई स्वादिष्ट व्यंजन आप अपनी रसोई में बना सकते हैं..........**



## बर्नन्ट गारलिकशेजवान फ्राइड राइस

चने के चावल, हरी शिमला मिर्च, बीन्स, गाजर, हरी मिर्च, लहसुन, हरी प्याज, रिफाइंड तेल, सोया सॉस और टोमैटो कैचप के साथ बर्नन्ट गार्लिक सेजवान फ्राइड राइस बनाएं।

**तैयारी का समय 15 मिनट**
**पकाने का समय 15 मिनट**
**4-5 सर्व**

**तरीका:**

- एक कड़ाही में जैतून का तेल गरम करें और उसमें कटा हुआ लहसुन डालकर सुनहरा होने तक भूनें। हरी मिर्च डालें और इसे 20-30 सेकंड के लिए भूनें, फिर कटी हुई गाजर, शिमला मिर्च, बीन्स डालें और तेज आँच पर भूनें।
- शेजवान सॉस, सोया सॉस, हरी मिर्च सॉस डालें और एक मिनट के लिए उसे हिलाते रहें। फिर उबले हुए चावल डालें मसाला सही करें। तेज आंच पर पकाएं। इसे कटे हरे प्याज से गार्निश करें और टोमैटो केचप के साथ सर्व करें। अपने भोजन का आनंद लें!
- **शेफ के टिप्स :** अच्छे तले हुए चावल का राज है स्मोकी फ्लेवर जो आप बहुत तेज गर्मी में सब्जियों और चावल को भूनकर प्राप्त करते हैं।

**विविधताएं :** आप स्वास्थ्य के लिए इसमें साबुत मकई गिरी डाल सकते हैं

## क्रेनबेरी लेमन राइस पिलाफ

विभिन्न फ्लेवरों से मिश्रित, यह व्यंजन स्वादिष्ट भी है और रंगीन भी। इस व्यंजन की समृद्धि में इजाफा करने के लिए टैंगी क्रैनबेरी, नींबू और साबुत मसाले बहुत अच्छी तरह से काम करते हैं।



**तैयारी का समय 15 मिनट**
**पकाने का समय 30 मिनट**
**3-4 - सर्व**

**तरीका:**

- सबसे पहले एक पैन में घी और तेल एक साथ गर्म करने से शुरुआत करें। सभी सूखे साबुत मसाले डालें और कुछ सेकंड के लिए इसे भूनें। फिर लहसुन डालें और कुछ सेकंड के लिए भूनने के बाद फिर कटा हुआ प्याज डालें और उसे सुनहरा भूरा होने तक भूनें।
- अब हरी मिर्च, लेमन जेस्ट और क्रैनबेरी डालकर 2 मिनिट तक भूनें। नमक स्वादानुसार।
- चावल डालें और धीरे से मिलाएं। सारी सामग्री अच्छी तरह घुलमिल जाएं तब तक पकाएँ।
- अपनी पसंद के किसी भी करी, टिक्का या तंदूरी के साथ फिर इसे गरमागरम परोसें।

इसकी सुगंध ही पूरे परिवार को इस व्यंजन का आनंद लेने के लिए मेज पर लाने के लिए पर्याप्त होगी।

## चिकन बिट्स के साथ क्रीम स्टाइल कॉर्न सूप



स्वादिष्ट क्रीम स्टाइल कॉर्न सूप और कोमल चिकन बिट्स द्वारा प्रदान किए गए स्वाद का सही मिश्रण, यह ऐपेटाइजर आपको शुरुआत करने के लिए एकदम सही है।

**तैयारी का समय 15 मिनट**
**पकाने का समय 15 मिनट**
**4-5 सर्व**
**विधि :**

- सबसे पहले एक पैन में मक्खन पिघलाएं।
- फिर इसमें लहसुन और अदरक डालें और इसे तब तक भूनें जब तक आपको इसकी महक न आने लगे।
- अब प्याज डालकर उसके गुलाबी होने तक भूनें।
- फिर, चिकन के टुकड़े डालें और आंच तेज करें और 2-3 मिनट तक भूनें।
- चिकन स्टॉक, लेमन जेस्ट और सिरका डालें और उबाल आने तक प्रतीक्षा करें।
- आंच को कम करें और नमक काली मिर्च और चिल्ली फ्लेक्स से पकाएं। इसे 2-3 मिनट तक उबलने दें।
- अब समय है प्रमुख तत्व को शामिल करने का।
- क्रीमयुक्त कॉर्न डालकर मिलाएं। तब तक पकाएं जब तक कि यह गाढ़ा और क्रीमी न हो जाए और स्वादिष्ट न लगे।
- इसे सर्विंग बाउल में निकाल लें। फ्लेक्स, सीताफल से इसे गार्निश करें और टोस्टेड ब्रेड के साथ परोसें।

**साभार : डेल मोंटे**

## एक फोटोग्राफर के नजरिए से

वन्यजीव फोटोग्राफी में 12 वर्षों से अधिक का अनुभव रखने वाले, चिंतन जैन ने अपने शौक को एक ही समय में चुनौतीपूर्ण और संतुष्टिदायक दोनों रूपों में वर्णित किया है।



प्रकृति के पास देने के लिए बहुत कुछ है, हमारे पैरों के नीचे और हमारे सिर के ऊपर भी स्वर्ग है। यह आपको कुछ लुभावने पलों की पेशकश कर सकता है जिन्हें आप अपने दैनिक जीवन में अनदेखा कर देते हैं। यह कहना गलत नहीं होगा कि प्रकृति की सराहना करने के लिए लोगों को वास्तव में एक वन्यजीव फोटोग्राफर के तमाशे की आवश्यकता होती है। जिस तरह से एक वन्यजीव फोटोग्राफर प्रकृति को अपनी तस्वीरों /वीडियो में प्रस्तुत करता है, वह वास्तव में एक परिप्रेक्ष्य प्रदान करता है कि प्रकृति, धरती माता का एक अनमोल उपहार है और इसे संरक्षित करने की आवश्यकता है। जैन कहते हैं कि आप एक सेकंड में एक परफेक्ट शॉट प्राप्त कर सकते हैं और आप पूरे दिन के बाद भी कभी कभी इसे नहीं पा सकते हैं, और यही इस कला की खूबसूरती है। उनका कहना है कि वन्यजीव फोटोग्राफरों के कंधों पर प्रकृति को लोगों के सामने पेश करने की बड़ी जिम्मेदारी होती है। वे कहते हैं, ''हमें छवि के साथ एक प्रभाव पैदा करने की जरूरत है, यह केवल छवि को कैप्चर करना भर नहीं है, यह दर्शकों के दिमाग में पैदा होने वाले प्रभाव के बारे में सोचना भी है। आपको इसे इस तरह से तैयार करना होगा कि यह एक स्पष्ट संदेश भेजता है।''

# निर्माता बनना एक अलग तरह का खेल है

ह्यूमन में लेस्बियन की भूमिका निभाने वाली **कीर्ति कुल्हारी** नायका फिल्म के साथ निर्माता बनीं। अभिनेत्री ने अन्य बातों के अलावा शालिनी सक्सेना के साथ अपने आगामी उपक्रमों के बारे में चर्चा की.....

**❖ आपने प्रोडक्शन की ओर किस वजह से कदम बढ़ाया?**

इस पहल के बारे में बहुत सोचा नहीं था। यह कुछ ऐसा था जो यंत्रवत् हो गया। यह मेरे पास व्यवस्थित ढंग से आया। पिछले डेढ़ साल से पेशेवर के तौर पर मेरे लिए चीजें जिस तरह से रही हैं, उसने मुझे आत्मविश्वास दिया। मैं हमेशा सिर्फ एक एक्टर के रूप में नहीं, बल्कि कुछ और अधिक करना चाहती थी। मैं चीजों के केंद्र में रहना चाहती हूं और उन कहानियों को बताना चाहती हूं जो मैं वास्तव में चाहती हूं। मैं उन लोगों के साथ सहयोग करना चाहती हूं जिनके साथ मैं काम करना चाहती हूं। उन्हें एक ही मंच पर लाकर इस दिशा में चलने का यह मेरा तरीका था।

**❖ नायका किस बारे में है?**

मुझे इस फिल्म को बनाने के लिए प्रेरित किया गया था। मैं कुछ निहित तत्वों को जोड़ना चाहती थी और देखना चाहती थी कि क्या किरदार उन सभी से होकर गुजरने में कामयाब होता है या नहीं। उसके लिए चीजें बदल जाती हैं। कुल मिलाकर, मैं कहूंगी कि यह विचित्र, मजेदार और सियाह है। डॉ सायरा सभरवाल का किरदार कुछ ऐसा है जिसमें लोगों ने मुझे पहले कभी नहीं देखा था। यह एक ऐसा प्रोजेक्ट है जिसे लेकर मैं बहुत उत्साहित थी।

**❖ प्रोडक्शन एक अभिनेता होने से कैसे अलग है?**

एक स्पष्ट फर्क है। एक अभिनेता होना, केवल एक पहलू है - आप बोर्ड पर आते हैं, अपना काम करते हैं और घर जाते हैं। लेकिन एक निर्माता के रूप में आप परियोजना को



एक साथ रखने, फिल्म को एक साथ रखने और विभिन्न क्षेत्रों और विभागों के सभी लोगों को बोर्ड पर लाने के लिए जिम्मेदार होते हैं। आप ही हैं जो हर चीज पर अंतिम फैसला लेते हैं। यह तुम्हारा बच्चा है। एक निर्माता होने के नाते कई चीजों के प्रति मेरी आंखें खुल गई हैं। इसमें बहुत सारी बारिकियां शामिल होती हैं। सबकी समस्या आपकी समस्या है। एक निर्माता होना एक अलग ही बालगेम है।

**❖ आप लेस्बियन की भूमिका निभाती हैं। इसमें कौन-सी चुनौतियां सामने आईं?**

इस भूमिका को निभाना अहम हिस्सा था कि सायरा कौन है। ऐसा इसलिए है क्योंकि यह उसे कई तरह से परिभाषित करती है। किरदार के साथ न्याय करने के लिए मैंने कई समलैंगिक और उभयलिंगी लोगों से बात की। मैंने एलजीबीटीक्यू समुदाय के लोगों से बात की - सामान्य बातचीत - उनके जीवन के बारे में, जब वे बंद दायरे से बाहर आए तो यह कितना कठिन या आसान रहा। मैंने एक मनोचिकित्सक से भी बात की जो इस तरह की मसलों का इलाज करता है। मैं हमेशा अपनी भूमिका के बारे में गहन शोध करना पसंद करती हूं। मुझे पता है कि यह अभिनय है, लेकिन मुझे अपने शिल्प को परिपूर्ण करना पसंद है। मुझे यह भी लगता है कि इस समुदाय का प्रतिनिधित्व करने का यह मेरा तरीका है। मुझे उम्मीद है कि लोग इसे सही भावना से लेंगे और उसी के अनुसार प्रतिक्रिया देंगे।

**❖ क्या आपको लगता है कि दर्शक इस तरह के जॉनर के लिए तैयार हैं?**

दर्शक इस तरह के जॉनर के लिए तैयार हैं। पिछले कुछ वर्षों में दर्शक समझदार और परिपक्व हुए हैं। उन्हें बहुत सारे अंतरराष्ट्रीय कामों से अवगत कराया जाता है और इससे उन्हें विभिन्न विषयों के बारे में अधिक समझ और खुलापन मिलता है। यह एक अच्छी तरह से बताई गई कहानी है और उन्हें यह शो पसंद आएगा।

**❖ आगे क्या?**

मेरे पास फोर मोर शॉट्स का सीजन 2 है। फिर नायका है जो रिलीज होने वाली है।

# राहुल व मयंक ने नेट सत्र में पसीना बहाया

**भाषा** । अहमदाबाद



अहमदाबाद में अभ्यास सत्र के दौरान बैटिंग करते लोकेश राहुल



मयंक अग्रवाल

**टीम** में शामिल होने के बाद पृथकवास पूरा कर चुके भारतीय उप-कप्तान लोकेश राहुल और सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे वनडे से पहले सोमवार को नेट सत्र के दौरान अभ्यास किया।

यह टीम इंडिया के सदस्यों के लिए एक वैकल्पिक अभ्यास सत्र था क्योंकि टीम ने एक दिन पहले ही मैच खेला था। भारतीय दल में कोविड-19 पॉजिटिव के कुछ मामले सामने आने के बाद अग्रवाल को टीम में जोड़ा गया था। घरेलू क्रिकेट में दिल्ली का प्रतिनिधित्व करने वाले के 29 वर्षीय तेज गेंदबाज नवदीप सैनी भी अभ्यास सत्र का हिस्सा थे।

बीसीसीआई ने क्रिकेटरों की तस्वीरों के साथ ट्वीट किया, देखो यहां कौन हैं। तीनों टीम में शामिल हुए और आज अभ्यास सत्र में जमकर पसीना बहाया। भारत ने रविवार को सीमित ओवरों के नए कप्तान रोहित शर्मा की अगुवाई में पहले एकदिवसीय में छह विकेट से जीत दर्ज की। तीन मैचों की इस श्रृंखला के दूसरे मैच में इस बात की संभावना है कि अग्रवाल रोहित के साथ पारी का आगाज करेंगे। श्रृंखला के पहले मैच में रोहित ने इशान किशन के साथ पारी का आगाज किया था।



नवदीप सैनी

## मेरा एकमात्र लक्ष्य एक खिलाड़ी के तौर पर निखरना : वाशिंगटन

**अहमदाबाद**। उंगली की चोट के कारण पांच महीने क्रिकेट से दूर रहना वाशिंगटन सुंदर के लिए कष्टकारी था लेकिन तमिलनाडु के इस आफ स्पिनर ने कहा कि जबरन मिले इस ब्रेक का इस्तेमाल उन्होंने एक खिलाड़ी के तौर पर खुद को निखारने के लिए किया।

सुंदर टी-20 विश्व कप नहीं खेल सके थे लेकिन सीमित ओवरों में रविचंद्रन अश्विन के औसत फॉर्म और टीम से बाहर किए जाने के बाद उनकी वापसी हुई।

उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले वनडे में 30 रन देकर तीन विकेट लिए। सुंदर ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि काफी चुनौतियां थी लेकिन मैं वही कर सकता था जो मेरे हाथ में था। मैं एक खिलाड़ी और इंसान के तौर पर बेहतर होना चाहता था। उन्होंने कहा कि बीते दो बरस में उन्हें अनुमान हो गया है कि गतिरोध आएंगे लेकिन उनका सामना करना खुद सीखना होगा। टी-20 विश्व कप से बाहर रहने के बाद कोरोना संक्रमण के कारण वह दक्षिण अफ्रीका दौरे से भी चूक गए।

सुंदर ने कहा कि मैंने पिछले दो साल में समझ लिया है कि चुनौतियां हमेशा रहेंगी लेकिन मुझे उनका सामना करना सीखना होगा। उन्होंने कहा कि इस साल के आखिर में टी-20 विश्व कप और अगले साल वनडे विश्व कप होना है और उनका फोकस इन दोनों पर रहेगा। उन्होंने कहा कि विश्व कप खेलने का मौका गंवाना काफी निराशाजनक था लेकिन अगले 15-16 महीने में दो विश्व कप होने है और मेरा फोकस उन्हीं पर है।

पहले वनडे के बारे में उन्होंने कहा कि विजय हजारे ट्रॉफी में पावरप्ले के ओवरों में गेंदबाजी का उन्हें फायदा मिला। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ साल से मैं यह कर रहा हूं। अब नई गेंद से पावरप्ले में गेंद डालने में मजा आ रहा है। विजय हजारे ट्रॉफी से अलग अलग हालात में गेंदबाजी करने में मदद मिली।

## रोहित की सलाह पर अधिक गुगली डालने से हुआ फायदा: चहल



**अहमदाबाद**। वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले एकदिवसीय में चार विकेट लेने वाले युजवेन्द्र चहल ने अपने प्रदर्शन का श्रेय रोहित शर्मा को देते हुए कहा कि सीमित ओवर प्रारूप के नए कप्तान ने उनसे कहा था कि वह जितनी अधिक गुगली फेकेंगे उनकी लेग स्पिन उतनी अधिक प्रभावी होगी। चहल ने कहा कि हमने मैच से पहले बात की थी। मैच से पहले आपने जो बात कही, उसकी कमी मुझे दक्षिण अफ्रीका में महसूस हुई थी। मैंने वहां ज्यादा गुगली नहीं फेंकी, इसलिए यह मेरे दिमाग में था। उन्होंने कहा कि वेस्टइंडीज के बड़े शॉट खेलने वाले खिलाड़ियों ने जब खुल कर खेलना शुरू किया तो आप ने मुझे कहा था कि मैं जितना अधिक गुगली करूंगा मेरा लेग स्पिन उतना प्रभावी होगा। मैंने नेट सत्र में आपके खिलाफ ऐसी ही गेंदबाजी की थी और लगा कि इससे फायदा होगा। चहल ने कहा कि जब वह राष्ट्रीय टीम में नहीं थे, तो उन्होंने अपने गेंदबाजी कोण बदलने पर काम किया। इस 31 साल के गेंदबाज ने कहा कि मैंने अपने नजरिए में बदलाव किया, यहां की विकेट धीमी हैं। जब मैं टीम में नहीं था तो मैंने सोचा कि क्या सुधार किया जा सकता है। मैंने अन्य गेंदबाजों को देखा, जो इन विकेटों पर गेंदबाजी करने के लिए साइड-आर्म अपनाते है। मैंने देखा कि जब मैं नेट पर गेंदबाजी करता हूं, तो गेंद तेजी से निकलती और कलाई की जरूरत होती है। हरियाणा के इस गेंदबाज ने रविवार को निकोलस पूरन को आउट कर एकदिवसीय में 100 विकेट पूरे किए। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि हासिल करना अच्छा है।

## बीसीसीआई-एनसीए को 19 प्लस टीम के लिए योजना तैयार करना होगा

**नई दिल्ली**। कमल पासी ने कुछ सत्र पहले पंजाब के लिए कुछ मैच खेले थे, रविकांत सिंह अब भारतीय क्रिकेट योजना के करीब नहीं हैं और अपने करियर के बेहतर दिनों के चार साल बाद भी मनजोत कालरा अगले स्तर पर रफ्तार नहीं पकड़ सके।

सभी खिलाड़ी अंडर-19 विश्व कप विजेता रहे हैं, लेकिन समय के साथ अपनी लय को बरकरार रखने में सफल नहीं रहे। यह ऐसा मुद्दा है जिस पर बीसीसीआई को गंभीरता से काम करना होगा। इसलिए राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) इन खिलाड़ियों के भविष्य को संवारने के लिए 19 प्लस (19 साल से अधिक आयु वाले) खिलाड़ियों को जोड़ सकता है। यह इस बात को सुनिश्चित करेगा कि अंडर-19 स्तर के खिलाड़ी इस उम्र सीमा को पार करने के बाद भी क्रिकेट प्रणाली का हिस्सा बने रहे।

शेख रशीद , रवि कुमार, राज अंगद बावा (चंडीगढ़) या यश धुल ऐसे खिलाड़ी हैं जो अभी अपने राज्य की टीमों में जगह बना सकते है। लेकिन मौजूदा भारत अंडर-19 टीम के कई खिलाड़ी इस स्तर और रणजी ट्रॉफी के बीच में फंस जाएंगे।

भारतीय घरेलू प्रणाली में पहले राज्य स्तर पर अंडर-23 की टीमें होती थी लेकिन उसे बाद में अंडर-25 कर दिया गया।

# हार्दिक रणजी ट्राफी नहीं खेलेंगे

### ●कमर की चोट और रिहैबिलिटेशन की वजह से पिछले साल से टीम से बाहर हैं पंड्या

**भाषा** । नई दिल्ली



**हरफनमौला** हार्दिक पंड्या भारत की सीमित ओवरों की टीम में वापसी पर फोकस करने के लिए 10 फरवरी से शुरू हो रहे रणजी ट्रॉफी में भाग नहीं लेंगे। केदार देवधर को बड़ौदा टीम का कप्तान बनाया गया है जबकि विष्णु सोलंकी उपकप्तान होंगे।

बड़ौदा क्रिकेट संघ ने टूर्नामेंट के पहले चरण के लिए 20 सदस्यीय टीम का ऐलान किया है जिसमें हार्दिक का नाम नहीं है। हार्दिक कमर की चोट और फिर रिहैबिलिटेशन के कारण पिछले साल टी-20 विश्व कप से भारतीय टीम से बाहर है। टी-20 विश्व कप में गेंदबाजी नहीं करने के लिए उनकी काफी आलोचना हुई थी। उन्होंने दिसंबर 2018 के बाद से लाल गेंद से क्रिकेट नहीं खेला है।

उम्मीद है कि वह आईपीएल के जरिए प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करेंगे। वह अहमदाबाद टीम के कप्तान हैं।पिछले सप्ताह एक इंटरव्यू में बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली ने कहा था कि वह उम्मीद करते हैं कि हार्दिक रणजी ट्रॉफी खेलेंगे। **टीम** : केदार देवधर, विष्णु सोलंकी, प्रत्युष कुमार, शिवालिक शर्मा, कृणाल पंड्या, अभिमन्यु सिंह राजपूत, ध्रुव पटेल, मितेश पटेल, लुकमान मेरीवाला, बाबा सफीखान पठान, अतीत शेठ, भार्गव भट, पार्थ कोहली, शाश्वत रावत, सोएब सोपारिया, कार्तिक काकाडे, गुरजिंदर सिंह मान, ज्योत्सनिल सिंह, निनाद राठवा, अक्षय मोरे।

## जेसन होल्डर के लिए बड़ी बोली लगा सकता है आरसीबी

**आईपीएल नीलामी**

**भाषा** । नई दिल्ली

**वेस्टइंडीज** के पूर्व कप्तान और दुनिया के शीर्ष आलराउंडर में शामिल जेसन होल्डर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की बड़ी नीलामी में सबसे महंगे बिकने वाले खिलाड़ियों में शामिल हो सकते हैं और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के उनके लिए बड़ी बोली लगाने की उम्मीद है। आरसीबी की नीलामी रणनीति की जानकारी रखने वाले सूत्रों की माने तो विराट कोहली, ग्लेन मैक्सवेल और मोहम्मद सिराज को अपने साथ बरकरार रखने वाली फ्रेंचाइजी होल्डर के आलराउंड कौशल के लिए 12 करोड़ रुपए तक की बोली लगा सकती है।

फ्रेंचाइजी के सूत्र ने नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर बताया कि बेन स्टोक्स उपलब्ध नहीं है, हार्दिक पंड्या और मार्कस स्टोइनिस दूसरी टीम के साथ जुड़ चुके हैं। मिशेल मार्श के बारे में आपको नहीं पता कि चोटों से जूझने के कारण वह पूरा आईपीएल खेल पाएगा या नहीं, अगर रिकॉर्ड को देखें तो होल्डर का प्रदर्शन शानदार रहा है। आरसीबी की टीम नीलामी में 57 करोड़ रुपए के साथ उतरेगी और माना जा रहा है कि टीम की रुचि तीन खिलाड़ियों में हैं जिसमें होल्डर के अलावा चेन्नई सुपरकिंग्स के पूर्व बल्लेबाजी अंबाती रायुडू और राजस्थान के पूर्व युवा खिलाड़ी रियान पराग शामिल हैं।

सूत्र ने कहा कि होल्डर के लिए उन्होंने 12 करोड़ रुपए रखे हैं और आठ करोड़ रुपए रायुडू के लिए और सात करोड़ पराग के लिए। अगर वे इन खिलाड़ियों पर लगभग 27 करोड़ रुपए खर्च कर देते हैं जो उनके पास 28 करोड़ रुपए बचेंगे।

उन्होंने कहा कि कोहली, मैक्सवेल, सिराज, होल्डर, रायुडू और पराग के रूप में टीम के कोर खिलाड़ी तय हो जाएंगे। उम्मीद कीजिए कि वे पसंदीदा तीन खिलाड़ियों में से दो को जोड़ पाएं।

## अर्जुन काधे मुख्य ड्रा में माइनेनी बेंगलुरू ओपन चैलेंजर से बाहर

**बेंगलुरू**। भारत के अर्जुन काधे ने बेंगलुरू ओपन के मुख्य ड्रा में जगह बनाई लेकिन साकेत माइनेनी पहले दौर में हार के साथ इस एटीपी चैलेंजर टेनिस टूर्नामेंट से बाहर हो गए। वैकल्पिक खिलाड़ी के रूप में क्वलीफाइंग स्पर्धा में जगह बनाने वाले कांधे ने आस्ट्रिया के एलेक्जेंडर एर्लर को सीधे सेट में 6-3, 6-4 से हराया। मुख्य ड्रा के पहले दौर में काधे का सामना तुर्की के पांचवें वरीय अल्तुग सेलिकबिलेक से होगा। शशि कुमार मुकुंद हालांकि क्वालीफायर की बाधा पार करने में विफल रहे। उन्हें पहले दौर में क्रोएशिया के तीसरे वरीय बोर्ना गोजो के खिलाफ 3-6, 2-6 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

डेनमार्क के खिलाफ अगले महीने होने वाले डेविस कप मुकाबले के लिए रिजर्व सदस्य के रूप में भारतीय टीम में जगह बनाने वाले माइनेनी को एकल के पहले दौर में इटली के जियान मार्को मोरोनी के खिलाफ 1-6, 1-6 से हार का सामना करना पड़ा।

## गिलक्रिस्ट ने लैंगर को दानव के रूप में पेश करने के लिए सीए को फटकारा

**भाषा** । सिडनी

आस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटकीपर बल्लेबाज एडम गिलक्रिस्ट ने सोमवार को क्रिकेट आस्ट्रेलिया (सीए) पर निशाना साधते हुए कहा कि बोर्ड ने पूर्व कोच जस्टिन लैंगर की छवि दानव के रूप में बनाई।

वर्ष 2018 में गेंद से छेड़छाड़ प्रकरण के बाद मुख्य कोच नियुक्त किए गए लैंगर ने शनिवार को अपना पद छोड़ दिया। गिलक्रिस्ट ने कहा कि मुझे अब कोई फर्क नहीं पड़ता कि कोच के पद को लेकर बदलाव या विश्लेषण को लेकर कारपोरेट लोगों की बातें सुनूं। उन्होंने कहा कि इस बात को छिपाने का प्रयास किया जा रहा है कि टीम के कुछ खिलाड़ियों और सहायक स्टाफ से बात की गई और वे नहीं चाहते कि जस्टिन टीम से जुड़ा रहे। कुछ लोगों ने उसकी छवि राक्षस के रूप में बनाई है, जस्टिन लैंगर ऐसा नहीं है।

## इंग्लैंड ने पाल कोलिंगवुड को अंतरिम कोच नियुक्त किया

### ●वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन टेस्ट खेलेगा इंग्लैंड

**एपी** । लंदन



**पूर्व** आलराउंडर पॉल कोलिंगवुड को अगले महीने होने वाले वेस्टइंडीज के तीन टेस्ट मैच के दौरे के लिए सोमवार को इंग्लैंड टीम का अंतरिम मुख्य कोच नियुक्त किया गया।

सहायक कोच कोलिंगवुड क्रिस सिल्वरवुड की जगह लेंगे जिन्हें आस्ट्रेलिया में एशेज श्रृंखला में 4-0 की शर्मनाक हार के बाद पिछले हफ्ते पद से हटा दिया गया।

पिछले महीने वेस्टइंडीज दौरे के दौरान इंग्लैंड की टी-20 टीम का प्रभार संभालने वाले 45 साल के कोलिंगवुड अभी बारबडोस में ब्रेक पर हैं लेकिन खिलाड़ियों के 25 फरवरी को एंटीगा पहुंचने पर उनके साथ जुड़ेंगे। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के बयान में कोलिंगवुड ने कहा कि मैं कैरेबियाई दौरे पर टेस्ट टीम का मार्गदर्शन करने को लेकर बेहद रोमांचित हूं। मैं दौरे की शुरुआत का इंतजार नहीं कर सकता। कोलिंगवुड ने इंग्लैंड के लिए 68 टेस्ट, 197 एकदिवसीय और 36 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले हैं। टीम की घोषणा इसी हफ्ते की जानी है। पहला टेस्ट एंटीगा में एक मार्च से शुरू होगा।

## कैंसर को हराने वाले कनाडा के पैरेट को शीतकालीन ओलंपिक में स्वर्ण

**बीजिंग**। कैंसर के खिलाफ जंग जीतने वाले कनाडा के स्नोबोर्डिंग खिलाड़ी मैक्स पैरेट ने सोमवार को यहां शीतकालीन ओलंपिक की स्नोबोर्डिंग स्पर्धा के पुरुष स्लोपस्टाइल वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर वापसी का जश्न मनाया।

पैरेट की जीत का आकर्षण उनकी दूसरी जंप थी। वह जब दूसरे किकर (रैंप) पर पहुंचे तो सीधे जाने की जगह वह कोण लेते हुए वहां पहुंचे और ऐसा करने वाले एकमात्र प्रतिभागी थे।

वह इसके बाद पीछे की ओर झुके और उन्होंने 1440 डिग्री का स्पिन लेते हुए लैंडिंग की। पैरेट ने स्वर्ण पदक जीतने के बाद कहा, यह मेरे पूरे करियर की सबसे बड़ी जीत है। प्योंगचैंग ओलंपिक 2018 में रजत पदक जीतने के बाद पैरेट को हॉजकिन लिमफोमा से पीड़ति होने का पता चला था जो कैंसर का प्रकार है। इसके बाद छह महीने में उन्हें 12 बार कीमोथेरेपी करानी पड़ी।

# फिनिशर की भूमिका निभाने को तैयार: कार्तिक

### ●टी-20 प्रारूप में कौशल निखारने के लिए कड़ी मेहनत में जुटा दिग्गज खिलाड़ी

**भाषा** । नई दिल्ली



**दिनेश** कार्तिक अपने मित्र और मार्गदर्शक अभिषेक नायर के मार्गदर्शन में मुंबई में जमकर पसीना बहा रहे हैं जिससे कि टी-20 प्रारूप में अपने फिनिशिंग कौशल को निखार सकें। कार्तिक ऐसा इंडियन प्रीमियर लीग की नीलामी करीब होने के कारण नहीं कर रहे।

भारत की ओर से आखिरी बार 2019 एकदिवसीय विश्व कप सेमीफाइनल में खेलने वाले 36 साल के कार्तिक तीन-चार साल और खेलना चाहते हैं और खेल के सबसे छोटे प्रारूप के लिए राष्ट्रीय टीम में वापसी को लेकर प्रतिबद्ध हैं। कार्तिक भारत के लिए खेलने को लेकर पहले की तरह प्रतिबद्ध हैं और साथ ही चाहते हैं कि उनके छह महीने के जुड़वां बेटे अगले कुछ वर्षों में उन्हें शीर्ष स्तर पर खेलता हुआ देखें। कार्तिक ने कहा कि टी-20 मेरे लिए शुरुआत की तरह होगा।

बेशक आईपीएल जैसे टूर्नामेंट में आपको दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के खिलाफ खेलने का मौका मिलता है और आपको अपना कौशल दिखाने का मौका मिलता है। मध्यक्रम के बल्लेबाज के रूप में मैं छाप छोड़ने का प्रयास कर सकता हूं। विश्व कप के बाद सीमित ओवरों के प्रारूप की टीम से बाहर होने से पहले कार्तिक ने टी-20 में फिनिशर की भूमिका में ठीक-ठाक प्रदर्शन किया था और इस दौरान 2018 निदाहस ट्रॉफी के फाइनल में आखिरी ओवर में उनकी शानदार बल्लेबाजी से भारत ने खिताब जीता था। भारत ने सीमित ओवरों के प्रारूप में मध्यक्रम में खिलाड़ियों को आजमाना जारी रखा है और ऐसे में कार्तिक को अपने लिए मौका नजर आ रहा है। शिखर धवन (36 बरस) के अलावा पाकिस्तान के शोएब मलिक (40) और हाल में संन्यास लेने वाले मोहम्मद हफीज (41) का उदाहरण देते हुए कार्तिक ने कहा कि टीम में चयन की पात्रता अब उम्र नहीं है।

यह अब फॉर्म, फिटनेस और अनुभव पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा कि निश्चित तौर पर आयु ऐसी चीज नहीं है जिसे भारतीय टीम में वापसी के दौरान देखा जाता है।

शिखर धवन दक्षिण अफ्रीका में एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में सबसे सफल बल्लेबाज रहे और हमारी उम्र समान है। कार्तिक का मानना है कि छोटे प्रारूप में उम्र के साथ खिलाड़ी बेहतर होता है।

उन्होंने कहा, लोग अपने शरीर को समझते हैं, वे कितना क्रिकेट खेल सकते हैं।

# मिस्र को हराकर सेनेगल ने अफ्रीकी कप जीता

### ●सेनेगल ने पिछली हार का बदला चुकाया

**एपी** । याओंडे (**कैमरून**)

**सादियो** माने ने आखिरकार सेनेगल को पहली बार अफ्रीकी कप चैम्पियन बनाया जबकि लिवरपूल के उनके साथी मोहम्मद सालाह मिस्र के लिए कोई कमाल नहीं कर सके। माने ने पेनल्टी शूटआउट में गोल दागकर मैच के निर्धारित समय के भीतर पेनल्टी चूकने का खामियाजा भर दिया।

सेनेगल ने शूटआउट में 4-2 गोल से जीत दर्ज की, जबकि निर्धारित समय तक मैच गोलरहित बराबरी पर था। सेनेगल इससे पहले दो बार अफ्रीकी कप आफ नेशंस फाइनल हार चुका है। तीन साल पहले मिस्र ने उसे हराया था तब माने बुरी तरह से मैदान पर रोने लगे थे। इस मैच को लिवरपूल के दो सितारों माने और सालाह के बीच मुकाबला माना जा रहा था।



अफ्रीकी कप के साथ सेनेगल टीम

## बार्सीलोना ने एटलेटिको मैड्रिड को हराया

**मैड्रिड**। बार्सीलोना ने स्पेनिश लीग में पांच मैचों में जीत दर्ज नहीं कर पाने का सिलसिला तोड़ते हुए एटलेटिको मैड्रिड को 4-2 गोलों से हरा दिया। अब बार्सीलोना चौथे स्थान पर पहुंच गया है और तीसरे दौर के बाद पहली बार चैम्पियंस लीग क्वालीफिकेशन की दौड़ में वापसी की है। बार्सीलोना ने दिसंबर 2019 के बाद पहली बार एटलेटिको को हराया है। रीयल मैड्रिड ने एक अन्य मैच में ग्रेनाडा को 1-0 से हराकर शीर्ष पर अपनी जगह मजबूत कर ली।

## सेमीफाइनल में अल हिलाल से भिड़ेगी चेल्सी

**अबुधाबी**। चैम्पियंस लीग विजेता चेल्सी क्लबों के फुटबॉल विश्व कप सेमीफाइनल में एशियाई चैम्पियन अल हिलाल से खेलेगी। सउदी अरब की अल हिलाल टीम ने यूएई चैम्पियन अल जजीरा को रविवार को 6-1 गोल से हराया।

## बायो-बबल उतना मुश्किल भी नहीं: झिंगन

**मुंबई**। खेल के शीर्ष सितारों ने अक्सर बायो-बबल में लंबे समय तक रहने के बारे में आशंका व्यक्त की है और भारतीय फुटबॉल खिलाड़ी संदेश झिंगन भी इस बात से सहमत हैं, लेकिन उनका मानना है कि यह शून्य से नीचे की तापमान में तैनात सैनिकों के जीवन से अधिक चुनौतीपूर्ण नहीं हैं। कोविड-19 के वैश्विक प्रसार के कारण दुनियाभर में खेल गतिविधियां रुक गई थी लेकिन तीन महीने के बाद बायो-बबल में खेल आयोजन फिर से शुरू हुए। झिंगन ने कहा कि ईमानदार से कहूं तो बायो-बबल उतना डरावना नहीं है, लेकिन यह कठिन है क्योंकि आप अपने कमरे में बंद रहते हैं। पिछले दो साल में यह अब मेरा चौथा या पांचवां बबल है।

## प्रो लीग हॉकी में भारत का सामना फ्रांस से

पोटचेफस्ट्रूम (**दक्षिण अफ्रीका**)। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता होने के कुछ अतिरिक्त दबाव के साथ भारत 2021-22 एफआईएच प्रो लीग हॉकी टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत मंगलवार को यहां फ्रांस के खिलाफ करेगा। फ्रांस से भिड़ने के बाद मनप्रीत सिंह की अगुआई वाली टीम बुधवार को दक्षिण अफ्रीका का सामना करेगी। यह टूर्नामेंट भारतीय टीम का इस साल पहला प्रतिस्पर्धी टूर्नामेंट होगा।

यह पूछने पर कि क्या ओलंपिक कांस्य पदक विजेता होने का खिलाड़ियों पर अतिरिक्त दबाव होगा, मुख्य कोच ग्राहम रीड ने कहा कि वास्तव में कहूं तो हां, इससे थोड़ा दबाव बनता है लेकिन मुझे नहीं लगता कि अच्छा प्रदर्शन करने को लेकर जो दबाव हम अपने ऊपर बनाते हैं यह उससे अधिक होता है। उन्होंने कहा कि जब भी कोई टीम ओलंपिक जैसी बड़ी प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करती है तो मुझे लगता है कि अन्य टीमें इस पर ध्यान देती हैं।

# यौन उत्पीड़न के आरोपों को पेंग शुआइ ने नकारा

### ●चीन की टेनिस स्टार शीतकालीन ओलंपिक में नजर आयीं

**एपी** । बीजिंग

**चीन** की टेनिस स्टार पेंग शुआइ ने सोमवार को एक नपा तुला इंटरव्यू दिया, जिसमें चीन की सत्तारूढ कम्युनिस्ट पार्टी के एक सदस्य के खिलाफ लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोपों के बाद दुनिया भर में उसकी कुशलक्षेम को लेकर जताई जा रही चिंता को उसने बड़ी गलतफहमी का नतीजा बताया।

चीन की ओलंपिक समिति के एक अधिकारी के सामने लिए गए इस इंटरव्यू में जवाब पर फिर से सवाल करने की अनुमति नहीं थी। पेंग ने कई सवालों के जवाब नहीं दिए। फ्रांस के एक खेल अखबार में सोमवार को इंटरव्यू प्रकाशित हुआ है। इसमें हालांकि यौन उत्पीड़न के शुरूआती आरोपों और चीन की सरकार द्वारा किसी तरह का दबाव बनाए जाने जैसे कई अहम सवालों का जवाब नहीं मिला। अखबार ने कहा कि उसने एक दिन पहले बीजिंग के एक होटल में पेंग से एक घंटे तक बात की। चीन की ओलंपिक समिति ने यह इंटरव्यू लेने में मदद की।

इससे पहले अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने एक बयान में कहा कि आईओसी अध्यक्ष थॉमस बाक ने शनिवार को पेंग के साथ डिनर किया और उसने आईओसी सदस्य क्रिस्टी कोवेंट्री के साथ चीन और नॉर्वे का कर्लिंग मैच देखा।

इससे एक दिन पहले चीन के राष्ट्रपति ने बीजिंग शीतकालीन ओलंपिक का उद्घाटन किया।

## टी-20 विश्व कप के टिकटों की बिक्री शुरू

**भाषा** । दुबई

**आस्ट्रेलिया** में 16 अक्टूबर से 13 नवंबर तक होने वाले टी-20 क्रिकेट विश्व कप के टिकटों की बिक्री शुरू हो गई है। टिकट टी-20वर्ल्डकप डॉट कॉम पर उपलब्ध हैं। इसमें फाइनल समेत 45 मैचों के टिकट खरीदे जा सकेंगे। आईसीसी ने एक बयान में कहा कि बच्चों के टिकट पहले दौर और सुपर 12 चरण के लिए पांच डॉलर के हैं जबकि वयस्कों के टिकट 20 डालर के हैं।

पहली बार आस्ट्रेलिया में पुरूषों का टी-20 विश्व कप खेला जा रहा है जिसके मैच एडीलेड, ब्रिसबेन, जीलोंग, होबार्ट, मेलबर्न, पर्थ और सिडनी में होंगे। आस्ट्रेलिया के सीमित ओवरों के कप्तान आरोन फिंच ने कहा कि आईसीसी टी-20 विश्व कप शानदार होगा। यह हमारे लिए सम्मान की बात है कि अपने दर्शकों के सामने खिताब बरकरार रखने का मौका मिल रहा है।